राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 नम्रता सेठ ने किया खुलासा, गर्मियों में...



तेलंगाना में मोदी बोले-तीसरे... 12

गाजियाबाद, गुरुवार 09 मई 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 11 अंक: 64, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## सैम पित्रोदा के बयान पर भड़के पीएम मोदी, बोले-देश की चमड़ी का किया अपमान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव के बीच एक बार फिर कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ गई हैं. इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रेसिडेंट सैम पित्रोदा के बयान ने कांग्रेस के लिए जीत की दूरी को और बढ़ाने का काम किया है. दरअसल उनके एक विवादित बयान ने फिर तूल पकड़ लिया है. सैम पित्रोदा के रंगभेद बयान को लेकर सियासत गर्मा गई है. खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सैम पित्रोदा के बयान के बाद तीखी प्रतिक्रिया दी है. पीएम मोदी ने तेलंगाना के वारंगल में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सैम पित्रोदा और कांग्रेस को आड़े हाथों लिया।

पीएम मोदी ने कहा कि सैम पित्रोदा के बयान ने मुझे गुस्से से भर दिया है. शहजादे (राहुल गांधी) के एक अंकल ने विदेश से देशवासियों को गाली दी है. कांग्रेस और उनके नेताओं की मानसिकता यही रही है. उन्होंने कहा कि संविधान सिर पर रखने वाले लोग देश की चमड़ी का अपमान कर रहे हैं। पीएम मोदी ने सैम पित्रोदा से सवालिया लहजे में कहा- क्या जिन लोगों की चमड़ी काली होती है वह सब अफ्रीकी होते हैं. सैम पित्रोदा ने देश के लोगों की चमड़ी के रंग के आधार पर उन्हें गाली दी है। जो बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि, शहजादे और उनके करीबी मुझ पर जितनी चाहे टिप्पणी कर लें, लेकिन देशवासियों के लिए एक शब्द भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. इस तरह देश के लोगों का अपमान किसी भी कीमत पर सहन नहीं करेंगे. पीएम मोदी ने कहा चमड़ी का रंग जो भी सभी लोग श्रीकृष्ण की पूजा करते हैं. शहजाते आपको सैम पित्रोदा के इस बयान पर जवाब देना होगा। सैम पित्रोदा ने अपने पोस्ट में भारत के लोगों को लेकर विवादित बात कह डाली।



उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत में रहने वाले लोग चीनी लोगों की तरह दिखते हैं, जबकि साउथ में रहने वाले लोग अफ्रीकी लोगों की तरह दिखते हैं. इसके बाद भी हम सब एक हैं। सैम पित्रोदा के इसी बयान पर बीजेपी हमलावर है. बीजेपी नेताओं ने एक के बाद एक कांग्रेस को घेरने का काम किया।

## प्रधानमंत्री का जाना तय है, देश की जनता तानाशाही सरकार को हटाना चाह रही : तेजस्वी यादव


**पटना** । पीएम नरेंद्र मोदी के बयान पर बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री व RJD नेता तेजस्वी यादव ने कहा, "प्रधानमंत्री जान रहे हैं कि इस बार उनका जाना तय है और इस बार बिहार और पूरे देश की जनता तानाशाही सरकार को हटाना चाह रही है। तीसरे चरण के चुनाव में हमारी स्थिति बहुत अच्छी है...हमें पूर्णविश्वास है कि 4 जून को INDIA गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। दरअसल महाराष्ट्र के अहमदनगर में एक जनसभा में पीएम मोदी ने कहा था की तीसरे चरण के मतदान ने यह साबित कर दिया है कि 4 जून को कठउक्क अघाड़ी की एक्सपायरी डेट तय हो गई है... चुनाव के पहले यह जो भानुमति का कुनबा जुड़ा था वह 4 जून को रेत के टीले की तरह बिखरने वाला है। इस बार का चुनाव संतुष्टिकरण और तुष्टीकरण के बीच हो रहा है।



## न्यूज डायरी

### भगवान केदारनाथ की चल विग्रह पंचमुखी डोली अपने तीसरे पड़ाव के लिए हुई फाटा से रवाना

**गौरीकुंड फाटा।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा 2024 शुरू होने में सिर्फ दो दिन बचे हैं। 10 मई को सुबह 7 बजे अक्षय तृतीया पर सबसे पहले केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। बुधवार सुबह बाबा की पंचमुखी डोली ने अपने तीसरे पड़ाव की ओर प्रस्थान किया। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली ने 8 मई बुधवार को प्रातः 8.45 बजे फाटा से तीसरे पड़ाव गौरामाई मंदिर गौरीकुंड के लिए प्रस्थान किया। फाटा से प्रस्थान होते समय जगह-जगह श्रद्दालु तथा स्कूली बच्चों ने बाबा केदार का जय घोष कर पुष्प वर्षा की। आपको बता दें कि भगवान केदारनाथ की चल विग्रह उत्सव पंचमुखी मूर्ति की देवडोली को श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के स्वयंसेवक एवं हक-हकूकधारी नंगे पैर पैदल चलकर शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से श्री केदारनाथ धाम तक पहुंचाते हैं। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि सैकड़ों देश-विदेश के श्रद्धालु भी डोली यात्रा के साथ केदारनाथ जा रहे हैं। पंचमुखी डोली के गौरीकुंड प्रस्थान के समय विष्णु प्रसाद कुर्मांचली, केदारनाथ धाम के पुजारी शिवशंकर लिंग, कार्याधिकारी आरसी तिवारी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डीएस भुजवाण एवं यदुवीर पुष्पवान, डोली प्रभारी प्रदीप सेमवाल, संजय तिवारी, भरत कुर्मांचली, कुलदीप धर्माण, आलोक बजवाल, संजय कुकरेती सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इससे पहले मंगलवार को भगवान केदारनाथ की चल विग्रह पंचमुखी डोली अपने दूसरे पड़ाव फाटा पर पहुंची थी, जहां डोली ने रात्रि विश्राम किया। साथ ही जब डोली गुप्तकाशी से फाटा के लिए निकली तो डोली का जगह जगह पुष्प वर्षा कर बैंड बाजे के साथ श्रद्धालुओं ने जोरदार स्वागत किया था।




### भारतीयों को नौकरी का झांसा देकर रूस-यूक्रेन युद्ध में धकेल रहे थे तस्कर, CBI ने 4 को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली** । केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने रूस-यूक्रेन युद्ध में अवैध तरीके से युवाओं को भेजने के मामले में 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी ने मार्च में कुल कंसल्टेंसी और उनके मालिकों समेत कुछ लोगों पर मामला दर्ज किया। इसके बाद सात राज्यों में छापेमारी भी की। एजेंसी ने इस मामले में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और मानव तस्करी से संबंधित भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। दरअसल, रूस के कुछ इलाकों से कुछ वीडियो सामने आए थे, जिसमें कंसल्टेंसी के कुछ लोग भारतीयों को नौकरी के नाम पर रूस बुला रहे थे। ये लोग युवाओं को बुलाते तो नौकरी के नाम पर थे, लेकिन वहां पहुंचने पर वॉर जोन में धकेल देते थे। जैसी ही मामला संज्ञान में आया सीबीआई ने जांच शुरू की और अब पहली गिरफ्तारी की है। बताया जा रहा है कि सीबीआई ने आरोपियों को केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम से गिरफ्तार किया है। हालांकि, गिरफ्तार किए गए आरोपियों की अभी तक पहचान उजागर नहीं की गई है। माना जा रहा है कि सीबीआई जल्द ही इस मामले में कुछ और लोगों को गिरफ्तार कर सकती है। देश में फैली कई वीजा परामर्श कंपनियां, उनके मालिक और एजेंट सीबीआई के रडार पर हैं। जानकारी के मुताबिक, ये लोग सोशल मीडिया और स्थानीय संपर्कों और एजेंटों के जरिए युवाओं तक पहुंचते थे और फिर उन्हें हाई सैलरी की लालच और नौकरियों के झूठे वादे कर रूस ले जाते थे। सीबीआई को ऐसे 35 उदाहरण मिले हैं जिनमें सोशल मीडिया चैनलों और स्थानीय संपर्कों और एजेंटों के माध्यम से उच्च वेतन वाली नौकरियों के झूठे वादे का लालच देकर युवाओं को रूस ले जाया गया था।




## बसपा के बदलाव पर अखिलेश का तंज

**लखनऊ** । समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को बसपा के फेरबदल पर तंज किया है। उन्होंने कहा, इस चुनाव में बसपा की एक भी सीट आती हुई नहीं दिख रही है। इस कारण इतना बड़ा बदलाव किया है। बाजी बसपा के हाथ से निकल चुकी है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि बसपा ने अपने संगठन में बड़े बदलाव का जो भी कदम उठाया है, वो उनकी पार्टी का आंतरिक विषय है। दरअसल इसके पीछे असली कारण ये है कि बसपा की एक भी सीट आती हुई नहीं दिख रही है क्योंकि बसपा के अधिकांश परंपरागत समर्थक भी इस बार संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन को ही वोट दे रहे हैं। इस बात को बसपा अपने संगठन की विफलता के रूप में ले रही है। इसलिए उनका शीर्ष नेतृत्व संगठन में इतना बड़ा फेर-बदल कर रहा है लेकिन अब बाजी बसपा के हाथ से निकल चुकी है। उन्होंने लिखा कि सच तो ये है कि जब बसपा का प्रभाव क्षेत्र होते हुए भी पिछले तीन चरणों में उनकी एक भी सीट नहीं आ रही है तो फिर बाकी के चार चरणों में भी कोई संभावना बचती नहीं है। ऐसे में हम सभी वोटरों से अपील करते हैं कि आप अपना वोट खराब न करें और जो बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर के संविधान को बचाने के लिए सामने से लड़ रहे हैं, इंडिया गठबंधन के उन प्रत्याशियों को वोट देकर जिताएं और संविधान के संग, आरक्षण भी बचाएं। इसीलिए आग्रह है कि संविधान, आरक्षण और अपना मान-सम्मान बचाना है तो अपना वोट सपा को दें या जहां इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी हो, वहां डालकर संविधान और आरक्षण विरोधी भाजपा को हराएं। ज्ञात हो कि बसपा सुप्रीमो ने मंगलवार को एक्स पर बयान जारी कर उनको नेशनल कोऑर्डिनेटर के पद और अपने उत्तराधिकारी की जिम्मेदारी से हटाने का ऐलान किया। हालांकि उन्होंने आकाश आनंद के पिता और अपने भाई आनंद कुमार को पार्टी के हित में पहले की तरह अपनी जिम्मेदारी निभाते रहने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि बसपा का नेतृत्व पार्टी व मूवमेंट के हित में एवं डॉ. आंबेडकर के कारवां को आगे बढ़ाने में हर प्रकार का त्याग व कुबार्नी देने से पीछे हटने वाला नहीं है।

**बोले इस बार इनकी एक भी सीट नहीं आ रही**



## दर्दनाक हादसा: बारिश और आंधी से निर्माणाधीन अपार्टमेंट की दीवार ढही, चार वर्षीय बच्चे समेत सात लोगों की मौत

**हैदराबाद** । हैदराबाद में मंगलवार शाम बारिश और आंधी के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। बारिश और आंधी के कारण कई जगहों पर सड़कों पर जलभराव हो गया, वहीं पेड़ भी उखड़ गए। इस बीच बुधवार को बाचुपल्ली इलाके में भारी बारिश के कारण एक निमार्णाधीन अपार्टमेंट की दीवार गिर गई। इस हादसे में चार साल के बच्चे सहित सात लोगों की मौत हो गई। घटना मंगलवार शाम की है और मृतक प्रवासी श्रमिक थे जो ओडिशा और छत्तीसगढ़ के निवासी थे। बचुपल्ली पुलिस के अनुसार, उनके शव बुधवार तड़के एक उत्खननकर्ता की मदद से मलबे के नीचे से बरामद किए गए। मंगलवार को हैदराबाद और तेलंगाना के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई, जिससे कुछ हिस्सों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के अधिकारियों ने कहा कि डीआरएफ (आपदा राहत बल) की टीमें तैनात की गई हैं और शहर में विभिन्न स्थानों पर जमा पानी और गिरे हुए पेड़ों को हटा रही हैं। प्रमुख सचिव (नगरपालिका प्रशासन और शहरी विकास) दानकिशोर ने जीएचएमसी आयुक्त रोनाल्ड रोज के साथ शहर के विभिन्न जलभराव वाले क्षेत्रों का दौरा किया और जमीन पर डीआरएफ टीमों को निर्देश दिए। तेलंगाना राज्य विकास योजना सोसायटी के अनुसार, ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) के मुख्य कार्यालय में मंगलवार को सुबह 8.30 बजे से शाम 6 बजे के दौरान सबसे अधिक 84.5 मिमी बारिश हुई। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने वारंगल में स्थिति की समीक्षा की। बता दें कि यहां वह लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सड़कों पर पानी निकालने और बिजली आपूर्ति फिर से शुरू करने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया।




## गुजरात के सौराष्ट्र में भूकंप के झटके, घरों से निकले लोग

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** गुजरात के सौराष्ट्र में तलाला से 12 किमी दूर उत्तरपूर्व में 3.4 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए. गुजरात राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि इसकी तीव्रता काफी कम थी. इस दौरान लोग घरों से बाहर आ गए. यह झटके कुछ देर के लिए आए थे।

फिलहाल किसी तरह के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है. पिछले साल गुजरात के कच्छ में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे. रिक्टर पैमाने पर इस भूकंप की तीव्रता 3.9 मापी गई थी. इस भूकंप में किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ था। गुजरात में सबसे बड़ा भूकंप 2001 में आया था. इस भूकंप में हजारों लोगों की जान चली गई थी. यह भूकंप भुज में आया था. 26 जनवरी 2001 के दिन भारत 51 वां गणतंत्र दिवस मना रहा था. सुबह 08:46 बजे ये भूकंप दो मिनट के लिए आया था।

इसका केंद्र भारत के गुजरात के कच्छ जिले के भचाऊ तालुका में चबारी गांव के करीब 9 किमी दक्षिण-दक्षिणपश्चिम में था. इसकी तीव्रता 7.7 दर्ज की गई थी।

इस भूकंप में 20,023 लोगों की मौत हो गई. वहीं 167,000 लोग घायल हो गए. वहीं करीब 400,000 से अधिक घर नष्ट हो गए।

## सिक लीव पर गए एअर इंडिया एक्सप्रेस के कर्मचारी, 70 से ज्यादा फ्लाइट कैंसल

**नई दिल्ली** । पायलट की कमी कारण कई एयरलाइंस कंपनियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं एअर इंडिया एक्सप्रेस क्रू मेंबर्स का एक सिक लीव पर चले जाने पर बखेड़ा खड़ा हो गया। एअर इंडिया एक्सप्रेस के कर्मचारियों की इस हरकत की वजह से मंगलवार रात से बुधवार सुबह तक 70 से ज्यादा डॉमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट कैंसल हो गई। एएनआई के ट्वीट के अनुसार सिविल एविएशन अथॉरिटीज इस मसले पर नजर बनाए हुए है। कई पैसेंजर्स काफी परेशान हुए हैं। उन्होंने एयर कैरियर के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स का सहारा लिया है। पिछले महीने एअर इंडिया एक्सप्रेस के कर्मचारियों ने कुप्रबंधन का आरोप लगाया था और कहा था कि कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए कहा कि एयरलाइन के केबिन क्रू के एक ग्रुप ने कल रात अंतिम समय में बीमार होने की सूचना दी है, जिसकी वजह से उड़ान में देरी होने के साथ फ्लाइट कैंसल करनी पड़ी हैं, जबकि हम इन घटनाओं के पीछे के कारणों को समझने के लिए क्रू के साथ बातचीत कर रहे हैं। एयरलाइन टीमें सक्रिय रूप से इस इश्यू को देख रही है और समस्या को हल करने का प्रयास कर रही है।

प्रवक्ता ने कहा कि क्रू मेंबर्स के अचानक से बीमार होने की खबर से जो असुविधा पैसेंजर्स को हुई है उसके लिए एयरलाइन माफी मांगती है। प्रवक्ता ने कहा कि फ्लाइट कैंसिलेशन से प्रभावित पैसेंजर्स को पूरा पैसा वापस किया जाएगा। या फिर किसी दूसरी डेट पर फ्लाइट फिक्स कर दी जाएगी। प्रवक्ता ने कहा कि आज पैसेंजर एयरपोर्ट आने से पहले चेक कर लें कि कहीं उनकी फ्लाइट हो कैंसल नहीं हुई है।




**आरसीसी साइबर हमला** | **क्रिप्टोकरेंसी में मांगी फिरौती**

## 20 लाख मरीजों का डेटा चोरी

**तिरुवनंतपुरम** । भारत में साइबर हमलों की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक के तहत यहां क्षेत्रीय कैंसर केंद्र (आरसीसी) के 20 लाख रोगियों के विवरण से छेड़छाड़ की गई, जिससे 14 में से 11 सर्वर प्रभावित हुए और विकिरण विभाग सहित कई प्रभागों में व्यवधान उत्पन्न हुआ। सूत्रों ने बताया कि हमले ने 20 लाख से अधिक मरीजों की स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारियां जुरायी गयी और क्रिप्टोकरेंसी में फिरौती की मांग की। कथित तौर पर कोरियाई-आधारित साइबर अपराधियों ने आरसीसी के डेटा स्रोत में सफलतापूर्वक घुसपैठ की और 80 लाख से अधिक मरीजों की संवेदनशील जानकारियां निकालीं और 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर की फिरौतीफिरौती की मांग की। सूत्रों ने कहा, तिरुवनंतपुरम में आरसीसी के विकिरण विभाग पर साइबर हमला 30 अप्रैल, 2024 को हुआ था। यह एक राज्य के स्वामित्व वाला प्रीमियम कैंसर देखभाल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र है, जो पूरे भारत के रोगियों की सेवा करता है। हमले ने विकिरण उपचार के लिए उपयोग किए जाने वाले सॉफ़्टवेयर को लक्षित किया। मरीजों को विकिरण देने वाला सॉफ्टवेयर हैक कर लिया गया था। हमले के लिए जिम्मेदार समूह को डाइक्सिन टीम के नाम से जाना जाता है। सूत्रों के अनुसार 20 लाख से अधिक लोगों की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी संग्रहीत करने वाले दो प्रमुख सर्वरों हैक किया गया था। लाखों मरीजों के सर्जिकल, रेडिएशन और पैथोलॉजी परिणाम वाले सर्वर पर हमला किया गया था। हमले ने मरीजों के इलाज और अनुवर्ती जांच को नुकसान पहुंचाया। मरीजों को गलत विकिरण खुराक मिल सकती थी, जिससे जीवन के लिए खतरा पैदा हो सकता था। हैकर्स ने जिम्मेदारी ली और विदेश से एक ईमेल भेजा। उन्होंने अरबों रुपये की क्रिप्टोकरेंसी की मांग की। हमले के बाद से विकिरण उपचार रोक दिया गया है और आने वाले दिनों में फिर से शुरू होने की उम्मीद है। हमले ने संवेदनशील रोगी डेटा को खतरे में डाल दिया, जिसमें नाम, उम्र, पते, फोन नंबर और चिकित्सा इतिहास जैसी व्यक्तिगत साख शामिल हैं। मामले की जांच कर रही साइबर पुलिस और कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी-के) के मुताबिक, चीनी और उत्तर कोरियाई हैकर्स की भूमिका संदिग्ध है। उल्लेखनीय है कि 2022 में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पर भी ऐसा ही साइबर हमला हुआ था, जिसमें प्रमुख व्यक्तियों की स्वास्थ्य जानकारियां चुरायी गयी थीं। आरसीसी ने प्रवेश स्तर के यूटीएम के साथ केवल परिधि सुरक्षा लागू की है और डीआईडी रणनीति के साथ कोई स्तरित सुरक्षा नहीं है। समझा जाता है कि आरसीसी के पास कोई अनुमोदित साइबर सुरक्षा नीति भी नहीं है। कई साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों ने इन सुरक्षा खामियों के प्रति आगाह किया, लेकिन आरसीसी ने उन्हें नजरअंदाज कर दिया। इस बीच, केंद्रीय एजेंसियों से जांच की मांग करते हुए, साइबर विशेषज्ञों का कहना है कि आरसीसी के निदेशक की जिम्मेदारी साइबर हमले के संबंध में मरीजों और हितधारकों के साथ संवाद करने की है, खासकर जब इसमें 20 लाख मरीजों के डेटा की चोरी जैसे महत्वपूर्ण डेटा उल्लंघन शामिल हो।



## ईवीएम में छेड़छाड़ के लिए मांगे 2.5 करोड़ रुपये, पुलिस ने सेना के जवान को किया अरेस्ट

**मुंबई।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर शहर में पुलिस ने ईवीएम में छेड़छाड़ करने के लिए शिवसेना (UBT) नेता अंबादास दानवे से 2.5 करोड़ रुपये मांगने के आरोप में सेना के एक जवान को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य विधान परिषद में विपक्ष के नेता दानवे ने पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज करायी थी कि आरोपी मारुती धाकने ने एक चिप के जरिए ईवीएम में छेड़छाड़ करने का दावा करके उनसे कथित तौर पर पैसे मांगे थे। दानवे ने अपनी शिकायत में कहा कि आरोपी ने दावा किया था कि इस चिप से किसी खास उम्मीदवार को अधिक वोट पाने में मदद मिल सकती है। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार शाम करीब 4 बजे आरोपी ने यहां एक बस स्टैंड के पास एक होटल में शिवसेना (UBT) के नेता अंबादास के छोटे भाई राजेंद्र दानवे से मुलाकात की। अधिकारी ने बताया कि जवान ने उनसे 2.5 करोड़ रुपये मांगे और बातचीत के बाद 1.5 करोड़ रुपये में सौदा तय हुआ। अंबादास दानवे द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर सादे कपड़ों में पुलिस की एक टीम को भेजा गया और आरोपी को राजेंद्र दानवे से एक लाख रुपये लेते वक्त रंगे हाथ पकड़ लिया गया। पुलिस आयुक्त मनोज लोहिया ने बताया, ह्यआरोपी पर काफी कर्ज है। उसने अपना कर्ज उतारने के लिए यह चाल चली। वह एश्ट के बारे में कुछ नहीं जानता। हमने उसे गिरफ्तार कर लिया है और क्रांति चौक पुलिस थाने में एक मामला दर्ज किया गया है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ IPC की धारा 420 और 511 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में पाथर्डी का रहने वाला है और वह जम्मू कश्मीर के उधमपुर में तैनात था।



# हवलदार गजराज सिंह की प्रतिमा का हुआ अनावरण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पहासु।** क्षेत्र के गांव मीरपुर(जरारा) में फौजी गजराज सिंह की प्रतिमा का अनावरण हुआ। इस मौके पर देश भक्ति के गीत गाये गए तथा भंडारे का आयोजन किया गया।एयर डिफेन्स रेजिमेंट अम्बाला से सेवानिवृत्त हवलदार गजराज सिंह राघव की आठ वर्ष पूर्व मार्ग दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उनका छोटा बेटा भी फौजी है।



पैतृक गांव मीरपुर(जरारा) में परिजनों ने विधि विधान से उनकी मूर्ति स्थापित की।स्थापना कार्यक्रम में कई गांव के लोग तथा रिश्तेदार मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर राजवीर सिंह,बंटर सिंह, पीतम सिंह, राजकुमारी (पत्नी) प्रहलाद सिंह,हरवीर सिंह पराग,पुनीत, पवन केशव प्रेमपाल आदि मौजूद रहे।

# नगर में चोरों का बोलबाला,बंद मकान में 20 लाख की चोरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

गुलावठी। कोतवाली क्षेत्र में चोरों का आतंक चरम पर है। क्षेत्र के लोगों को सुरक्षा देकर भय मुक्त रखना और चोरों के आतंक से

- **जेवर और नगदी समेत कीमती सामान ले गए चोर, पीड़ित ने दी तहरीर**
- **फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, क्षेत्र में चोरों का आतंक, पुलिस फेल**

निपटना पुलिस के लिए सिर दर्द बना हुआ है। चोरों के बोल-बाले के सामने पुलिस तंत्र फेल नजर आ रहा है। बुधवार को गुलावठी नगर में चोरों ने एक व्यापारी के बंद मकान को निशाना बनाया और लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। पुलिस की गस्त कम होने का फायदा उठाकर अज्ञात चोर बड़ी ही आसानी से घर में रखे करीब 20 लाख रुपए के सोने और चाँदी के जेवर और 50 हजार रुपए की नगदी चोरी कर ले गए। पुलिस को भनक तक नहीं लगीं। जानकारी के मुताबिक गुलावठी के मोहल्ला रामनगर निवासी रमेश चंद सैनी अपने घर पर ताला लगाकर परिवार सहित बालाजी मंदिर के दर्शन करने राजस्थान गए हुए थे। मंगलवार-बुद्धवार की मध्य रात्रि चोर घर के पीछे से मकान की छत के रास्ते घर में दाखिल हो गए और जेवर, नगदी और कीमती सामान चोरी कर आसानी से फरार हो गए। पड़ोसियों ने मकान का दरवाजा खुला देखा तो घटना का पता चला। पीड़ित



नरेश चंद सैनी ने बताया उन्हें पड़ोसियों ने फोन पर घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पीड़ित ने पुलिस से चोरों का पता लगाकर माल बरामद करने की मांग की है। एक के बाद एक ताबड़तोड़ हो रही चोरी की वारदातों से क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल है और रोष पनप रहा है। नगर के लोगों ने पुलिस से गस्त बढ़ाने की मांग है। थाना प्रभारी निरीक्षक यशपाल सिंह का कहना है कि सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की है। जल्द ही चोरों को पकड़ घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# नगर मे देर रात्रि तक खुली दुकाने तो होगी कार्रवाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** नगर में देर रात तक अधिकाशं कन्फैशनरी की दुकाने खुली रहती है। प्रशासन का कहना है कि नगर में देर रात दुकान खुली पाई गई तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

नगर के मैन बाजार में आधी रात तक कन्फेक्शनरी की दुकान खुलती है। जबकि नगर का बाजार दस बजे तक बंद हो जाता है। लेकिन नगर की कुछ कन्फेक्शनरी की दुकान आधी रात तक खुलती हैं ।

देर रात ओवर रेट सामान बेचकर ग्राहकों को गुमराह किया जाता है ।सीओ शोभित कुमार ने बताया कि नगर में सभी दुकानें दस बजे तक बंद होनी चाहिए । अगर कोई दुकानदार दस बजे के बाद दुकान खुली मिलती है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी ।

# इलाज के लिए तड़पता रहा मासूम,अपंजीकृत क्लीनिक के चिकित्सक का नहीं पसीजा दिल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद (कासिम अहमद)।** परिजन अपने मासूम बच्चे के इलाज के लिए अपंजीकृत क्लीनिक के डॉक्टर के सामने गिड़गिड़ाते रहे लेकिन डॉक्टर का दिल नहीं पसीजा। मामाला औरंगाबाद का है जहां एक मासूम बच्चे के परिजनों ने अपंजीकृत क्लीनिक के डॉक्टर पर इलाज ने करने का आरोप लगाकर मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर और सीएमओ से मिलकर शिकायत की है। सीएमओ ने मामले की जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। औरंगाबाद थाना क्षेत्र के गाँव ख्वाजपुर निवासी मुकेश कुमार ने शिकायती पत्र में बताया है कि 5 मई की देर शाम 9 बजे उसके 10 माह के पुत्र रितिक की अचानक तबीयत खराब होने पर औरंगाबाद के पवसरा रोड स्थित अपंजीकृत आकाश क्लीनिक पर इलाज हेतु लेकर गया। जहां पर क्लीनिक संचालक डॉक्टर अरविंद

**आहत परिजनों ने मुख्यमंत्री और सीएमओ से की शिकायत**

कुमार नस्कर ने करीब दो घंटे तक अपने यहां रोके रखा। और दो घंटे के बाद बिना उपचार किए ही ये कहकर बुलंदशहर भेज दिया कि हम इसका इलाज नहीं का सकेंगे। प्रार्थी ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस के सामने भी उक्त चिकित्सक ने मासूम बच्चे का इलाज करने से साफ इनकार कर दिया। बाद में परिजनों ने बुलंदशहर के मात्र छाया अस्पताल में मासूम रितिक को भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने मासूम रितिक को करीब 2 घंटे की लापरवाही के कारण इन्फेक्शन बढ़ा हुआ बताया। और मासूम की गंभीर हालत देखते हुए आईसीयू में भर्ती किया। मासूम के पिता मुकेश कुमार ने आरोप लगाया है कि मेरे मासूम बच्चे की जो हालत बिगड़ी है इसका जिम्मेदार अपंजीकृत आकाश क्लीनिक के संचालक डॉक्टर अरविंद कुमार नस्कर है। उधर क्लीनिक संचालक डॉक्टर अरविंद कुमार नस्कर ने सभी आरोप निराधार और बेबुनियाद बताएं हैं। उधर सीएमओ ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

**इन्होंने कहा**

मामले की जांच कराई जा रही है। जाँच बाद कार्यवाही की जाएगी।

**- विनय कुमार, सीएमओ**

# ककोड़ के विद्यालय केशव माधव में रेडक्रॉस दिवस का कार्यक्रम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ककोड़।** केशव माधव सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककोड में विश्व रेडक्रॉस दिवस के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार मिश्र एवं मुख्य वक्ता आचार्य श्यामसुंदर रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन आचार्या बहन ममता शर्मा जी ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के भैया एवं बहनों ने विश्व रेड क्रॉस दिवस को मनाए जाने संबंधी कारण एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

मुख्य वक्ता आचार्य श्यामसुंदर ने बताया कि विश्व रेडक्रास दिवस



प्रतिवर्ष 8 मई को मनाया जाता है। यह दिवस रेडक्रॉस के संस्थापक और शान्ति के लिए पहले नोबल पुरस्कार विजेता जीन हेनरी ड्यूनैंट के जन्म दिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि रेडक्रॉस सोसाइटी मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, शैक्षिक सेवा, एकता एवं सार्वभौमिकता के सिद्धांत पर कार्य करती है।

विद्यालय के अध्यक्ष अशोक गुप्ता, प्रबंधक जगदीश प्रसाद ढौड़ियाल, कोषाध्यक्ष दिनेश सिंघल ने सभी को मानव कल्याण हेतु परोपकार के कार्य करने का संदेश दिया। आज के इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु, आचार्या बहने एवं समस्त भैया बहन उपस्थित रहे।

# पशु काट रहे हैं परिवार के तीन लोग पुलिस को देख हुए फरार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** नगर के मोहल्ला लाल दरवाजा स्थित अपने घेर में पशु काट रहे एक परिवार के तीन लोग पुलिस को देख फरार हो गए। पुलिस ने फरार हुए तीनों आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम में कार्रवाई करते हुए नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश चतुर्वेदी ने पत्रकारों को बताया कि एसआई शुभम चौधरी की टीम ने पशु कटान की एक सूचना पर लाल दरवाजा मोहल्ला में एक घेर में छापेमारी की। पुलिस को देख भैंस काट रहे मोहल्ले के पप्पू पुत्र शब्बीर उसका भाई आबिद और पुत्र असमद छत पर चढ़कर भाग गए। पुलिस ने मौके से गर्दन कटी भैंस, पशु के अवशेष, काटने के उपकरण कुल्हाड़ी और छुरी आदि सामान बरामद किया है।

पुलिस ने पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर धनपाल सिंह सहगल को बुलाकर मास के नमूने लिए और अवशेष को अनूपशहर रोड स्थित पहाड़पुर हवेली गांव के पास गडढा खुदवा कर जमीन में डबवा दिया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश चतुर्वेदी ने बताया कि फरार हुए दोनों भाइयों और भतीजे को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# इनसे सीखें: नदी में डूबे गोवंश की बचाई जान, रात के अँधेरे में किया गोवंश का रेस्क्यू

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी।** रात के अंधेरे में निराश्रित गौवंश काली नदी में पहुंच गया जो किसी तरह फिसलकर नदी की बीच धार में डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही रात में ही क्षेत्र के गांव खुशहालपुर के कई दर्जन युवा

**सूचना पर पहुंची पुलिस की पीआरबी 2091 पर तैनात पुलिसकर्मियों ने की मदद**

गौरक्षक रात में रस्सी, टॉर्च और आवश्यक इंतजामत के साथ मौके पर पहुंचे और घंटे के प्रयास के बाद गौवंश का रेस्क्यू कर उसे जिंदा बचा लिया। गुलावठी थाना क्षेत्र के गांव सैंठा में एक निराश्रित गौवंश किसी तरह काली नदी में डूब गया। इंसानियत का फर्ज अदा करते हुए निकटवर्ती गांव खुशहालपुर के हिंदूवादी



युवा रात में ही मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। गौ रक्षकों ने घंटों की कड़ी मशक्कत कर गोवंश को बाहर निकाल लिया। गौवंश को बचाने वाले युवकों के जज्बे और उनके द्वारा किये गए इंसानियत के कार्य को लोगों ने खूब सराहा और प्रशंसा की। सूचना पर पहुंचे पीआरबी 2091 पर तैनात पुलिसकर्मी अनुज ने बताया गौवंश गहरे पानी में अधिक समय तक रहने के कारण अस्वस्थ्य हालात में था। बाहर निकालकर स्थानीय लोगों की मदद से उपचार देकर उसे छोड़ दिया था। अगले दिन तक गोरक्षकों ने इसकी मॉनीटरिंग की। जानकारी करने पर गौवंश पूर्ण स्वस्थ्य हो चुका था।

# फोन पर उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी दी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पहासू ।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पड़ोसी पर फोन से गलत तरीके से उत्पीड़न करने तथा बात न मानने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी महिला का कहना है कि उसकी शादी पांच वर्ष पूर्व हुई थी,लेकिन पति से उसका तलाक हो चुका है। दो वर्ष पूर्व उसके पिता की भी मौत हो चुकी है। वह अपनी मां के साथ ही रह रही है। गांव निवासी युवक 6 महीने से फोन पर प्यार का नाटक कर रहा है। युवक को मेरी माँ ने काफी समझाने की कोशिश की,लेकिन उनको भी जान से मारने की धमकी देता है। युवक की हरकतों से पीड़िता का घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है। तहरीर के आधार पर गांव टक्कर की नागलिया निवासी बच्चू पुत्र देवराज सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# नवग्रह शनिदेव मंदिर पावन धाम पर श्रद्धालुओं द्वारा मनाया गया अखण्ड रामायण के साथ शनिदेव जन्मोत्सव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सिकंदराबाद। (सैय्यद मजहर)** भगवान शनिदेव जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नगर की एसडीएम कालोनी स्थित नवग्रह शनिदेव मंदिर पर सभी कालोनी बासियों ने मंगलबार को

सर्व प्रथम अखंड रामायण पाठ किया। बुधवार को अखंड रामायण के समापन पर हबन करके भंडारे का आयोजन किया। सभी कार्यक्रम मंदिर महंत ज्योतिषाचार्य कथा व्यास आचार्य पंडित आशीष उपाध्याय की देख रेख में सम्पन्न हुए। शनिदेव के जन्मोत्सव पर कालोनी की महिलाओ ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर पूरन सोलंकी, संजीव शर्मा, रामेश्वर ठाकुर, संजय शर्मा, प्रवीण, परमेश शर्मा, लबतेश शर्मा, नितिन एडवोकेट, अनिल ठाकुर, भोला जाट, राजू सैनी, मनीष शर्मा, विशाल, अंशुल, शिवम चौधरी, नितिन यादव, गीता पंडित, वीरवती, खुशी, सगुन, पिंकी, राधा आदि मौजूद रहे। प्रसाद व्यवस्था में आलोक, प्रयाशु व शिवम का विशेष सहयोग रहा।



# विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर ।** रेड क्रॉस के संस्थापक दिवस 8 मई के उपलक्ष में जिला रेड क्रॉस सोसाइटी बुलंदशहर की ओर से एक स्वास्थ्य परीक्षण केंप कुष्ठ आश्रम वालीपुर बुलंदशहर में आयोजित किया गया जिसमें सभी रोगियों को शुगर बीपी वजन की जांच की गई एवं दवाइयों का वितरण किया गया जिसमें डॉक्टर बसंत जिला कुष्ठ अधिकारी /अवैतनिक सचिव, अजय कुमार वर्मा कोषाध्यक्ष जिला रेड क्रॉस सोसाइटी बुलंदशहर, आदित्य शर्मा, डॉ रामानुज शर्मा, अजय शर्मा, मनोज गुप्ता, अमित कुमार, आदि उपस्थित रहे ।

इसी क्रम में रक्तदान शिविर जिला अस्पताल बुलंदशहर एवं एक गोष्ठी विश्व रेडक्रॉस दिवस पर सीएमओ डॉक्टर विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई जिसमें डॉक्टर बसंत डॉक्टर आदर्श देव शर्मा कोषाध्यक्ष अजय कुमार वर्मा आदि अनेक लोगों ने भाग लेकर मानवता की सेवा करने की शपथ ली।

इस अवसर पर सीएमओ डॉक्टर विनय कुमार जी ने अपने विचार रखते हुए बताया कि मानवता की सेवा करना ही रेड क्रॉस सोसाइटी का मुख्य कर्तव्य है आज रेड क्रॉस सोसाइटी दिवस पर पूरे विश्व भर में मनाया जा रहा है।

कोषाध्यक्ष अजय कुमार वर्मा ने बताया कि पूरे विश्व भर में मानवता की भलाई का काम कर रहा है रेड क्रॉस सोसाइटी नर सेवा नारायण सेवा ही हर मनुष्य का कर्तव्य है आज रेड क्रॉस सोसाइटी दिवस पर हमें यह प्रण लेना चाहिए कि मानवता की सेवा के लिए हम कार्य करते रहे। जिला कुष्ठ अधिकारी अवैतनिक सचिव डॉ बसंत ने बताया कि रेड क्रॉस सोसाइटी मानवता की भलाई के लिए हर समय कार्य करती है चाहे वह रक्तदान हो स्वास्थ्य परीक्षण कैंप दवा वितरण आदि कार्यों से मानवता की भलाई के लिए सेवा भाव से काम करते रहते हैं।





**अनदेखी** | **शिकारपुर में बुधवार को साप्ताहिक बंदी का दिन प्रशासन द्वारा तय है**

# साप्ताहिक बंदी का भी व्यापारियों पर कोई असर नहीं,कागजों में सिमटी साप्ताहिक बंदी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** नगर में साप्ताहिक बंदी का दुकानदारों द्वारा जमकर मखौल उड़ाया जा रहा है। बंदी को लेकर श्रम विभाग गंभीर नजर नहीं आ रहा है। नगर में साप्ताहिक बंदी का खुला उल्लंघन किया जा रहा है बेखौफ व्यापारी इस साप्ताहिक बंदी पर भी लगातार दुकान खोल रहे हैं। शिकारपुर में बुधवार को साप्ताहिक बंदी का दिन प्रशासन द्वारा तय है । लेकिन यहां के सैकड़ों दुकानदार दूसरे दुकानदार की देखा देखी मैं अपनी अपनी दुकानों को खोलकर साप्ताहिक बंदी का मजाक बना रहे हैं । कुछ दुकानदारों का कहना है कि साप्ताहिक बंदी मैं जब कोई दुकानदार चोरी-छिपे अपनी दुकान खोलता है तो फिर दूसरे दुकानदार को भी अपनी दुकान खोलने का लालच आ जाता है । जिसके चलते देखा देखी मैं फिर सारा बाजार खुले जाया है।

दुकानदारों का कहना है कि साप्ताहिक बंदी का पूर्ण रुप से पालन होना चाहिए ताकि कोई भी दुकानदार दुकान ना खोल सके । दुकानदारों का यह भी कहना है कि 1 सप्ताह में एक बार बाजार पूर्ण रूप से अवश्य बंद हो ताकि दुकानदार जिस दिन अपनी रिश्तेदारी या बाहर से जाकर अपना सामान ला से या फिर परिवार के साथ कहीं घूमने जा सके ।बुधवार को भी नगर के बाजार गुलजार रहे और दुकानदार बिना किसी को के अपना कारोबार करते नजर आए। बुधवार का दिन साप्ताहिक बंदी के लिए घोषित है। इस दिन साप्ताहिक बंदी घोषित की गई थे इसी दिन से अधिकारियों ने दुकान खोलने वाले दुकानदारों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए



चालान काट डाले थे। इससे दुकानदारों में प्रशासन का खौफ पैदा हो गया था मगर कुछ महीने बीतने के बाद यह शक्ति नरम होती चली गई। इसके चलते दुकानदारों के मन में भी प्रशासन का खौफ खत्म हो गया अब साप्ताहिक बंदी के दिन नगर के बाजार गुलजार रहते हैं जब उच्च अधिकारियों का ज्यादा दबाव पड़ता है तो अधिकारी नींद से जागते हैं और बाजारों में घूम कर एकाध दुकानदार का चालान कर अपने काम की इतिश्री कर लेते हैं इस संबंध में श्रम विभाग के अधिकारी ने बताया कि श्रमिकों का उत्पीड़न व शोषण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा बंदी में दुकान खोलने वाले व्यापारियों पर कठोर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** रोटरी क्लब पिलखुवा सिटी व रोट्रैक्ट क्लब ऑफ सिम्स द्वारा रेड क्रॉस डे पर एक ब्लड डोनेशन कैंप सरस्वती इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस में के प्रिंसिपल व रोटरी क्लब ऑफ पिलखुवा सिटी के अध्यक्ष रोटेरियन सौरभ गोयल ने बताया कि इस साल के कार्यकाल में दो ब्लड डोनेशन कैंप लगाए जा चुके हैं व आगे भी इसी प्रकार से कैंप लगाए जाते रहेंगे। इस कैम्प में क्लब के मेम्बर्स ,




लगाया गया जिसमें 51 ब्लड यूनिट डोनेट किए गए । सरस्वती इंस्टिट्यूट कॉलेज के डॉक्टरों व स्टूडेंट्स ने पूर्ण सहयोग किया।

# भारतीय आदर्श इण्टर कॉलेज,दादरी में आज विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से छात्रों को किया जागरूक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**दादरी ( मो. बिलाल )।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में तथा माननीय जनपद न्यायधीश गौतमबुद्धनगर के दिशा-निर्देशन में आज अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर ऋचा उपाध्याय की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन भारतीय आदर्श इण्टर कॉलिज दादरी में छात्रों के मध्य किया गया शिविर में अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऋचा उपाध्याय द्वारा छात्रों को शिक्षा का अधिकार, मुफ्त कानूनी



सहायता, भारत के संविधान में दिए गए अधिकार एवं कर्तव्यों के संबंध मे जानकारी दी गई तथा जुवेनाइल जस्टिस एक्ट तथा मुख्यमंत्री बाल कल्याण योजना आदि विषयों पर जानकारी उपलब्ध कराई गई है। शिविर में अपर जिला जज सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर ऋचा उपाध्याय के साथ विद्यालय के सस्थापक बलवीर सिंह आर्य, परा विधिक स्वयं सेवक तथा बालचन्द नागर व सतपाल एवं अधिक सख्या में छात्र उपस्थित हुये।

# कुणाल हत्याकांड को लेकर पुलिस कमिश्नर से मिले सपाई, कमिश्नर ने दिया घटना का शीघ्र खुलासा करने का आश्वासन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा ( मो. बिलाल )।** कुणाल हत्याकांड का शीघ्र खुलासा करने और हत्या करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर बुधवार को समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी के नेतृत्व में लक्ष्मी सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने घटना में लापरवाही बरतने वाले दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सुधीर भाटी ने बताया कि कुणाल हत्याकांड का पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर पाई है और अपराधी पुलिस की पहुंच से दूर है। पहले दिन से ही स्थानीय पुलिस की लापरवाही सामने आई है। पुलिस समय रहते हरकत में आती तो कुणाल की हत्या नहीं होती है। उन्होंने बताया कि पुलिस कमिश्नर ने





अतिशीघ्र इस घटना का खुलासा कर दोषियों को जेल भेजने का आश्वासन दिया है। पूर्व जिला अध्यक्ष फकीरचंद नागर, जिला पंचायत सदस्य सुनील भाटी, विनोद लोहिया, अकबर खान, अक्षय चौधरी, सुभाष भाटी, उपदेश नागर, अनूप तिवारी, संजीव नागर, जितेंद्र प्रजापति, प्रशांत नागर, आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस नेता नरेंद्र भारद्वाज और विजय चौधरी ने कांग्रेस इंडिया गठबंधन के सभी कार्यकर्ताओ की हौसला अफजाई की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद ( आशा चौधरी )।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेंद्र भारद्वाज के एक पांव गोविंदपुरम मंडी में रह रहे हैं तो दूसरा पांव हापुड़ मंडी में, इन दिनों गाजियाबाद महानगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज अपनी टीम के साथ गोविंदपुरम अनाज मंडी परिसर स्थित ईवीएम स्ट्रांग रूम के सामने जमे हुए हैं, क्योंकि उनकी पुत्री और गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा का भाग्य यहीं पर ईवीएम में बंद है। जानकार बताते हैं कि चूंकि डॉली शर्मा की जीत सुनिश्चित है, इसलिए कोई प्रशासनिक धोखाधड़ी नहीं हो पाए, इसके लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेंद्र भारद्वाज ने अपनी निगरानी व्यवस्था चाकचौबंद कर रखी है। उनके लोग दिन रात ईवीएम की निगरानी कर रहे हैं, जिनमें इंद्रपाल प्रधान, अमित यादव, लक्ष्मण सिंह आदि प्रमुख हैं।

बताया जाता है कि गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के पांच विधानसभा क्षेत्रों में से 4 विधानसभा क्षेत्र गाजियाबाद, साहिबाबाद, मुरादनगर और लोनी विधानसभा क्षेत्र के ईवीएम गोविंदपुरम अनाज मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में रखे हुए हैं, जबकि धौलाना विधानसभा क्षेत्र के ईवीएम हापुड़ जनपद मुख्यालय के नवीन सब्जी मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में रखे हुए हैं। इसलिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेंद्र भारद्वाज के एक पांव गोविंदपुरम मंडी में तो दूसरा पांव हापुड़ मंडी में रह रहे हैं।इसके अलावा, वह शांतिपूर्ण और सुरक्षित मतगणना के लिए भी प्रयत्नशील हैं और अपनी पूरी तैयारी रखे हुए हैं, ताकि सत्ताधारी दल के पक्ष में सम्भावित प्रशासनिक पक्षपात को थामा जा सकें। इस मौके पर गाजियाबाद के महानगर अध्यक्ष अध्यक्ष विजय चौधरी, मनोज भारद्वाज, पिलखुवा के संजय





शर्मा गुड्डू, धौलाना के दीपक शर्मा आत्रे और हापुड़ के अरविंद शर्मा, अंशुल सिंह, वासुदेव शर्मा आदि मौजूद रहे। कांग्रेस नेता नरेंद्र भारद्वाज और विजय चौधरी ने कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन के सभी कार्यकर्ताओ की हौसला अफजाई की।

# एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने पर इशिका व आरोही को करप्शन फ्री इंडिया ने किया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा ( मो. बिलाल )।** कासना क्षेत्र स्थित घरबरा गांव निवासी फौजी जिले सिंह भाटी की बेटियो आरोही भाटी व इशिका भाटी के जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पदक जीतने पर बुधवार को करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नही है बस जरूरत है तो उन्हें पहचानने की व उनके लिए मैदान व कोच की। इसी को चरितार्थ करते हुए पिछले सप्ताह नॉलेज



पार्क स्थित सिटी हॉक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में घरबरा गांव की इशिका भाटी ने शॉर्ट पुट व डिस्कस थ्रोअर में व आरोही भाटी ने 50 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीतकर गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया था। प्रवीण भारतीय ने बताया कि बुधवार को करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकताओं ने उनके घर पहुंच कर बच्चियों को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रवीण भारतीय ने इस मौके पर कहा की सभी को बेटियो को भी शिक्षा व खेल के क्षेत्र में समान अवसर देने चाहिए जिससे बेटिया भी माता पिता व क्षेत्र का नाम रोशन कर सके।

इस दौरान मास्टर दिनेश नागर, राकेश नागर, गौरव भाटी, रोहतास नागर, टीटू भाटी, पिंटू मास्टर, ऋषि नागर, सुभाष भाटी, अमित भाटी, धर्मवीर भाटी, तरुण भाटी व अन्नू भाटी आदि लोग मौजूद रहे।

# सौम्या को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी से सम्मानित किया गया,मेहनत और समर्पण की मिसाल की कायम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद ( आशा चौधरी )** गाज़ियाबाद द्वारा चुन लिया गया है, परिवार ने सौम्या के खेल को थोड़ा गंभीरता से लिया एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर एक, वसुंधरा, की सौम्या मित्तल, वसुंधरा कक्षा नौ की छात्र है, सौम्या ने तीन साल की उम्र में बचपन से ही अपनी सोसाइटी में बास्केट बॉल खेलना शुरू कर दिया था, इस खेल के लिए उसका प्यार, समय के साथ बढ़ता चला गया, वह इस खेल के लिए बहुत समर्पित थी बावजूद इसके पड़ाई के लिए अपना सही समय देती थी परिवार तब आश्चर्यचकित हुआ जब उन्हें पता चला कि महज ग्याराह साल की उम्र में सौम्या को जिला बास्केटबॉल अ२२ङ्कं३ङ्कल्ल गाज़ियाबाद द्वारा चुन लिया गया है, परिवार ने सौम्या के खेल को थोड़ा गंभीरता से लिया और उसे आगे बड़ने का प्रोत्साहन दिया। इस साल फिर से सौम्या ने




साबित किया कि खेल के लिए उसकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने ना केवल उसकी अपनी टीम को पहला स्थान प्राप्त हुओ बल्कि सौम्या को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी से सम्मानित किया गया। एक बहुत छोटी उम्र में सौम्या का प्यार और खेल के लिए उसके समर्पण को देखा जाता है जिसके फलस्वरूप सौम्या का परिवार और दोस्त के दिन उभरते खिलाड़ी को भारत का प्रतिनिधित्व करते देखते हुए राष्ट्र को गर्व मेहसूस करते हैं।

# श्री द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय दनकौर में आयोजित हुआ मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**दनकौर ( मो. बिलाल )।** श्री द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में द्रोण गौशाला समिति रजिस्टर्ड दनकौर के तत्वावधान में स्थानीय बाबा सुखमल डालचंद नंबरदार अस्पताल एवं रमेश चंद विद्यावती ओपीडी एंड डायग्नोस्टिक सेंटर द्वारा मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित हुआ कैंप में फिजिशियन डॉक्टर पवन



गुप्ता ने कहा कि ऐसे कैंप का आयोजन होते रहना चाहिए जिससे समय-समय पर हमें अपने स्वास्थ्य के बारे में उचित जानकारी मिल सके कार्यक्रम के अंत में एक्टिविटी इंचार्ज डॉक्टर रश्मि गुप्ता एवं डॉक्टर अजमत आर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यक्रम में प्राध्यापक प्राधिपिकाओं में अमित नागर डीआर रश्मि जहां

गाइनेकोलॉजिस्ट डॉक्टर तरन्नुम तथा जीडीएम बबीता ने प्राचार्य डॉक्टर गिरीश कुमार वत्स उप्राचार्य डॉ रश्मि गुप्ता के हेल्थ चेकअप से कार्यक्रम की शुरूआत की इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर गिरीश कुमार वाट ने कैंप में पधारे डॉक्टर पवन डॉक्टर तरन्नुम एवं बबीता का औपचारिक स्वागत किया तथा हेल्थ के बारे में उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की उप्राचार्य डॉक्टर रश्मि डॉक्टर प्रीति रानी सेन, शशि नागर, चंद्रेश कुमार त्रिपाठी,विक्रम सैनी, मोनिका शर्मा, डॉ नाच परवीन, डॉ प्रशांत कनौजिया, डॉ संगीता रावल, डॉ निशा शर्मा, डॉ राजीव पांडे, इंद्रजीत, काजल कपासिया, विकास बाबू तथा कार्यालय से अजय नागर, करण नागर ,पुनीत कुमार गुप्ता,श्री मुकुल शर्मा, अंकित नगर, विनीत तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-75 स्थित गोल्फसिटी प्लाट-8 मार्केट से अवैध दुकानों को हटाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-75 स्थित गोल्फसिटीसोसायटी के मार्केट से अवैध दुकानों ठेला,पटरी और कियोस्क को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया।आज सवेरे नोएडा प्राधिकरण की टीम पुलिस दस्ते के साथ सेक्टर-75 स्थित गोल्फसिटी सोसायटी के मार्केट में आयी और वहाँ पर कुछ माफि याओं और दुकानदारों के द्वारा निर्मित अवैध दुकानों,ठेला,पटरी और कियोस्क को हटा दिया और उसका सामान अपनी गाड़ी में भरकर ले गया। ज्ञात हो कि गोल्फ सीटी प्लॉट 8 के मार्केट में भारी संख्या में अवैध दुकानें दुकानदारों और कुछ माफि याओं के द्वारा लगा ली गई थी। सैकड़ों की संख्या में ठेला ,पटरी,कियोस्क लगा दिया गया था,जहाँ लोगों का आना जाना भी मुश्किल था।बार बार इन दुकानों में आग लग रहा था।अभी कल ही सुबह सुबह आग लग गयी थी,जिसके कारण पूरी सोसायटी परेशान हो गई थी।फ्लैटों के नीचे दुकानें बनायी गयी है।इसके साथ साथ वहाँ सैकड़ों की संख्या में अवैध दुकानें लगाए जा रही



थी।गोल्फसिटी,प्लाट-8 एओए नोएडा प्राधिकरण और पुलिस-प्रशासन से लगातार लिखित शिकायत कर दुकानों को हटाने की मांग कर रही थी।एओए की शिकायत पर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने दुकानों को हटाने का आदेश दिया था,जिसको पूरा करने के लिए नोएडा प्राधिकरण पुलिस बल के साथ आज सुबह सोसायटी के मार्केट में पहुंची और सभी दुकानों को हटा दिया।इस अवसर पर भारी संख्या में सोसाइटी निवासी उपस्थित थी।एओए के संरक्षक मुन्ना कुमार शर्मा ने नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी,अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी सहित सभी अधिकारियों को धन्यवाद दिया है।

प्राधिकरण और पुलिसने वहाँ पर दुकानदारों को हिदायत दी है कि अब यहां अवैध मार्केट न लगाया जाए। अगर माफिया और दुकान लगाने वाले लोग नहीं माने तो नोएडा प्राधिकरण और पुलिस के द्वारा इन माफि याओं और दुकानदारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जायेगा और कड़ी कार्रवाई किए जाएंगे।

नोएडा प्राधिकरण की टीम ने साफ साफ बताया कि अब गोल्फसिटी प्लाट-8 के मार्केट में कोई अवैध दुकान नहीं लगाया जा सकता,क्योंकि इससे निवासियों को खतरा रहता है और लोगों को आने जाने में भी दिक़्क़त होती है।

**जोरदार स्वागत** — भौगोलिक सीमाओं को पाटने और वैश्विक नागरिकता को बढ़ावा देने में शैक्षिक आदान-प्रदान की शक्ति के लिए एक वसीयतनामा के रूप में जानी जायेगी

# गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने एक रोमांचक सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए सिंगापुर के टेमासेक पॉलिटेक्निक से आए छात्रों का किया जोरदार स्वागत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा ( मो. बिलाल )।** समृद्ध सांस्कृतिक संगम में, गलगोटियास विश्वविद्यालय ने टेमासेक पॉलिटेक्निक, सिंगापुर के छात्रों का अपने यहाँ आने पर उनका भव्य स्वागत किया। यह यात्रा अंतर्दृष्टि और अनुभवों से भरपूर, एक असाधारण सीखने की यात्रा साबित हुई।

सिंगापुर के छात्रों ने अकादमिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए, गलगोटियास विश्वविद्यालय के जीवंत परिसर के वातावरण में खुद को तल्लीन कर दिया। उनकी इस यात्रा का मुख्य आकर्षण गलगोटियास विश्वविद्यालय की अत्याधुनिक सुविधाओं का दौरा था, जिसमें ऐप्पल और इंफोसिस जैसे उद्योग के दिग्गजों के सहयोग से स्थापित बहुत ही प्रसिद्ध ह्वआईओएसह्व विकास केंद्र भी शामिल था। इस यात्रा में न केवल दृश्यरंजन के अलावा, सिंगापुर के टेमासेक







पॉलिटेक्निक के छात्रों ने सक्रिय रूप से गलगोटियास विश्वविद्यालय के गतिशील शिक्षण अध्यापन में लगे हुए, संकाय सदस्यों और साथी छात्रों के साथ विचारों और दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान किया। उनकी इस महत्वपूर्ण बातचीत ने बौद्धिक विकास को तो बढ़ावा दिया ही इसके साथ-साथ और अमूल्य अंतर-सांस्कृतिक समझ और सहयोग को भी बढ़ावा दिया।सिंगापुर के टेमासेक पॉलिटेक्निक से आये छात्रों की यह यात्रा भौगोलिक सीमाओं को पाटने और वैश्विक नागरिकता को बढ़ावा देने में शैक्षिक आदान-प्रदान की शक्ति के लिए एक वसीयतनामा के रूप में जानी जायेगी।

यह एक बहुत ही यादगार अनुभव था जिसने सभी शामिल लोगों पर अपनी एक अमिट छाप छोड़ी है। जो दुनिया के विभिन्न कोनों से दो सम्मानित शैक्षणिक संस्थानों के बीच सदैव-सदैव के लिये दोस्ती और सहयोग के स्थायी बंधन का प्रतीक है।

# आरडीसी स्थित कृष्ण सागर में विश्व धर्म संसद के आयोजन हेतु पहली आधिकारिक बैठक सम्पन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। तुफैल चतुर्वेदी विश्व धर्म संसद के मुख्य समन्वयक, डॉ उदिता त्यागी मुख्य संयोजक,अक्षय त्यागी आयोजन समिति के अध्यक्ष व शिवशक्ति धाम डासना के महंत उत्तराधिकारी राजेश यादव भोजन व सुरक्षा व्यवस्था प्रमुख होंगे। यति नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन शिवशक्ति धाम डासना में अन्य संस्थाओं के सहयोग से विश्व धर्म संसद का आयोजन करेगी प्रधानमंत्री द्वारा जगह जगह इस्लामिक जिहाद के खतरे पर बात चिंतनीय-महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जिहाद की विभीषिका को ना समझने के कारण सम्पूर्ण मानवता विनाश की ओर-तुफैल चतुर्वेदी आज हिंदूवादी विचारक विनोद सर्वोदय की अध्यक्षता में गाजियाबाद के आर डी सी में एक होटल में विश्व धर्म संसद के आयोजन हेतु पहली आधिकारिक बैठक का आयोजन हुआ।

विश्व धर्म संसद का आयोजन 17,18,19,20 और 21 दिसंबर 2024 को शिवशक्ति धाम डासना में यति नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन के द्वारा अन्य संस्थाओं के सहयोग से किया जाएगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने कहा कि आज इस तरह से भारत के प्रधानमंत्री को जगह जगह अपनी सभाओ में इस्लामिक जिहाद की चर्चा करनी पड़ रही है,ये बहुत ही चिंता की बात है।यह दशार्ता है कि स्थिति अब कितनी खराब हो चुकी है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी चुनावी सभाओं में वही सब कुछ कहा है जो हम पिछले अनेक वर्षों से कहते आ रहे हैं।आज प्रधानमंत्री जी की बात को गम्भीरता से लेकर इसका समाधान खोजने की जरूरत है।हमे यह भी समझना पड़ेगा कि इस्लामिक जिहाद किसी समुदाय विशेष,किसी क्षेत्र विशेष या देश विशेष की समस्या नहीं है बल्कि सम्पूर्ण विश्व के गैर मुस्लिमो की समस्या है और इसके समाधान के लिये विश्व स्तर के प्रयास अति आवश्यक है।विश्व धर्म संसद इसका रास्ता खोजने का कार्य करेगी।विश्व धर्म संसद के लिए चारो पीठो के जगद्गुरु शंकराचार्य जी को मार्गदर्शन के लिये निवेदन किया जा चुका है।अब हम देश के सभी पंथों,सम्प्रदाय और धार्मिक समूहों के धर्मगुरुओ से विश्व धर्म संसद का सहयोगी बनने का निवेदन करेंगे।बैठक को सम्बोधित करते हुए सुप्रसिद्ध विचारक श्री तुफैल चतुर्वेदी जी ने कहा कि जिहाद की विभीषिका को न समझने के कारण ही आज सम्पूर्ण मानवता विनाश की ओर तेजी से जा रही है।हम सनातन धर्म के मानने वाले इस्लामिक जिहाद के सबसे निरीह शिकार रहे हैं।इतने अवर्णनीय अत्याचारों के बाद भी हम विश्व को अपनी पीड़ा बता नहीं पाए जिसके कारण सम्पूर्ण विश्व इस्लामिक जिहाद को समझने में असफल हो गया।आज समय आ चुका है कि हम अपनी गलतियों को सुधारते हुए सम्पूर्ण विश्व को अपने साथ हो रहे अन्याय और अत्याचारों की सच्चाई से अवगत कराए और सम्पूर्ण विनाश को वैचारिक रूप से संघर्ष के लिये तैयार करें।हम विश्व धर्म संसद के माध्यम से अपनी यह जिम्मेदारी पूरी करेंगे।



बैठक को सम्बोधित करते हुए विनोद सर्वोदय जी ने कहा कि जो अमानवीयता गत वर्ष 7 अक्टूबर को हमास के जिहादियों ने निर्दोष यहूदियों के साथ दिखाई,वह उन्होंने हजारो बार हमारे साथ कि है।अब समय आ गया है कि हम हिन्दू दुनिया को दिखाए की हम अहिंसक हैं परंतु कायर या कमजोर नहीं।बैठक में अक्षय त्यागी ने कहा कि यह एक दैवीय आयोजन होगा।हम इसको करने में कोई भी कसर नही छोड़ेंगे और इस आयोजन के बाद सम्पूर्ण विश्व का इस्लाम के जिहाद के बारे दृष्टिकोण बदल जायेगा। बैठक में अनिल यादव,बृजमोहन सिंह,नीरज त्यागी,संजय त्यागी,नरेंद्र त्यागी,मोहित बजरंगी तथा अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# वाल्मीकि पार्क में बाबा साहब डॉ. बीआर अंबेडकर जी का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। गाजियाबाद डॉ बी आर अंबेडकर जन्मोत्सव कमेटी वाल्मीकि समाज महानगर गाजियाबाद द्वारा 1 मई को मजदूर दिवस के दिन वाल्मीकि पार्क में बाबा साहब डॉ बी आर अंबेडकर जी का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें शहर के गणमान्य लोगों ने वह वरिष्ठ समाजसेवियों ने अपना विशेष योग देकर कार्यक्रम को सफल बनवाने का काम किया था जिसमें आज डॉक्टर बी आर अंबेडकर जन्मोत्सव कमेटी वाल्मीकि समाज महानगर गाजियाबाद द्वारा समाज के वरिष्ठ समाजसेवी सिकंदर यादव को सम्मानित करने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ साथ में कमेटी के संरक्षक अनिल मकवाना महानगर के अध्यक्ष मोहित सूद वाल्मीकि महानगर के कोषाध्यक्ष मोनू सूद वीर वान वाल्मीकि देवेंद्र वेद अजय हितेषी जी मुख्य संरक्षक उपस्थित रहे।



# अवेकनिंग इंडिया व हर्ष हॉस्पिटल ने फ्री हेल्थ सेवाओ के लिये राजकीय कन्या इंटर कॉलेज विजय नगर को गोद लिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। डॉ. बीपी त्यागी ने प्रेयर मीटिंग में बच्चों को रेबीज व टीबी से बचने के उपाय बताये व प्रिंसिपल डॉ विभा चौहान से मिलकर स्कूल को हेल्थ सेवाओ के लिये गोद लेने का प्रपोजल रखा।

प्रिंसिपल मैडम हॉस्पिटल स्टाफ को एक मेडिकल रूम देगी जिसमे हॉस्पिटल का ट्रेनेड स्टाफ स्कूल टाइम में वही रहेगा व टेलीमीडिसिन के जरिए सभी स्कूल के बच्चों व स्टाफ को निःशुल्क हेल्थ सेवा प्रदान करेगा।



डॉ. बीपी त्यागी ने डॉ. विभा चौहान को एक फ्री फर्स्ट ऐड किट भी भेट किया। यह स्कूल यूपी का पहला स्कूल होगा जो टेलीमीडिसिन के जरिए अपने बच्चों व स्टाफ को स्वास्थ्य सेवाये व बीमारियो से बचने का रास्ता बताएगा। डॉ. बीपी त्यागी ने सभी बच्चों, स्टाफ व प्रिंसिपल मैडम का आभार जताया।

# विधायक अजीत पाल त्यागी और पूर्व महापौर आशु वर्मा की जांच में डीडीपीएस स्कूल प्रबंधन दोषी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। विधायक अजीत पाल त्यागी और पूर्व महापौर आशु वर्मा की डीडीपीएस स्कूल प्रबंधन को खुली चेतावनी देहरादून पब्लिक स्कूल पर पिछले 7 दिन से बैठेअभिभावकों को आज उम्मीद की किरण दिखाई दी जब उनकी विधान सभा के विधायक अजीत पाल त्यागी और पूर्व महापौर आशु वर्मा ने धरना स्थल पर पहुंचकर सबसे पहले अभिभावकों और स्कूल के गेट पर पढ़ाई कर रहे बच्चो से वार्ता की उसके बाद दोनो जनप्रतिनिधि स्कूल प्रबंधन से भी वार्ता करने गए तो पता चला स्कूल प्रबंधन ने तत्काल अपने वकील को बुला लिया हे दोनो ही जनप्रतिनिधियों ने जब बच्चो की कक्षा में जाकर देखा तो आज भी बच्चो को अलग रूम में बिठाया हुआ था और उनकी पढ़ाई नही कराई जा रही थी और जब स्कूल प्रबंधन से उन्होंने पूछा कि इनकी पढ़ाई क्यों नही कराई जा रही है तो स्कूल का पुराना रटा रटा जबाव समाने था स्कूल दोनो ही जनप्रतिनिधियों के सामने बच्चो को मधुबन बापूधाम में भेजने पर अड़ा था जिस विधायक अजीत पाल त्यागी और आशु वर्मा गुस्से से लाल हो गए और स्कूल को खुली चेतावनी दी की यहां से कोई भी बच्चा मधुबन बापूधाम नही भेजा जायेगा , चाहे अब स्कूल प्रबंधन कितना ही जोर लगा ले और बिना चाय और पानी पिए ही स्कूल से उठकर बाहर आ गए और बाहर आकर धरना स्थल पर बैठे अभिभावकों से कहा की आपकी मांग जायज है और अब ये लड़ाई हमारी हे आपके किसी भी बच्चे को हम मधुबन बापूधाम नही भेजने देगे। हमने आज खुद देखा है की स्कूल प्रबंधन की हट नाजायज है हम अभिभावकों को न्याय दिलाकर ही चैन से बैठेंगे।





गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी और सचिव अनिल सिंह का कहना है की अब देखना यह की सत्ता पक्ष के दोनो ही मजबूत नेता स्कूल प्रबंधन के अहंकार को तोड़कर अभिभावकों को न्याय दिला पाते है या नही , हमारी लड़ाई न्याय के लिए है हमने देश का सबसे मजबूत दरवाजे प्रधानमंत्री कार्यालय पर भी अभिभावकों की पीड़ा को पहुंचा दिया

# लोनी के गुलाब वाटिका कॉलोनी की गली नंबर 10 में मां और बेटे की गला रेतकर हत्या, पुलिस जुटी जांच में

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। गाजियाबाद में डबल मर्डर का मामला सामने आया है। लोनी के गुलाब वाटिका कॉलोनी की गली नंबर 10 में मां और बेटे की गला रेतकर हत्या कर दी गई है।

गाजियाबाद में डबल मर्डर का मामला सामने आया है। लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के गुलाब वाटिका कॉलोनी में बुधवार सुबह घर में मां यशोदा देवी (65) और बेटे बिजेंद्र (35) का शव कमरे में बैड के ऊपर मिला है। दोनों खून से लथपथ मिले हैं। बताया जा रहा है कि दूसरे कमरे की अलमारी से नकदी और जेवरात गायब है। मकान की दूसरी मंजिल पर यह घटना हुई है। तीसरी मंजिल पर परिवार सो रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस में घटना स्थल का निरीक्षण किया।



यशोदा देवी पत्नी हरि नारायण परिवार के साथ रहती थी। यशोदा के पति की करीब 10 साल पहले मौत हो चुकी है। यशोदा का बेटा बिजेंदर दिव्यांग था। मकान की तीसरी मंजिल पर बिजेंदर का भाई धर्मेंद्र अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रह रहा है।

बुधवार सुबह यशोदा और उसके बेटे बिजेंदर का शव कमरे में बेड के ऊपर मिला। दोनों लहूलूहान पड़े थे। धर्मेंद्र के बच्चे जब नीचे आए तो उन्हें घटना का पता चला। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। आरोप लगाया है कि हत्यारे नीचे घर से घुसे और यशोदा और विजेंद्र की हत्या कर दी।

# गाजियाबाद योगीराज में गाजियाबाद के पत्रकार नहीं है सुरक्षित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। गाजियाबाद के जिला अस्पताल एमएमजी के बराबर में शंभू दयाल कंपलेक्स के अंदर आप अभी तक न्यूज चैनल तथा दैनिक आप अभी तक अखबार के ऑफिस पर दबंगों द्वारा लूटपाट मारपीट व महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की गई है। मारपीट की वारदात में वरिष्ठ पत्रकार सत्यम पंचोली, कैंसर जैसी घातक बीमारी से जूझ रहे दिव्यांग पत्रकार सुभाष चंद को पीट पीटकर अधमरा कर दिया, जबकि महिला पत्रकार मानसी झा और मोनिका के साथ अश्लील हरकत की। इतना ही नहीं दबंग चरण सिंह, ललित, समीर व 25-30 अज्ञात लोग सुभाष चंद का मोबाइल भी लूट कर ले गए। इस मामले की सूचना डीसीपी सिटी को फोन पर दी, मगर पुलिस काफी देर बाद पहुंची। तब तक दबंग लोग मारपीट और तोड़फोड़ व लूटपाट कर फरार हो चुके थे। दबंगों ने पीड़ित पत्रकार सुभाष चंद के साथ जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए भुगत लेने की भी धमकी दी है। क्या पत्रकारों के साथ ऐसे ही दबंगों द्वारा मारपीट की जाएगी, यानि पत्रकार की जान की कोई कीमत नहीं है।




# अपर जिलाधिकारी (नगर) के कक्ष में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। गाजियाबाद बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मिलावटी खाद्य पदार्थों के प्रति व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया अपर जिलाधिकारी (नगर) गंभीर सिंह गाजियाबाद। 08 मई, 2024 अपर जिलाधिकारी (नगर) के कक्ष में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में खाद्य सुरक्षा विभाग के समस्त अधिकारीगण तथा अभिषेक श्रीवास्तव, ए०सी०पी०, कमिश्नरेट गाजियाबाद उपस्थित रहे। बैठक में समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को खाद्य सुरक्षा के प्रति निम्नलिखित सुधारात्मक जागरूक किये जाने के निर्देश दिये गये,सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरे प्रदेश में सबसे अधिक कोर्टकेस पर आर्थिक दण्ड के लिए बताया कि उसकी वसूली पर भी विशेष अभियान चलाया जाये। ठेली, पटरी पर खाद्य पदार्थ बेचने वालो तथा रेस्टोरेंट, खोमचों आदि में पूरी समोसा,भटूरे आदि खाद्य पदार्थों को बनाने में खाद्य तेल एवं गुणवत्ता तथा दूध से निर्मित खाद्य पदार्थों यथा-मावा, पनीर, मिठाईयों तथा अन्य खाद्य पदार्थों आदि में मिलावट की रोकथाम के लिये दूध/ मावा मण्डियों तथा मिष्ठान भण्डारों का निरीक्षण करते हुए खाद्य सुरक्षा के प्रति सुरक्षात्मक जागरूक किये जाने के निर्देश दिये गये।उन्होंने बताया कि उन्होंने बताया कि एक अभियान चलाकर स्कूल एवं कॉलेज तथा अन्य स्थानों में स्थापित किचन मैस कैन्टीन का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई शुद्ध पेय जल एवं खाद्य सुरक्षा के प्रति सुधारात्मक जागरूक करने के निर्देश दिये गये। मिड-डे मिल, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत वितरित होने वाले खाद्यान्न बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा वितरित होने वाले पुष्टाहार की चैकिंग करते हुए खाद्य सुरक्षा के प्रति सुधारात्मक जागरूक करने का निर्देश दिये गये।




न्याय निर्णयन अधिकारी न्यायालय में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत प्रचलित वादों में दण्डित अर्थदण्ड को समय से जमा कराये जाने के निर्देश दिये गये। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये गये है कि स्ट्रीट फूड की गुणवत्ता हेतु 04 से 06 लोगों की एक चौपाल लगाते हुए लोगो को खाद्य सुरक्षा के प्रति सुधारात्मक जागरूक किया जाये।

# लोनी बोर्डर पुलिस द्वारा डबल मर्डर माँ एव बेटे की हत्या करने वाले अपराधी को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। गाजियाबाद डीसीपी ग्रामीण ने बताया किकब्जे से चारपाई का लकड़ी का पाए , आलाकत्ल, बरामद किया है। थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने आज थाना लोनी बोर्डर पुलिस द्वारा डबल मर्डर की घटना कारित करने वाले अभियुक्त मृतिका के पुत्र तथा मृतक के सगे भाई धर्मेन्द्र उम्र 45 वर्ष को आलाकत्ल सहित गिरफ्तार का लिया है। डीसीपी विवेक चंद्र यादव ने बताया कि अभियुक्त द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुए पुलिस को बताया कि उसके ऊपर करीब डेढ़ लाख रुपए का कर्जा हो गया था जब अभियुक्त ने 03 दिन पहले अपनी माँ से पैसे मांगे तो इसकी माँ ने पैसे देने से मना कर दिया था। कल रात वह शराब पी कर घर की छत से चारपाई का लकड़ी का पाया उठकर लाया और घर मे प्रथम तल पर अपनी माँ के कमरे में पहुंचा और बेड पर सो रहे भाई तथा माँ के सिर पर लकड़ी के पाए से कई प्रहार किये और फिर छत से ही लकड़ी के पाए को बराबर में खाली प्लाट में फेक दिया और नहा कर अपने कमरे में जाकर सो गया। पुलिस की सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म कबूला कर लिया।



आयोजन

## अवकाश में अपने लक्ष्य के लिए ऊर्जा से तैयार हों : आचार्या श्रुति सेतिया

# "ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग" विषय पर गोष्ठी संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में "ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग" विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कोरोना काल से 640 वां वेबिनार था। मुख्य वक्ता आचार्या श्रुति सेतिया ने कहा है कि गर्मी की छुट्टियों का मतलब ढेर सारी मस्ती।ना जल्दी उठने की चिंता और ना स्कूल, कॉलेज जाने की परवाह।परवाह है तो बस खेल कूद,मस्ती और दोस्तों के साथ घूमने की।हमेशा यह ख्याल रहता है की इस समय का सदुपयोग कैसे किया जाए।हम जानते हैं की संसार की सबसे मूल्यवान वस्तु है समय क्योंकि जो समय बीत जाता है उसे वापस प्राप्त नहीं किया जा सकता।छुट्टियों का महत्व और मूल्य समझें।छुट्टियों में आने वाले समय,लक्ष्य और भविष्य के लिए खुद को और अधिक ऊर्जा के साथ तैयार करना चाहिए,जिससे आने वाली चुनौतियों का सामना किया का सके। छुट्टियों में पढ़ाई लिखाई का टेंशन नहीं होता,इसलिए अपने मन के अंदर झांकने की कोशिश करनी चाहिए।अपनी कमियों और अच्छाइयों को जानने का प्रयास करना चाहिए और अपनी कमियों को दूर करना चाहिए।छुट्टियों का उपयोग व्यक्तित्व के विकास के लिए किया जा सकता है।अभिभावकों को सलाह दी जाती है की गर्मियों में बच्चों को कुछ अलग करने के लिए प्रेरित करें।यह समय उत्तम समय है जब हम भारत या विश्व भ्रमण के लिए जा सकते हैं।अपने कौशल को बढ़ाने हेतु हम तैराकी, घुड़सवारी, चित्रकारी और संगीत वादन सीख सकते हैं,जो ना केवल हमारे समय को उपयोगी गतिविधियों में लगाते हैं बल्कि हम एक बहुमुखी व्यक्तित्व का इंसान बन जाते हैं।हमें अपने समय का सदुपयोग करना चाहिए,जिसे हमें सिर्फ सो कर या खेलकूद कर के ही नहीं गवाना चाहिए।अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए उन्हें अलग अलग क्षेत्रों में प्रतिभावान बनाएं,लंबा समय छुट्टियों का जो मिलता है उसे आनंद और विकाशील अनुभव के लिए बिताना चाहिए।गर्मी के समय के दौरान समर कैंप भी चलाए जाते हैं जिसमें बहुत कुछ सीखने की गतिविधियों चलाई जाती हैं।अपने परिवार और दोस्तों के साथ जुड़ने के लिए एक बढ़िया समय है।अपने बच्चों को अपने पैतृक गांव ले जाएं।अलग अलग अवकाशों पर अलग अलग योजनाएं बना कर और योजनाओं के अनुरूप सफल बनाना अच्छा विचार है।युवा वर्ग खाली समय में पर्सनेलिटी डेवलपमेंट का शॉर्ट टर्म कोर्स कर सकता है।वास्तव में अवकाश के समय का सदुपयोग हमें अपने आध्यात्मिक विकास एवम जन कल्याण में ही करना है।अच्छे ग्रंथो के स्वाध्याय से अपने ज्ञान को पुनः प्रकाशित करें,संत समागम,ईश्वर भजन,कीर्तन महान ग्रंथो के स्वाध्याय और दुखी लोगों की सेवा करके समय का सदुपयोग किया जाना चाहिए।जीवन का एक उद्देश्य भी प्रमाद एवम् दुष्टात्माओं में ना हो इसका पूरा विवेक रखना ही मानव का कर्तव्य है।




मुख्य अतिथि आर्य नेत्री कृष्णा पाहुजा व अध्यक्ष राजश्री यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए।परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन किया व राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# आगामी 10 मई को नगर निगम पर विश्व हिंदू परिषद की तरफ से होगा विरोध प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। गाजियाबाद विश्व आलोक गर्ग विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष गाजियाबाद परिषद का आवाहन आने वाली 10 तारीख को नगर निगम में करेंगे प्रदर्शन... नगर निगम के ऊपर लगाया आरोप 1 साल में निगम ने तोड़े 12 मंदिर विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष आलोक गर्ग का कहना हजारों की संख्या में आने वाली 10 तारीख को नगर निगम पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता करेंगे प्रदर्शन आलोक गर्ग का कहना मंदिरों पर तो की जा रही है तोड़ने की कार्यवाही लेकिन मजारों पर नहीं चल रहा नगर निगम का बुलडोजर.आलोक गर्ग विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष गाजियाबाद।



# शहीद दिवस विशेष...शहीद चौ.जबरदस्त खां के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है: डा.मरगूब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** देश में आजादी की प्रथम क्रांति मेरठ से 10 मई 1857 शुरू हुई थी। मेरठ कमिश्नरी के 85 क्रांतिकारी छावनी के परेड ग्राउंड पर सैनिकों ने चर्बी लगे कारतूसों को आधार बनाकर अंग्रेजों के विद्रोह का बिगुल फूंक दिया था। इन्हीं वीर सैनिकों में से एक जनपद हापुड़ के मोहल्ला भण्डा पट्टी निवासी चौधरी जबरदस्त खां थे। मोहल्ले में उनके द्वारा बनाई गयी चौपाल आज भी मौजूद है। जहां पर क्रांतिकारियों की बैठक हुआ करती थी। प्रतिवर्ष 10 मई को परिजन व शहर के लोग शहीद स्तम्भ पर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित करते है। शहीदों की याद में सन 1976 से रामलीला मैदान में शहीद मेला लगता है।


- चौ.जबरदस्त खां ने चर्बी लगे कारतूसों का किया था,विरोध
- सामिया गार्डन सिटी के गेट का नाम चौ.जबरदस्त खां के नाम पर रखा गया है
- सिकन्दर गेट पर स्थित है चौ.जबदरदस्त खां का शहीद स्तम्भ
- शहीदों की याद में 1976 से प्रति वर्ष लगता है,शहीद मेला:फसीह चौ.


आपको बता दें,कि 1857 को सभी क्रांतिकारी सैनिक छावनी में अंग्रेज अफसर से विरोध करते हुए दिल्ली स्थित लाल किला की ओर आखिरी मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर को देश का शासक बनाने की सोच कर निकल पड़े। पूरी मेरठ कमिश्नरी में क्रांति की ज्वाला चारों ओर फैल गयी। गांव से लोग सैनिकों की सहायता करने लिए निकल पड़े।

चौधरी जबरदस्त खां और उनके भाई नवाब उल्फत खां को 14 सितंबर 1857 को फर्जी मुकदमे में कार्रवाई करते हुए हापुड़ में हुलसन नाम के अंग्रेज अफसर,तहसीलदार मजिस्ट्रेट ने फांसी के आदेश के बाद फांसी पर चढ़ा दिया था। आदेश में यह भी कहा गया था,कि दोनों क्रांतिकारी भाईयों के परिवार का एक भी सदस्य नहीं छोड़ा जाये।

शहीद चौधरी जबरदस्त खां के परिवार में कोई पुरुष सदस्य नहीं रहने के कारण इनकी समस्त जमीन जायदाद जब्त कर ली,जो कि हापुड़ के बुलन्दशहर रोड पर स्थित थी। दूसरी ओर चौधरी जबरदस्त खां के परिवार के एक कारिंदा अब्दुल रहीम इनके चार वर्ष के बच्चे अब्दुल्ला को लेकर जान बचाने के लिए गढ़मुक्तेश्वर में भागकर भूसे के बोगे में छिपाया,और तीन दिनों तक यहीं पर छिपा रहा। इसके बाद वह अब्दुल्ला को लेकर अपने घर कश्मीर चला गया। जहां बच्चे का पालन पोषण किया।

बताया गया कि अब्दुल रहीम ने अब्दुल्ला को पढ़ा लिखाकर अधिवक्ता बना दिया,और अपने जीवन के अंतिम दिनों में अब्दुल्ला को बताया कि तुम्हारी जमीन जायदाद हापुड़ में थी,जो अंग्रेजों ने जब्त कर ली। जानकारी मिलने पर के बाद अब्दुल्ला हापुड़ आये,और मेरठ में बेरिस्टर होने के बाद घंटाघर पर एक मकान खरीदा। और अंग्रेजों से मुकदमा लड़कर अपने खानदान की जमीन वापिस ली। जो आज भी बुलन्दशहर रोड गांव इम्टौरी में स्थित है।




शहीदों की सूची में अंकित शहीद चौ.जबरदस्त खां का नाम व चौ.जबरदस्त खां इस चौपला पर साथियों के साथ बैठकर अंग्रेजों के खिलाफ रणनीति बनाते थे। व चौ.जबरदस्त खां की जन्मस्थली की मिट्टी लेकर जाते उनके परपौत्र व सामिया गार्डन सिटी में चौ.जबरदस्त खां प्रवेश द्वार

शहीद चौधरी जबरदस्त खां के परपौत्र फसीह चौधरी परपौत्र डा.मरगूब त्यागी ने संयुक्त रूप से बताया कि चौधरी साहब का शहीद स्तम्भ मोहल्ला भण्डा पट्टी में स्थित है। जहां पर श्रद्धांजली अर्पित पर चौधरी जबरदस्त खां को प्रतिवर्ष याद किया जाता है। शहीदों की याद में वर्ष 1976 से हापुड़ के दिल्ली रोड स्थित रामलीला मैदान में शहीद मेला लगता आ रहा है। उन्होंने बताया कि 10 मई 2007 को पूरे देश से शहीदों की जन्मस्थली की मिट्टी लालकिला दिल्ली स्मारक के लिए ले जाई गयी थी। तो जिला प्रशासन के निर्देश पर परपौत्र डा.मरगूब त्यागी,फसीह चौधरी अपने परदादा शहीद चौधरी जबरदस्त खां के जन्मस्थान हापुड़ के मोहल्ला भण्डा पट्टी से मिट्टी कलश में लेकर गये थे।


वसीम चौधरी


डा.मरगूब त्यागी


फसीह चौधरी

डा.मरगूब त्यागी ने बताया कि उन्होंने 1857 स्वतंत्रता संग्राम यादगार समिति के नेतृत्व में प्रतिवर्ष 10 मई को कार्यक्रम आयोजित कर अपने दादा शहीद चौधरी जबरदस्त खां को याद करते है। कल 10 मई को शहीद स्तम्भ पर कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि बुलन्दशहर रोड स्थित सामिया गार्डन सिटी के मुख्य प्रवेश द्वार का नाम आपने परदादा चौ.जबरदस्त खां के नाम पर रखा है। जिससे लोगों को उनके जीवन के बारे में जानकारी मिल सके।

# तालाबों और नहरों के किनारे वृक्षारोपण करायें: डीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो



हापुड़। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने कहा कि जिन विभागों को वृक्षारोपण लक्ष्य आवंटित किया गया हैं,वे वृक्षारोपण संबंधी कार्ययोजना तत्काल प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध करा दें। बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक सरकारी स्कूलों की बाउंड्री के किनारे वृक्षारोपण कराये। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में डीएम वित्तीय वर्ष 2024 में जनपद में वृक्षारोपण के लक्ष्य को पूर्ण करने के उद्देश्य से वृक्षारोपण समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रही थी। उन्होंने कहा की जिन वृक्षों को विगत वर्षों में रोपण किया गया है उनकी जीवितता की रिपोर्ट तैयार कर ले,ऐसे वृक्ष जो वर्तमान में जीवित नहीं है उनके स्थान पर फिर से रोपित किया जाए। डीएम ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे के खेतों की मेड़ पर वृक्षारोपण किया जाये। वृक्षारोपण के लिए गौशाला के बाउंड्री के बाहर की भूमि भी उपयोग में ला सकते है। उन्होंने कहा कि हमें निर्धारित अवधि के भीतर लक्ष्य को प्राप्त किया जाना है। इसके लिए सभी संबंधित विभागीय अधिकारी अपने स्तर पर भूमि का चिन्हांकन कर लें। तालाबों और नहरों के किनारे वृक्षारोपण करायें। वृक्षारोपण समिति के साथ पर्यावरण समिति तथा जिला गंगा समिति की भी बैठक की गयी।

बैठक के दौरान अपर जिला अधिकारी (वि0/रा0) संदीप कुमार,उप जिलाधिकारी हापुड़, डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार ,जिला कृषि अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, प्रभागीय वनाधिकारी आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी,पुलिस अधीक्षक व कोतवाल को सम्मानित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व, बेहतर प्रबंधन व उचित कानून व्यवस्था द्वारा गत 26 अप्रैल 2024 को जनपद में शांति पूर्ण लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के पूर्व सैनिकों के प्रतिनिधि मंडल द्वारा जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा,पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा व कोतवाल नीरज सिंह को सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।




इस अवसर पर पूर्व वायु सेना अधिकारी मनबीर सिंह,उपाध्यक्ष जिला सैनिक बंधु एवं संयुक्त सचिव भारतीय पूर्व सैनिक संघ उ प्र,जिलाध्यक्ष पूर्व सैनिक संघ कैप्टन राजेश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष एईडीसी वेटरन केपी सिंह, जिलाध्यक्ष एईडीसी हवलदार शाहिद अली, कैप्टन गोपीचंद, कैप्टन महीपाल सिंह,सूबेदार राजेन्द्र सिंह, इंद्रपाल सिंह, गजेन्द्र सिंह, हवलदार सोमेंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# सामिया गार्डन सिटी शहीद चौ.जबरदस्त खान को समर्पित: जमील अहमद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** बुलन्दशहर रोड पर सामिया गार्डन सिटी 1857 के शहीद चौधरी जबरदस्त खां को समर्पित है। सामिया गार्डन सिटी मुगलकालीन किले का अंश प्रतीत हो रही है। इसमें निर्मित होने वाले टावरों के नाम भी शहीदों के व सामिया गार्डन सिटी के चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर के स्वर्गीय माता पिता के नाम पर रखे गये है। जबकि एक बड़े पार्क का नाम शहीद के नाम पर रखा गया है। सामिया गार्डन सिटी गेट का नाम शहीद जबरदस्त खान के नाम पर रखा गया है। जिसका उद्घाटन 10 मई 2022 शहीद दिवस पर किया गया था।

- सामिया गार्डन में निर्मित होने वाले 7 टावरों के नाम शहीदों के नाम पर रखे गये
- सामिया गार्डन सिटी मुगलकालीन किले का अंश प्रतीत है: डा.मरगूब



सामिया गार्डन सिटी में चौ.शहीद जबरदस्त खान द्वार

आपको बता दें,कि बुलन्दशहर रोड पर बाईपास के निकट सामिया गार्डन सिटी का शिलान्यास वर्ष 2004 में किया गया। जिसके बाद से कारवां बढ़ता गया। और अब सामिया गार्डन सिटी पूर्ण रूप से विकसित हो गयी है। कालोनी में सुरक्षा की दृष्टिद से विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाये गये है। एक धार्मिक स्थल का भी निर्माण कराया गया है। मूलभूत सुविधाएं मिलने के कारण सामिया गार्डन सिटी सबसे महंगा प्रोपर्टी स्थल भी बन गया है।

सामिया गार्डन सिटी के निवासियों व शहर की जनता को शहीदों के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य को ध्यानार्थ रखते हुए इसे सन 1857 के शहीद स्वतंत्रता सेनानी जबरदस्त खान को समर्पित की गयी है। इसमें निर्मित होने वाले टावरों के नाम शहीदों के नाम पर रखे गये है।

सामिया गार्डन सिटी के असिस्टेंट जनरल मैनेजर व शहीद चौ.जबरदस्त खान के प्रपौत्र डा.मरगूब त्यागी ने बताया कि पूर्ण रूप विकसित होने पर सामिया गार्डन सिटी मुगलकालीन किले का अंश प्रतीत होने लगी है। सामिया गार्डन सिटी को 1857 के शहीद जबरदस्त खान को समर्पित किया गया।


डा.मरगूब त्यागी


जमील अहमद

उन्होंने बताया कि सामिया गार्डन सिटी के अंदर विशाल मैदान का नाम शहीद परमवीर अब्दुल हमीद के नाम पर रखा गया। जबकि निर्मित पांच टावरों के नाम बहादुरशाह जफर टावर, रानी झांसी टावर, हजरत महल टावर, अशफाक उल्लाह खान टावर, बिस्मिल टावर व दो टावरों के नाम कंपनी के चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर के स्वर्गीय माता पिता के नाम रजा टावर व बतूल टावर के नाम पर रखे गये है। जबकि सामिया गार्डन सिटी गेट का नाम शहीद चौ. जबरदस्त खान के नाम पर रखा गया है।

डा.मरगूब ने बताया कि शहीदों के बारे में युवा पीढ़ी को जानकारी मिले इस उद्देश्य को लेकर सामिया गार्डन सिटी के गेट,टावर व पार्क का नाम शहीदों के नाम पर रखे गये है।

गुणगान

## धरती से आतताइयो का किया था सर्वनाश

# भगवान परशुराम जी के स्मरण मात्र से ही भाग खड़ी होती है असुरी शक्तियां


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** परम पिता भक्त सत्य एवं न्याय के ध्वजवाहक 'भगवान परशुराम जी के स्मरण मात्र से आसुरी शक्ति भाग खड़ी होती है । धौलाना में भगवान को नमन करने की भव्य तैयारी है। युवा वर्ग अधिक उत्साहित दिखाई दे रहा है। जो अपने आराध्य देव की पूजा की तैयारी में जुटे है । लेकिन भगवान परशुराम क्या है ये भी समझना जरूरी है ।

**10 मई को श्री भगवान परशुराम जी का किया जायेगा गुणगान**

समर जगत के आराध्य देव भगवान विष्णु जी के छठे अवतार भृगुकुल तिलक, अजर, अमर, अविनाशी, अष्ट चिरंजीवियों में सम्मिलित समस्त शस्त्र एवं शास्त्रों के ज्ञाता भगवान परशुराम जी का प्राकट्य वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया अर्थात अक्षय तृतीया के दिन माता रेणुका के गर्भ से हुआ। परशुराम जी के पिता ऋषि जमदग्नि वेद शास्त्रों के महान ज्ञाता थे। योगी होते हुए भी भगवान परशुराम जी ने शस्त्र उठाकर सत्य, समानता एवं सामाजिक न्याय की अवधारणा से पोषित सत्य सनातन धर्म की स्थापना की। राजा सहस्त्रार्जुन को भगवान दत्तात्रेय से अजेय होने का वरदान प्राप्त था। एक समय सहस्त्रार्जुन भगवान परशुराम जी के पिता ऋषि जमदग्नि के आश्रम में आए आश्रम की संपन्नता देख वह आश्चर्यचकित हो गए। जब उनको ज्ञात हुआ कि यह सब कामधेनु गाय की कृपा है, तब वह बलपूर्वक कामधेनु को ले गए। जब भगवान परशुराम जी को यह ज्ञात हुआ तो उन्होंने उन्हें मार्ग में रोक कर उनसे युद्ध किया और उनका वध कर दिया।

इसकी प्रतिक्रिया स्वरूप सहस्त्रार्जुन के पुत्रों ने ऋषि जमदग्नि का वध कर दिया। तब भगवान परशुराम ने 21 बार ऐसे आततायी व अधर्मी राजाओं को इस धरातल से मुक्त किया तथा प्रजा में अभय व शांति का वातावरण स्थापित किया। भगवान परशुराम जी ने आरम्भिक शिक्षा महर्षि विश्वामित्र एवं महर्षि ऋचीक के आश्रम में प्राप्त की तथा महर्षि ऋचीक से ही उन्हें शाईंग नामक दिव्य वैष्णव धनुष और ब्रह्मर्षि कश्यप से विधिवत अविनाशी वैष्णव मन्त्र प्राप्त हुआ। भृगुकुल में उत्पन्न



परशुराम जी सदैव अपने गुरुजनों तथा माता-पिता की आज्ञा का पालन किया । भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव समारोह 10 मई को है । जिसे बड़े धूमधाम से मनाया जायेगा।

भगवान शिव द्वारा प्रदान अमोघ परशु (फरसे) से इनका नामकरण परशुराम हुआ। भगवान शिव की कृपा से ही भगवान परशुराम जी को भगवान श्रीकृष्ण का त्रैलोक्य विजय कवच प्राप्त हुआ। भगवान परशुराम जी ने भीष्म, द्रोण व कर्ण को भी शस्त्र विद्या प्रदान की। विघ्नहर्त्ता भगवान गणेशजी को एकदंत करने वाले भी भगवान परशुराम जी ही थे।

इनकी परशुराम गायत्री है-ओम जामदग्न्याय विद्महे महावीराय धीमहि तन्नो परशुरामः प्रचोदयात वैदिक भगवान परशुराम जी ने ब्राह्मण कुल में जन्म लेकर न केवल वेद-शास्त्रों का ज्ञान प्राप्त किया, अपितु क्षत्रिय स्वभाव को धारण करते हुए शस्त्रों को भी धारण किया तथा इससे वह समस्त सनातन जगत के आराध्य तथा समस्त शस्त्रों तथा शास्त्रों के ज्ञाता कहलाए।

भगवान परशुराम जी की क्षमाशीलता, दानशीलता, सनातन मयार्दा, न्यायप्रियता, मातृ-पितृ भक्ति समस्त मानवीय समाज के लिए अनुकरणीय एवं वंदनीय है। भगवान परशुराम जी की पावन कीर्ति युगों-युगों तक अमर रहेगी। हाथ में परशु धारण करने वाले भगवान परशुराम जी को मेरा बार बार नमस्कार है।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारी में जुटा ब्राह्मण समाज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** कल 10 मई अक्षय तृतीया को शहर में ब्राहमण समाज द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य शोभा यात्रा निकालने की तैयारी जोरों पर की जा रही है। बुधवार को विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर ग्रामीणों से शोभा यात्रा में शामिल होने का आहवान भी किया।


10 मई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली जायेगी भव्य शोभा यात्रा

ब्राहमण समाज युवा कार्यकर्ता सुयश वशिष्ठ ने बताया कि 10 मई को भगवान परशुराम जयंती पर निकाली जाने वाली भव्य शोभा यात्रा दिल्ली रोड स्थित कैला मंदिर से आरंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए स्वर्ग आश्रम रोड स्थित परशुराम भवन पर पहुंचकर संपन्न होगी। शोभा यात्रा में विभिन्न आकर्षक झांकियों को शामिल किया गया है।

उन्होंने बताया कि शोभा यात्रा में शामिल होने के लिए ग्राम हुमायूंपुर,मीरपुर कला,मोरपुर,नली भड़ंगपुर सावई आदि गांव में ब्राह्मण समाज के लोगों से संपर्क भगवान परशुराम जन्म उत्सव पर निकाली जाने वाली शोभा यात्रा शामिल होने का आहवान किया। इस अवसर पर उपेन्द्र शर्मा,डिंपल शर्मा, पिंटू शर्मा,सुधीर शर्मा,वीरपाल शर्मा, सुरेश शर्मा,हरेन्द्र शर्मा,संजीव शर्मा,ललित शर्मा,कपिल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# भारत के लिए चुनौतीपूर्ण



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

हिन्द महासागर में शक्ति संतुलन बनाए रखने के लिए बीजिंग और नई दिल्ली, दोनों मालदीव को अपने प्रभाव क्षेत्र में रखने के लिए कृतसंकल्पित रहे हैं। इसका असर मालदीव की घरेलू राजनीति पर भी देखने को मिल रहा है।

भारतीय उपमहाद्वीप के दक्षिण पश्चिम में स्थित इस द्वीपीय देश में मुइज्जू के राजनीतिक उभार से भारत की समस्याएं बढ़ रही हैं। दरअसल, मुइज्जू भारत की मालदीव में उपस्थिति को अनियंत्रित बता कर देश की सत्ता के शीर्ष पर आए हैं, और भारत विरोध की नीति के सहारे देश की संसद में पूर्ण बहुमत हासिल करने में कामयाब हो गए हैं। लेकिन अब मुइज्जू ने जिस प्रकार देश की संसद में भी बंपर बहुमत हासिल किया है, उससे लगता है कि उनके भारत विरोध और चीन परस्त नीतियों को जनता ने पसंद किया है। ऐसे में यह विचार लाजिमी है कि आखिर, मालदीव की जनता भारत जैसे विसनीय मित्र के खिलाफ जाकर चीन की कुटिल कर्जनीति में क्यों उलझना चाहती है, और इसके दूरगामी परिणाम भारत के लिए कितने चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। जनसंख्या की लिहाज से बहुत छोटे इस इस्लाम बाहुल्य देश में पिछले कुछ वर्षों में परंपरावाद को उभारने की कोशिशें राजनीतिक फायदा देने वाली साबित हुई हैं।

खाड़ी देशों में रोजगार के लिए जाने वाले मालदीव के हजारों नागरिकों की कथित धार्मिक अभिव्यक्ति को मुइज्जू ने वोट में बदलने में कामयाबी हासिल कर ली है। उन्होंने भारत से ऐतिहासिक जुड़ाव को नजरअंदाज कर बदलती परिस्थितियों में तुर्की, पाकिस्तान और सऊदी अरब की ओर रुख किया। फिलिस्तीन जैसे भावनात्मक मुद्दे को धार्मिक आधार पर उठाया तथा इस्लामिक आदर्शवाद पर आधारित नये मालदीव की परिकल्पना को राजनीतिक आधार पर जनता के सामने रखा। मुइज्जू ने संसद में संविधान में संशोधन के लिए आवश्यक दो तिहाई बहुमत हासिल कर लिया है। अर्थ यह कि वे राजनीतिक संस्थागत दृष्टिकोण से, सब कुछ नियंत्रित कर सकते हैं खासकर न्यायपालिका की शक्तियां भी प्रभावित हो सकती हैं। मालदीव में राजनीतिक उथल-पुथल का इतिहास रहा है। भारत समर्थक राजनीतिक दलों पर अंकुश लगाने के लिए मुइज्जू प्रमुख नेताओं को जेल में डाल सकते हैं। मुइज्जू ने सत्ता में आने के बाद चीन से मजबूत रिश्तों को तरजीह दी। वे अब तक नई दिल्ली नहीं आए हैं, बीजिंग की राजकीय यात्रा पर जाकर निवेश के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। चीन के साथ गैर-घातक हथियारों को मुफ्त में देने के साथ-साथ मालदीव के सुरक्षा बलों को प्रशिक्षित करने के लिए एक सैन्य सहायता समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। भारत और अमेरिका ने पहले मालदीव की सेना को प्रशिक्षित किया था। भारत मालदीव को हिन्द महासागर क्षेत्र में प्रमुख समुद्री भागीदार के रूप में मान्यता देता है। यह द्वीपीय राष्ट्र भौगोलिक दृष्टि से भारत और कुछ प्रमुख अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों पर नजर रखता है। भारत ने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि मालदीव व्यापार, पर्यटन और शिपिंग के लिए रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण है। मालदीव रणनीतिक रूप से लक्षद्वीप द्वीप समूह से केवल सात सौ किलोमीटर और भारत की मुख्य भूमि से बारह सौ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। मालदीव में चीन का बढ़ता प्रभाव भारत से इसकी निकटता को देखते हुए महत्त्वपूर्ण सुरक्षा चिंताओं को जन्म देता है। हिन्द महासागर क्षेत्र में चीन ने तेजी से सैन्य आधुनिकीकरण किया है, इससे भारत की सामरिक और आर्थिक क्षमताओं के सामने चुनौतियां बढ़ गई हैं। हिन्द महासागर में बीजिंग के बढ़ते प्रभाव और उसकी महत्त्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड पहल में मुइज्जू की दिलचस्पी कम नहीं है।

-डॉ. ब्रह्मदीप अलूने

# भारत में अंगदान की कमी से जा रही लोगों की जान



डॉ. सत्यवान सौरभ

**एक मृत अंग दाता आठ लोगों की जान बचा सकता है। दान की गई दो किडनी दो रोगियों को डायलिसिस उपचार से मुक्त कर सकती हैं। दान किए गए एक लीवर को प्रतीक्षा सूची के दो रोगियों के बीच विभाजित किया जा सकता है। दो दान किए गए फेफड़ों का मतलब है कि दो अन्य रोगियों को दूसरा मौका दिया गया है, और एक दान किए गए अग्न्याशय और दान किए गए हृदय का मतलब दो और रोगियों को जीवन का उपहार प्राप्त करना है। एक ऊतक दाता - कोई व्यक्ति जो हड्डी, टेंडन, उपास्थि, संयोजी ऊतक, त्वचा, कॉर्निया, श्वेतपटल, और हृदय वाल्व और वाहिकाओं को दान कर सकता है - 75 लोगों के जीवन को प्रभावित कर सकता है। भारत में अंग दान की प्रतिज्ञा को वास्तविक दान में तब्दील करने की जरूरत है और इसके लिए मेडिकल स्टाफ को शिक्षित करने की जरूरत है। उन्हें मस्तिष्क मृत्यु और अंग दान के महत्व के बारे में परिवारों को पहचानने, पहचानने, सूचित करने और परामर्श देने में सक्षम होना चाहिए**

देश में तीन लाख मरीज अंगदान का इंतजार कर रहे हैं और देश में दाताओं की संख्या में वृद्धि मांग के अनुरूप नहीं है; विशेषज्ञों का कहना है कि देश को तत्काल मृतक दान दर बढ़ाने की जरूरत है, और आईसीयू डॉक्टरों और परिवारों के बीच इस बारे में अधिक जागरूकता होनी चाहिए कि कैसे एक मृतक दानकर्ता कई जिंदगियां बचा सकता है। तीन लाख से अधिक रोगियों की प्रतीक्षा सूची और अंग के इंतजार में हर दिन कम से कम 20 लोगों की मृत्यु के साथ, भारत में अंग दान की कमी, विशेष रूप से मृतक दान, भारी नुकसान उठा रही है। भारत में मृतक अंगदान की दर पिछले एक दशक से प्रति दस लाख की आबादी पर एक दाता से कम रही है। भारत को इसे प्रति मिलियन जनसंख्या पर 65 दान तक बढ़ाने की आवश्यकता है और ऐसा करने के लिए, सार्वजनिक क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवा को आगे बढ़ना होगा। देश में लगभग 600 मेडिकल कॉलेज और 20 से अधिक एम्स हैं। अगर हमें हर साल उनसे एक-एक दान भी मिले तो हम बेहतर स्थिति में रहेंगे।' दुनिया भर में भी, अंगों की आवश्यकता वाले केवल 10% रोगियों को ही समय पर अंग मिल पाते हैं। स्पेन और अमेरिका में बेहतर अंग दान प्रणाली है, जहां प्रति मिलियन 30-50 दान की दर है। मरीजों के परिवारों को आगे आने और दान करने में मदद करने के लिए ट्रॉमा और आईसीयू डॉक्टरों को प्रशिक्षित करना समय की मांग है, कई संभावित मामलों की उपलब्धता के बावजूद, भारत में अंग दान की कम दर मस्तिष्क मृत्यु या मस्तिष्क स्टेम मृत्यु मामलों की अपर्याप्त पहचान और प्रमाणीकरण के कारण हो रही है। अंगदान के मामले में देश का वार्षिक औसत अब भी प्रति दस लाख लोगों पर एक से भी कम दाता है।

सड़क परिवहन के आंकडों के मुताबिक भारत में हर साल, करीब 150,000 लोग सड़कों पर मारे जाते हैं। इसका मतलब औसतन हर रोज सड़कों पर 1000 से ज्यादा दुर्घटनाएं होती हैं और 400 से ज्यादा लोग दम तोड़ देते हैं। अंग दान में मृत डोनर के अंगों- जैसे हृदय, यकृत (लिवर), गुर्दे (किडनी), आंतें, आंखें, फेफड़े और अग्न्याशय (पैनक्रियाज) को निकाल कर दूसरे व्यक्ति के शरीर में प्रत्यारोपित कर दिया जाता है, जिसे जीवित रहने के लिए उनकी जरूरत है। एक मृत डोनर, जिसे कैडेवर भी कहा जाता है, इस तरह नौ लोगों की जान बचा सकता है। हालांकि हेल्थ प्रोफेश्नल आमतौर पर अंगदान के विषय पर मृतक के परिजनों से बात करने में अटपटा महसूस करते हैं। डॉक्टर मृतक के अंगों को दान देने के बारे में पूछने से कतराते हैं। कोई इस बारे में प्रोत्साहन भी नहीं है और बदले की कार्रवाई का डर भी रहता है।

जनता अनिच्छुक और अविश्वासी है क्योंकि वे मस्तिष्क मृत्यु, अंग दान के विचार या इसके फायदों को पूरी तरह से नहीं समझते हैं। मृत्यु के बाद शरीर के बारे में सांस्कृतिक रीति-रिवाज सहमति में बाधा डाल सकते हैं, और कुछ धार्मिक मान्यताएँ अंग दान पर रोक लगाती हैं।भारत में पर्याप्त प्रत्यारोपण केंद्र, आवश्यक प्रशिक्षण वाले चिकित्सा पेशेवर या अंगों की पुनर्प्राप्ति, संरक्षण और परिवहन के लिए संसाधन नहीं हैं। अंग दान के लिए परिवार की सहमति प्राप्त करना अक्सर आवश्यक होता है। यह एक लंबी और भावनात्मक रूप से कठिन प्रक्रिया हो सकती है, जो दान में देरी कर सकती है या उसे रोक भी सकती है। यहां तक कि ऐसे मामलों में जहां अंग उपलब्ध हैं, कई रोगियों की पहुंच प्रत्यारोपण सर्जरी और पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल की उच्च लागत के कारण और भी सीमित है। अंग विफलता वाले कई मरीज अंग की तीव्र कमी के परिणामस्वरूप प्रत्यारोपण का इंतजार करते समय मर जाते हैं।अगों की अत्यधिक आवश्यकता के कारण अवैध अंग व्यापार नेटवर्क को बढ़ावा मिलता है, जो कमजोर लोगों को नैतिक और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के साथ-साथ शोषण के खतरे में डालता है। अंगों की सीमित आपूर्ति के कारण स्वास्थ्य संबंधी असमानताएं बढ़ जाती हैं, जिससे पैसे वाले लोगों के लिए इसकी संभावना अधिक हो जाती है। जीवनरक्षक प्रत्यारोपण प्राप्त करें। डायलिसिस और अन्य सहायक देखभाल उन कई संसाधनों में से हैं जिन पर अंतिम चरण के अंग विफलता वाले रोगियों के प्रबंधन के कार्य द्वारा भारी कर लगाया जाता है। सभी बातों पर विचार करने पर, भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली निम्न अंगदान दरों से बहुत प्रभावित होती है, जिसके परिणामस्वरूप टाली जा सकने वाली मौतें, अनैतिक व्यवहार और जीवन रक्षक देखभाल तक असमान पहुंच होती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी को अंग प्रत्यारोपण तक उचित पहुंच मिले, इन मुद्दों को संबोधित करने के लिए एक बहुआयामी रणनीति की आवश्यकता है जिसमें नैतिक विचार, कानूनी सुधार, बुनियादी ढांचे का विकास और सार्वजनिक शिक्षा शामिल है। एक मृत अंग दाता आठ लोगों की जान बचा सकता है। दान की गई दो किडनी दो रोगियों को डायलिसिस उपचार से मुक्त कर सकती हैं।

दान किए गए एक लीवर को प्रतीक्षा सूची के दो रोगियों के बीच विभाजित किया जा सकता है। दो दान किए गए फेफड़ों का मतलब है कि दो अन्य रोगियों को दूसरा मौका दिया गया है, और एक दान किए गए अग्न्याशय और दान किए गए हृदय का मतलब दो और रोगियों को जीवन का उपहार प्राप्त करना है। एक ऊतक दाता - कोई व्यक्ति जो हड्डी, टेंडन, उपास्थि, संयोजी ऊतक, त्वचा, कॉर्निया, श्वेतपटल, और हृदय वाल्व और वाहिकाओं को दान कर सकता है। 75 लोगों के जीवन को प्रभावित कर सकता है। भारत में अंग दान की प्रतिज्ञा को वास्तविक दान में तब्दील करने की जरूरत है और इसके लिए मेडिकल स्टाफ को शिक्षित करने की जरूरत है। उन्हें मस्तिष्क मृत्यु और अंग दान के महत्व के बारे में परिवारों को पहचानने, पहचानने, सूचित करने और परामर्श देने में सक्षम होना चाहिए।

## आकृती ऐसी बनाना चाहता हूं

आकृती ऐसी बनाना चाहता हूं
जो सीधी भी,
सादी भी,
बोल दे सारी मन की व्यथा भी।

फूलों की दीपमाला सी
धूप दीप सी
मंत्रोचार सी।

जिसे चाह ना हो माया की,
खुली हर पीड़ित के लिए
जिसकी बाहें हो।

नयन जिसके आतुर हो
हर पल हर घड़ी
प्रभु दर्शन के लिए।

हर दिल की पीड़ा घोले
आंखों में जिसकी
झलकता प्यार हो।

हंसी में जिसकी
हरसृंगार फूल सा खिलता
रुपहला सारा संसार हो।

आकृती बनाना चाहता हूं
इंद्रधनुषी रंगों सेओत-प्रोत
मानवीय संभावनाओं के
के नीले नीले आकाश सी।



संजीव ठाकुर

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

### वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# विश्व अस्थमा दिवस 2024: अस्थमा की रोकथाम के लिए बचाव और सतर्कता है जरूरी

दुनिया भर के लोगों में अस्थमा सांस से जुड़ी हुई एक गंभीर समस्या बनी हुई है। अक्सर सतर्कता के अभाव में इस बीमारी के कई गंभीर परिणाम सामने आते हैं इसलिए लोगों में इस बीमारी के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से मई के पहले मंगलवार को विश्व अस्थमा दिवस मनाया जाता है। आइये इस लेख के माध्यम से समझते हैं कि अस्थमा किस तरह से नुकसान पहुंचाती है और किस तरह से इस बीमारी का बचाव किया जा सकता है।

**क्या है अस्थमा -**

डॉक्टर अनिमेष आर्या, सीनियर कंसल्टेंट, प्लूमोनोलॉजी, श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट ने बताया कि अस्थमा फेफड़ों को प्रभावित करने वाली बीमारी है, जिसमें सबसे पहले तो आपकी सांस की नली में सूजन आ जाती है और यहां सिकुड़न पैदा हो जाती है, जिसके चलते सांस की नली में अतिरिक्त बलगम पैदा हो जाता है और सांस लेने में समस्या होने लगती है। व्यक्ति में यह स्थिति लगातार बने रहने से गंभीर खांसी और जकड़न जैसी समस्याएं पैदा हो जाती है। यह बीमारी किसी भी उम्र के लोगों में विकसित हो सकती है लेकिन ज्यादातर बच्चे इस बीमारी से आसानी से प्रभावित हो जाते हैं। इसलिए सांस की इस बीमारी को भूलकर भी नजरअंदाज ना करें क्योंकि लंबे समय तक बीमारी के बने रहने से ये अनियंत्रित हो जाती है जिससे व्यक्ति के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

**अस्थमा के कारण-**

डॉ. नवनीत सूद, सीनियर कंसल्टेंट,पल्मोनोलॉजी और स्लीप मेडिसिन, धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल, दिल्ली के अनुसार अस्थमा की बीमारी के कई कारण हो सकते हैं। इसके सामान्य कारणों में प्रदूषण के संपर्क में रहना, अधिक धूम्रपान करना, लंबे समय तक रेस्पिरेटरी इनफेक्शन या वायरल संक्रमण से प्रभावित होना, अधिक तनाव और मोटापा जैसे कारण शामिल हैं। यदि आपके परिवार में पहले भी लोग इस बीमारी से प्रभावित रहे हैं तो संभावना है कि आप भी इस बीमारी की चपेट में आ जायें। इसके अलावा यदि आप ऐसी जगह काम करते हैं जहां आपको नियमित रूप से रासायनिक गैस और धुएं के संपर्क में रहना पड़ता है तो भी आप इस बीमारी से प्रभावित हो सकते हैं। अस्थमा की रोकथाम के लिए इस बीमारी के कारणों को समझकर सतर्क रहना आवश्यक है।

**अस्थमा के लक्षण-**

डॉ. सुजान बर्धन, कंसल्टेंट - पल्मोनोलॉजी, नारायणा हेल्थ, आर.एन टैगोर हॉस्पिटल ने बताया कि अस्थमा के लक्षण सभी व्यक्तियों में एक जैसे नहीं होते हैं। अलग-अलग व्यक्तियों में लक्षण भी अलग हो सकते हैं। कुछ लोगों के लिए यह एक सामान्य स्वास्थ्य समस्या है, जबकि अन्य लोगों के लिए यह एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। सामान्य रूप से इसके लक्षणों में सांस लेने में कठिनाई होना और सीने में जकड़न महसूस होना जैसे लक्षण आम हैं। इसके अलावा बलगम वाली खांसी, गंभीर स्थिति में खांसी के दौरे आना और सोने में समस्या होना जैसे लक्षण भी महसूस हो सकते हैं, सांस छोड़ते समय घरघराहट होना बच्चों में अस्थमा का एक सामान्य लक्षण है। बीमारी से बचाव के लिए लक्षणों पर ध्यान देना जरूरी है जिससे अस्थमा को सही समय पर नियंत्रित किया जा सके।

**अस्थमा की बीमारी से बचाव-**

डॉ. श्वेता बंसल, सीनियर कंसल्टेंट, पल्मोनोलॉजी एंड स्लीप मेडिसिन, नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम ने बताया कि, अस्थमा की बीमारी को पूरी तरह से खत्म नहीं किया जा सकता है लेकिन सावधानी, बचाव और नियंत्रण के माध्यम से इस बीमारी के प्रभाव को काफी कम किया जा सकता है। सबसे पहले तो अस्थमा से बचाव के लिए अपने आसपास साफ सफाई रखें, धूल, मिट्टी और धुएँ से बचें। फेफड़ों को हेल्दी रखने के लिए नियमित रूप से योग व्यायाम और वॉकिंग के साथ पौष्टिक भोजन को प्राथमिकता दें, अधिक तेल और ठंडी चीजों के सेवन से बचें, धूम्रपान न करें, बाहर मास्क पहनकर निकलें, अधिक भाग दौड़ वाले कामों से बचें, यात्रा के दौरान अपना इनहेलर साथ रखें क्योंकि वे मुख्य उपचार हैं और सुरक्षित हैं, अपनी दवाइयों को सही समय से लें, नियमित रूप से डॉक्टर के संपर्क में रहें।

**- विनिता झा**

## गुरुवार का राशिफल

**मेष** — नवदंपति का जीवन सुखमय होगा, प्रतियोगी परीक्षा की उत्तम तैयारी होगी, व्यापार का कर्ज उतरेगा, ट्रेडिंग, औषधि, वनस्पति तेल व्यवसाय चलेगा। भाग्य प्रतिशत-80

**वृषभ** — मेहनत का स्तर बढ़ेगा साथ ही बाधा दूर होगी, जल्दबाजी से बचना होगा, ज्यूडिशियल सेवा में ट्रांसफर हो सकता है, ठेकेदारी कार्य से लाभ होगा। भाग्य प्रतिशत-73

**मिथुन** — मोतियाबिंद,माइग्रेन, माहवारी में समस्या आ सकती है, सरकार का कड़ा आदेश मिल सकता है, पाचनतंत्र का ध्यान रखें, शहर से बाहर जाना होगा। भाग्य प्रतिशत-53

**कर्क** — हृदय की गति बढ़ सकती है तनावमुक्त रहने का प्रयास करे, किसी कार्य में एकदम निवेश ना करे पैसे वापिस नहीं मिलेंगे, टैक्स आदि के कागज बनवा सकते है। भाग्य प्रतिशत-48

**सिंह** — शिक्षा का लाभ करियर में मिल जाएगा, प्रेम समबन्ध को विवाह की मंजूरी मिलेगी,मित्र या पड़ोसी की मदद कर सकते है।
भाग्य प्रतिशत-65

**कन्या** — कार्य को करने के लिए रिस्क ना ले जिससे आर्थिक संघर्ष बढ़े, किसी केस में गवाही से बचें, पीएचडी के रिसर्च पेपर तैयार करेंगे। भाग्य प्रतिशत-54

**तुला** — नौकरी में अपनी दक्षता का प्रदर्शन करेंगे,किराये के घर को बदलना पड़ सकता है, अकाउंट सम्बन्धित कोई कोर्स कर सकते है। भाग्य प्रतिशत-67

**वृश्चिक** — तर्क क्षमता अच्छी होगी, पत्रकार, वकील, अध्यापक की बातों का प्रभाव बढ़ेगा, संगीत इंस्ट्रूमेंट, फूड लाइन, आर्टिफिशल ज्वेलरी सम्बन्धित व्यवसाय में उन्नति करेंगे। भाग्य प्रतिशत-76

**धनु** — लेखन, कवि, विज्ञापन, टेक्सटाइल सम्बन्धित क्षेत्र में उन्नति करेंगे, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी अच्छी होगी, हार्मोन बिगड़ सकते है ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-62

**मकर** — तनाव बढ़ेगा, सेहत के लिए समय ठीक नहीं है कार्यक्षमता पर असर पड़ेगा, केटरिंग, सैलून, मिठाई, स्ट्रीट फूड, आर्ट सम्बन्धित कार्य के लिए अच्छा समय है। भाग्य प्रतिशत-60


**कुंभ** — फैसले सोच समझकर करें, अधिक रिस्क लेने वाले काम छोड़ दे मुश्किल में आ सकते है, संतान रोगग्रस्त, क्रोधी हो सकती है ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-50

**मीन** — फैशन डिजाइनिग, कारीगरी, ब्युटी पार्लर कार्य में सफलता मिलेगी, पुरुष से विवाद से बचे, ।बोलने से पहले विचार करें।
भाग्य प्रतिशत-62



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# डिजिटल मीडिया ने संचार को कैसे बदल दिया है



विजय गर्ग

आज इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया की अपार लोकप्रियता और व्यापकता के बीच हमारे लिए यह कल्पना करना कठिन है कि एक समय ऐसा भी रहा होगा जब प्रिंट मीडिया का आविष्कार हुआ होगा। प्रारंभिक सभ्यताएँ मौखिक संचार पर निर्भर थीं। यदि कोई समाचार बताना होता था तो वे उस बात को दूसरों तक फैलाने के लिए दौड़ते थे, जो अंततः ऐसा ही करते थे और अंततः समाचार को सभी तक फैलाते थे। उसके बाद लोगों ने चित्र के रूप में और अपरिष्कृत भाषाओं में समाचार लिखना शुरू कर दिया। जहां प्रतीकों का अर्थ शब्दों और अक्षरों से था। और फिर कागज और प्रिंटिंग प्रेस के आविष्कार के साथ प्रिंट मीडिया अस्तित्व में आया। और उसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। प्रिंट मीडिया मुख्य रूप से समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के माध्यम से समाचार बताने का मुद्रित संस्करण है। प्रिंटिंग प्रेस के आने से पहले, मुद्रित सामग्री को हाथ से लिखना पड़ता था। यह काफी लंबी प्रक्रिया थी जिसने बड़े पैमाने पर वितरण को असंभव बना दिया था।

कुछ वर्ष पहले तक प्रिंट मीडिया (समाचार पत्र, पत्रिकाएँ) समाचार और मनोरंजन का मुख्य स्रोत था। लेकिन अब डिजिटल मीडिया (वेबसाइट, ऐप्स, सोशल मीडिया) प्रिंट मीडिया को कड़ी टक्कर दे रहा है जिसके परिणामस्वरूप इन दोनों के महत्व पर बहस छिड़ गई है। प्रिंट मीडिया के लाभ 1. प्रिंट मीडिया अधिक भरोसेमंद है क्योंकि एक बार समाचार प्रकाशित होने के बाद उसे संशोधित या हटाया नहीं जा सकता है। लेकिन डिजिटल मीडिया में, हम सामग्री को संशोधित या हटा सकते हैं। समाचार पत्र और पत्रिका प्रकाशक समाचार या लेख प्रकाशित करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतते हैं। इसलिए प्रिंट मीडिया डिजिटल मीडिया की तुलना में अधिक भरोसेमंद है। 2. प्रिंट मीडिया को पढ़ने से बहुत समय बच सकता है क्योंकि सारी सामग्री एक समाचार पत्र या पत्रिका में संकलित होती है। 3. इन दिनों सभी अध्ययन और कार्यों में कई लोगों के लिए स्क्रीन टाइम शामिल है। इस स्थिति में प्रिंट मीडिया एक ब्रेक और राहत की तरह है।

अब अधिक से अधिक लोग कुछ डिजिटल डिटॉक्स समय चाहते हैं। और फिर प्रिंट मीडिया उनके लिए बहुत उपयोगी है। 4. जब हम समाचार पत्र पढ़ते हैं तो कोई ध्यान भटकता नहीं है और हम पूरी तरह से उस पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। यह डिजिटल मीडिया की तुलना में प्रिंट मीडिया का एक फायदा है। 5. भारत के कुछ दूरदराज के इलाकों में इंटरनेट की पहुंच अभी भी बहुत सीमित है। और फिर दुनिया भर की नवीनतम घटनाओं से अपडेट रहने के लिए प्रिंट मीडिया उनके लिए एक वरदान है। प्रिंट मीडिया के नुकसान 1. यह सिर्फ एकतरफा संचार है। यह जनता को जानकारी देता है लेकिन उपभोक्ता अपनी राय साझा नहीं कर सकते। यह एक तरह से उपयोगकर्ता के अनुकूल नहीं है। 2. किसी अखबार या पत्रिका संग्रह में किसी पुराने लेख को खोजना बहुत मुश्किल काम है। 3. प्रिंट मीडिया किसी विशिष्ट दर्शक वर्ग को लक्षित नहीं कर सकता है, लेकिन डिजिटल मीडिया विभिन्न प्रकार के दर्शकों को अलग-अलग विज्ञापन दिखा सकता है और इस प्रकार अधिक राजस्व उत्पन्न कर सकता है। 4. प्रिंट मीडिया विकलांग लोगों के लिए मददगार नहीं है। उदाहरण के लिए, डिजिटल मीडिया सामग्री के ऑडियो संस्करण देकर दृष्टिबाधित लोगों की मदद करता है। डिजिटल मीडिया के लाभ 1. डिजिटल मीडिया तेजी से अपडेट देता है और हमें नवीनतम घटनाओं से अवगत रखता है, जबकि प्रिंट मीडिया डिजिटल की तुलना में धीमा संस्करण है। यह डिजिटल मीडिया को अधिक परेशानी मुक्त तरीके से तुरंत समाचार प्राप्त करने का एक अधिक उचित विकल्प बनाता है। 2. डिजिटल मीडिया दोतरफा संचार है। उपभोक्ता तुरंत अपनी राय, विचार और प्रतिक्रिया साझा कर सकते हैं। यह पाठकों को समुदाय की भावना देता है। 3. यह पर्यावरण के अनुकूल है जबकि प्रिंट मीडिया को पेड़ों से प्राप्त कागज की आवश्यकता होती है जिसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर उनका विनाश होता है। 4. प्रसिद्ध समाचार पत्र भी अपने ऑनलाइन समाचार पोर्टल स्थापित कर रहे हैं। इसका कारण डिजिटल मीडिया का बढ़ता महत्व है। 5. छोटी कंपनियाँ डिजिटल मीडिया पर आसानी से विज्ञापन दे सकती हैंप्लेटफॉर्म क्योंकि यह प्रिंट मीडिया पर विज्ञापन देने से कम महंगा है। 6. डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म पुरानी सामग्री से भी राजस्व उत्पन्न कर सकते हैं। इसलिए उन्हें अधिक राजस्व मिलेगा और सामग्री की गुणवत्ता को अद्यतन करने के लिए अधिक निवेश कर सकते हैं। 7. डिजिटल मीडिया प्रिंट मीडिया के विपरीत लोकतांत्रिक है जिसका निजीकरण किया जाता है और अक्सर बड़े व्यवसायों द्वारा चलाया जाता है। 8. स्मार्टफोन उपयोगकर्ता तेजी से बढ़ रहे हैं और इसलिए कई डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म विज्ञापनों के कारण मुफ्त में सामग्री पेश कर रहे हैं। डिजिटल मीडिया के नुकसान 1. चूंकि कोई भी डिजिटल मीडिया के लिए आसानी से सामग्री तैयार कर सकता है, इसलिए फर्जी खबरें बढ़ रही हैं। इसलिए जब तक वे प्रसिद्ध न हों और उनका अच्छा नाम न हो, डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म जनता के लिए भरोसेमंद नहीं हैं। 2. प्रिंट मीडिया केवल महत्वपूर्ण खबरें ही प्रकाशित करता है। लेकिन डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म छोटी से लेकर बड़ी हर चीज प्रकाशित करते हैं इसलिए उनमें बहुत सारी अनावश्यक खबरें होती हैं। 3. ज्यादा देर तक स्क्रीन देखते रहने से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां भी होती हैं। 4. कई डिजिटल मीडिया पूरे दिन सामग्री प्रकाशित करते हैं। इसलिए लोग हमेशा नई सामग्री की जांच कर सकते हैं और इसलिए लोग समाचार और मनोरंजन सामग्री के बहुत अधिक आदी हो रहे हैं। यह उनमें से अधिकांश के लिए 'हेडलाइन तनाव विकार' का कारण बन रहा है। डिजिटल बनाम प्रिंट मीडिया आज उपभोक्ता प्रिंट के साथ-साथ बहुत सारे डिजिटल मीडिया के संपर्क में हैं। स्मार्टफोन और टैबलेट का प्रचलन बढ़ रहा है और उन्हें जोड़ने वाले वायरलेस नेटवर्क का मतलब है कि अधिक से अधिक लोग डिजिटल उपकरणों को देखते हैं। इसका मतलब यह भी है कि अधिक से अधिक उपभोक्ता डिजिटल उपकरणों पर विज्ञापन देखते हैं। मार्केटिंग और विज्ञापन के लिए डिजिटल मीडिया के कई फायदे हैं। यह प्रत्येक अभियान के विवरण के आधार पर प्रिंट मीडिया की तुलना में कम महंगा हो सकता है। डिजिटल अभियान तेजी से तैयार, लॉन्च और अपडेट भी किए जा सकते हैं।

प्रिंट की तुलना में डिजिटल मीडिया कई मायनों में इंटरैक्टिव है। सोशल मीडिया पर प्रचार विपणक को सवालों के जवाब देने और प्रोत्साहन देने के लिए मैसेजिंग, कमेंटिंग, ट्वीटिंग, वॉल पोस्टिंग आदि का उपयोग करके उपभोक्ताओं के साथ सीधे संवाद करने की अनुमति देता है। उपयोगकर्ता डिजिटल दस्तावेज की खोज करने में सक्षम हैं। डिजिटल विज्ञापन प्रिंट विज्ञापनों की तुलना में कौन देखता है, इस पर अधिक नियंत्रण की अनुमति देता है ताकि विपणक उन्हें विशिष्ट जनसांख्यिकी के लिए अधिक आसानी से लक्षित कर सकें। कई डिजिटल विज्ञापन उपभोक्ता जानकारी उत्पन्न कर सकते हैं और साथ ही यह जानकारी भी दे सकते हैं कि वास्तव में विज्ञापन कौन देख रहा है।

# इंडस्ट्रियल विजिट में विद्यार्थियों ने जाना लाइव रिपोर्टिंग के गुर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** पत्रकारिता के साथ रंगमंच और कला-संस्कृति का पारस्परिक संबंध समझने को मिला इंडस्ट्रीयल विजिट में स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा नोएडा और नई दिल्ली के कतिपय मीडिया हाउस एवं नाट्यएवं कला संस्थान तथा संवाद समिति का भ्रमण किया गया। इस औद्योगिक विजिट के दौरान विद्यार्थियों ने सबसे पहले नोएडा के फिल्म सिटी में स्थित राष्ट्रीय स्तर के टीवी चैनल न्यूज 24 का भ्रमण किया गया। यहां पर विद्यार्थियों ने समाचार संकलन से लेकर उसके प्रसारण तक की पूरी प्रक्रिया को जीवंत रूप में देखा और समझा। इसी के साथ चैनल की विभिन्न चरणों में होने वाली तकनीकी प्रक्रिया को भी देखा जिसमें प्रोडक्शन कंट्रोल रुम (पीसीआर), मास्टर कंट्रोल रुम (एमसीआर), न्यूज रुम, सैटेलाइट लिंकिंग,चैनल की आर्काइव एवं मास्टर स्टूडियो में लाइव समाचार प्रसारण की प्रक्रिया के साथ साथ वाइस ओवर की बारिकियों को देखा और समझा।



छात्रों द्वारा चैनल के विभिन्न प्रभागों के प्रमुखों तथा न्यूज एंकर के साथ वार्ता ककी व उनके कार्यशैली को समझा गया। कुल मिलाकर इस यात्रा के दौरान छात्रों को प्रसारण और मीडिया उद्योग पर एक अनूठा दृष्टिकोण प्राप्त हुआ। उन्होंने सामग्री निर्माण, प्रसारण प्रौद्योगिकियों और मीडिया प्रबंधन सहित टेलीविजन स्टूडियो के परिचालन पहलुओं में एक नई अंतर्दृष्टि प्राप्त की।

इस दौरान न्यूज 24 के महाप्रबंधक(एकेडमिक्स एवं बिजनेस डेवलपमेंट) अमित चौहान और अशरफ अली (प्रोडक्शन इंचार्ज) उपस्थित रहे। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने नई दिल्ली के मंडी हाउस स्थित विश्व प्रसिद्ध राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय(एनएसडी) का भ्रमण किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक व प्रसिद्ध कलाकार चितरंजन त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को संस्थान की गतिविधियों से अवगत कराते हुए इस बात की प्रशंसा की कि वे मेरठ से एनएसडी के भ्रमण के लिए आए। उन्होंने कहा कि मीडिया और थियेटर का पारस्परिक संबंध है जो अटूट है। इस अवसर पर एनएसडी के डीन एकेडमिक्स शांतनु बसु, व एडीआर धर्मवीर सिंह आदि ने सहयोग किया। इसी क्रम में छात्रों ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) नई दिल्ली का भ्रमण किया जहां संस्थान के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व पर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आज मीडिया और संस्कृति एकदूसरे के पूरक हैं। अतः मीडिया के नवोन्मेषी विद्यार्थियों को कला एवं सांस्कृतिक विरासत को आम जनमानस तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर आईजीएनसीए के मीडिया नियंत्रक अनुराग पुनेठा, डॉ.श्रुति नागपाल, दीपक भारद्वाज, राजीव रंजन सिन्हा एवं चंदन पांडेय आदि मौजूद रहे।

इस इंडस्ट्रीयल विजिट के अगले पड़ाव के रूप में छात्रों द्वारा नई दिल्ली के संसद मार्ग स्थित ब्रॉडकास्टिंग हाउस जाकर आकाशवाणी के नई दिल्ली केंद्र के विभिन्न विभागों की क्रियाविधि को समझा। इस दौरान विद्यार्थियों ने आकाशवाणी के इस केंद्र में गांधीजी के द्वारा एकमात्र विजिट के दौरान राष्ट्र को जिस माइक्रोफोन से संबोधित किया गया था उसे भी देखा। इसके बाद विद्यार्थियों ने आकाशवाणी के विविध भारती के आरजे द्वय बबीता जैन व संजीव कुमार से रेडियो जॉकी बनने के लिए आवश्यक गुणों की जानकारी प्राप्त की। इसी क्रम में विद्यार्थियों ने आकाशवाणी के डयूटी रूम आफिसर इंतिजार अली सैफी से मुलाकात करके उनके कार्यकलापों की जानकारी भी ली। इस दौरान आकाशवाणी के केंद्र निदेशक एम एस रावत और उनके सहयोगी देवेंद्र राय ने विद्यार्थियों का पथ-प्रद किया।

इसके बाद छात्रों ने युनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया(यूएनआई) जाकर समाचार एजेंसी की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। एजेंसी के संपादक अजय कौल ने विद्यार्थियों को बताया कि एक सफल पत्रकार बनने के लिए ना केवल आपको किताबों का ज्ञान चाहिए बल्कि आपके पास व्यावहारिक ज्ञान का होना भी जरुरी है, इसके अलावे आपको नियमित रूप से समाचार पत्रों का अध्ययन करना चाहिए जिससे कि विभिन्न समसामयिक विषयों पर आपकी पकड़ बन सके जोकि एक सफल पत्रकार के लिए नितांत आवश्यक है। इस दौरान विभागाध्यक्ष प्रो.(डॉ.) एस.सी.थलेड़ी, राम प्रकाश तिवारी मधुर शर्मा और शैली शर्मा आदि विभाग के शिक्षक मौजूद रहे।

# एम एस बी इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया मदर्स डे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

- एम एस बी इंटरनेशनल स्कूल में मदर्स डे पर आयोजित किया गया माताओं का सम्मान समारोह
- एम एस बी इंटरनेशनल स्कूल मेरठ में मदर्स डे पर बच्चों ने किये सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मोदीपुरम।** बुधवार को एमएसबी इंटरनेशनल स्कूल में मदर्स डे के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें किंडर गार्डन व जूनियर कक्षा के बच्चों द्वारा मनभावन प्रस्तुति दी गई जैसे पंजाबी नृत्य, राजस्थानी लोक नृत्य, गुजराती गरबा तथा भारतीय संस्कृति की झांकियां और माता के प्रति बच्चों की जिम्मेदारी की एक झांकी भी प्रस्तुत की गई। इन कार्यक्रमों में फर्स्ट क्लास की रुद्राक्ष अर्थव तथा कक्षा 2 के देव वाणी व शिवांगी आदि छात्रों ने अपनी प्रस्तुति दी। छात्राओं को स्कूल के प्रिंसिपल उमेश कुमार व डायरेक्ट डॉ रितिका भारद्वाज ने बच्चों को उन्हीं की माताओं के द्वारा पुरस्कृत कराया। स्कूल की वाइस प्रिंसिपल अर्चना भारद्वाज व कोऑर्डिनेटर शशि ने माताओं के भी अनेक कार्यक्रम व खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जिसमें यूकेजी क्लास के हर्षवर्धन की माता अंजू विहान ने म्यूजिकल चेयर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। माताओं ने अपने बच्चों व अपने परिवार के जिम्मेदारियों के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में बढ़-चढ़




कर हिस्सा लेने की जिम्मेदारी का नाटकीय रूपांतरण का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के अवसर पर एमएसबी कॉलेज के प्रिंसिपल दुर्गेश पालीवाल व स्कूल के प्रिंसिपल उमेश कुमार वाइस-प्रिंसिपल अर्चना भारद्वाज ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली माताओं को संयुक्त रूप से पुरस्कार देकर व सभी उपस्थित माताओं को गिफ्ट व शाल ओढ़ाकर सम्मान किया।

इस अवसर पर शशि शर्मा नीरज चौधरी कुमारी मानसी विभा शर्मा अनुराधा सीमा मेहता रेखा अंजू चौहान अरुण शर्मा तथा विकास कुमार आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन का हुआ विस्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सोनू चौधरी बने भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव**

**सरधना।** बुधवार को ब्लॉक के छुर गांव में भारतीय किसान संगठन द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने की।

बैठक में संगठन का विस्तार किया गया। बैठक में गन्ना किसानों को वाजिब मूल्य दिलाने से लेकर किसानों की अन्य समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया।साथ ही क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर भी चर्चा की ओर समाधान को लेकर रणनीति बनाई। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने कहा कि किसानों को पर्याप्त विद्युत सप्लाई नहीं मिल रही है। और क्षेत्र में आवारा पशुओं का आतंक मचा हुआ है। वही किसानों का समय पर गन्ने का बकाया भुगतान नहीं होता। संगठन के विस्तार में



राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र यादव और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फजर मोहम्मद ने छुर गांव निवासी सोनू चौधरी को राष्ट्रीय महासचिव दारा सिंह को प्रदेश सचिव इकरार को ज़िला उपाध्यक्ष राहुल को मंडल सचिव की जिम्मेदारी सौंप गई। इस दौरान डॉ. आसिफ अली लोकेश नगर डॉ वसीम शहजाद सोनवीर सोम युसूफ चौहान हाजी इमरान हाजी मोमीन अंकुर चौधरी राजकुमार डेदवा सेंसर प्रधान बिट्टू चौधरी अंकित भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# जनहित फाउंडेशन द्वारा बाल विवाह मुक्त अभियान के अन्तर्गत आंगनबाडी कार्यकत्रियों को दी ट्रेनिंग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना।** जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में बुधवार को




खण्ड विकास कार्यालय के सभागर में जनहित फाउंडेशन द्वारा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन यू एस के साथ मिलकर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है, इसी अभियान के अंतर्गत जनहित फाउंडेशन द्वारा सभी ब्लॉक में आंगनबाडी कार्यकत्रियों को बाल विवाह के विषय पर ट्रेनिंग दी जा रही है इसी के संबंध में बुधवार को ब्लॉक सरधना में ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग में जनहित फाउंडेशन के समन्वय अजय कुमार द्वारा बाल विवाह के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई उन्हें बताया गया कि बाल विवाह आज भी हमारे समाज में विद्यमान है और हमें यदि भारत से बाल विवाह जैसी कुरीति को समाप्त करना है तो हम सबको आगे आना होगा और बाल विवाह रुकवाने में प्रशासन का सहयोग करना होगा साथ ही बाल विकास परियोजना अधिकारी आदित्य कुमार जी ने बताया गया कि चूंकि आंगनबाड़ी कार्यकत्री ग्रामीण परिवेश में परिवारों के साथ मिलकर कार्य करती हैं इसलिए उन्हें प्रत्येक परिवार के विषय में जानकारी होती है, इसलिए आपको चाहिए कि आप यह प्रयास करें कि आप अपने गांव में प्रत्येक नाबालिक बालकों का ध्यान रखें और उनके परिजनों को उनकी शादी तय सीमा के बाद ही करने के लिए प्रेरित करें और यदि वह फिर भी नहीं मानते तो उसकी सूचना आप हमें दें जिससे कि हमारा जनपद बाल विवाह मुक्त बन पाए।

ट्रेनिंग के दौरान सुपरवाइजर मालती रानी जी ने सभी आंगनबाडी कार्यकत्रियों को बाल विवाह न करने देने की शपथ भी दिलाई गई। जनहित फाउंडेशन की निर्देशिका अनीता राणा द्वारा बताया गया कि हमारा प्रयास है कि हम प्रत्येक ब्लॉक में आशाओं व आंगनबाड़ियों को ट्रेनिंग दें जिससे कि वह हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर बाल विवाह जैसी कुरीति को समाप्त करने में हमारा सहयोग करें व मेरठ जनपद को बाल विवाह मुक्त बनाएं जिससे कि पूरा भारत बाल विवाह मुक्त हो सके। कार्यक्रम में एडीओ पंचायत सुनील कुमार ब्लॉक को-आर्डिनेटर राशिद अल्वी व जनहित फाउंडेशन के सदस्य उपस्थित रहे।

# कोर्ट ने खारिज की जेल से दिल्ली सरकार चलाने की मांग वाली याचिका, लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की शराब नीति मामले में कथित भ्रष्टाचार को लेकर जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से संबंधित एक याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर जुर्माना लगाया।

रिपोर्ट के मुताबिक, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायाधीश मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने याचिका पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता प्रेस और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर लगाम लगाने की मांग कर रहा है, जो नहीं कर सकते। उन्होंने याचिकाकर्ता पर 1 लाख रुपये का जुमार्ना ठोका। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से मांग की थी कि केजरीवाल के इस्तीफे और राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने के निराधार दावों को लेकर जो मीडिया खबरें चल रही हैं, उनको रोका जाए।इसके अलावा उसने तिहाड़ जेल में केजरीवाल को पर्याप्त सुविधाएं देने की भी मांग की थी, ताकि केजरीवाल दिल्ली सरकार के कामकाज को जेल से निपटा सकें।बता दें कि केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह तिहाड़ में बंद हैं।




रिपोर्ट के मुताबिक, कोर्ट ने कहा कि वह मामले में क्या कर सकते हैं? क्या वह आपातकाल या फिर मॉर्शल कानून लागू करे? कोर्ट ने कहा कि वह प्रेस या राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों का मुंह कैसे बंद कर सकता है? कोर्ट ने सवाल किया कि क्या वह यह कहता है कि कोई किसी के खिलाफ नहीं बोलेगा? कोर्ट ने साफ कहा कि वह न तो मीडिया को अपने विचार प्रसारित करने से रोकेगा और न राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर रोक लगाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मतगणना केन्द्र में ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मतगणना केन्द्र सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया तथा मतगणना तैयारियो की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश



दिये गये। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं प्रमुख राजनैतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी।** पुलिस ने एक आरोपी को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है। एसआई अमित कुमार के मुताबिक आरोपी के कब्जे से 20 पैकेट देशी शराब फ्रूटी फुल मस्ती मार्का बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक गस्त के दौरान बराल चौकी क्षेत्र में पकाना मंदिर से




इसेपुर जाने वाले मार्ग से मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी महेंद्र सिंह यादव उर्फ लाला पुत्र गिरराज सिंह को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया है। आरोपी गुलावठी थाना क्षेत्र के गांव मोहाना का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा कायम कर सक्षम न्यायालय भेज दिया।

### लोकतंत्र बचाने के लिए गठबंधन उम्मीदवार का करें समर्थन: पं० शेखर दीक्षित

**लखनऊ (आरएनएस)** । आम आदमी पार्टी लखनऊ द्वारा प्रदेश कार्यालय गोमती नगर में एक बैठक आहूत की गई जिसमें इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार मुकेश सिंह चौहान ने शिरकत की और आम आदमी पार्टी लखनऊ इकाई के समस्त पदाधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक में लखनऊ जिला अध्यक्ष पं० शेखर दीक्षित ने कहा देश में जिस प्रकार की तानाशाही का माहौल है और लोकतंत्र को कुचलने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है आज भी लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं और मौजूदा सत्ताधारी दल बड़ी-बड़ी बातें करने में व्यस्त है उसके लिए आवश्यक है कि इस उपचुनाव में पूर्वी विधानसभा से उम्मीदवार मुकेश सिंह चौहान के पक्ष में समर्थन व मतदान कर उनको विजयी बनाएं!

आम आदमी पार्टी प्रदेश कार्यालय पर बैठक में पहुंचे इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार मुकेश सिंह चौहान ने संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी का धन्यवाद व्यापित करते हुए कहा कि प्रदेश और देश में इस वक्त जिस प्रकार से तानाशाही का माहौल है, महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है, युवा किसान और नौजवान परेशान है इसके अतिरिक्त तमाम ऐसी चुनौतियां हैं जिनसे आम जनता त्रस्त है आप सभी के सहयोग से ही परिवर्तन संभव है और अब तक संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र से बहुत अच्छा सहयोग मिल रहा है !साथ हो उन्होंने उपस्थित सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता साथियों का आभार प्रकट किया और यह भी कहा कि आपका यह भाई विपरीत परिस्थितियों में भी आपके साथ सदैव खड़ा रहेगा।

उक्त बैठक में लखनऊ जिला महासचिव डॉ. सैयद फखरुल इमाम, पूर्वी विधानसभा अध्यक्ष नीरा सक्सेना, बीकेटी विधानसभा अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, अनुराग मेहरोत्रा, ज्ञानेंद्र प्रकाश वर्मा, रेखा चतुर्वेदी, ज्ञान सिंह कुशवाहा, सुभाषिनी मिश्रा, रानी कुमारी, प्रियंका श्रीवास्तव, मुकेश शुक्ला, अंकित परिहार, अनिल जैन 'गिरीश', धीरज शर्मा, कायनात सिद्दीकी, नीरज गुप्ता, साहिल अंसारी, बृजेश शर्मा और नीरज जनशब्द समेत अन्य लोग मौजूद रहे!

**आयोजन** वैंकटेश्वरा में तनाव प्रबंधन पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

# डा.सुधीर गिरि ने प्रतिकुलाधिपति डा.राजीव त्यागी के साथ मिलकर मुख्य अतिथि/वक्ता श्री मनीष प्रताप सिंह को पटका, पगड़ी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

- खुद के बजाय दूसरों से उम्मीद करना एवं दूसरों की सोच के हिसाब से अपनी जीवन शैली में बदलाव दुखों एवं तनाव का सबसे बड़ा कारण- श्री मनीष प्रताप सिंह विख्यात जीवन प्रबंधन गुरु एवं निदेशक रेल मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली
- मैं भीतर गया तो मै भी तर गया, यानि खुशी हमारे अन्दर ही है और हम इसे बाहरी दुनिया मे तलाशते है, यही तनाव एवं अवसाद के उत्पत्ति का सबसे बड़ा कारण हैं- डा. सुधीर गिरि संस्थापक अध्यक्ष, वैंकटेश्वरा समूह

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वैंकटेश्वरा संस्थान में स्ट्रेस मैनेजमेंट पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए रेल मंत्रालय, भारत सरकार के वरिष्ठ निदेशक एवं विख्यात लाइफ कोच मनीष प्रताप सिंह ने संस्थान के शिक्षकों एवं छात्र- छात्राओं को जीवन में तनाव से मुक्ति पाने के तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए सुखद जीवन जीने के सिद्धांतों को समझाया। श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान के डा. सी. वी. रमन सभागार में तनाव प्रबंधन विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि मुख्य अतिथि रेल मंत्रालय भारत सरकार के निदेशक मनीष प्रताप सिंह, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी कुलसचिव डा. पीयूष पाण्डे आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप-प्रज्ज्वलित करके किया।अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि रेल मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशक एवं विख्यात जीवन प्रबन्धन गुरु मनीष प्रताप सिंह ने कहा कि आज पूरे विश्व में दो-तिहाई लोग विशेष रूप से युवा पीढ़ी तनाव एवं अवसाद ग्रस्त है जिसका मूल कारण अपने ऊपर कम विश्वास एवं दूसरों से एक्सपेक्टेशन (उम्मीद) है। हमने अपनी खुशियाँ दूसरों में तलाशनी शुरू कर दी है। जब हमारी दूसरों से की गई उम्मीदें पूरी नही होती है तो हम तनाव एवं अवसाद में चले जाते है। उन्होंने सुखद जीवन के लिए ह्मस्वयं में विश्वास समय प्रबन्धन जीवन के प्रति सकारात्मक नजरियाँ एवं राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय जरूरतों के मुताबिक स्वयं को अपग्रेड करने का मूलमन्त्र सिखाया और ध्यान (मेडिटेशन) को तनावमुक्ति का सबसे बड़ा टूल करार देते हुए सभी से इसको अपनाने की अपील की।राष्ट्रीय कार्यशाला को प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी कुलसचिव डा. पीयूष पाण्डे आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर ग्रुप एडवाइजर



आर. एस. शर्मा सीईओ अजय श्रीवास्तव डीन विम्स डा. संजीव भट्ट, डा. मोहित शर्मा डा. सबार्नंद साहू, डा. आशुतोष सिंह डा. राजेश सिंह, डा. दिव्या गिरधर, डा. एना एरिक ब्राउन डा. अश्विन सक्सेना डा. ओमप्रकाश गुसाई, मारूफ चौधरी, डा. नीतू सिंह, डा. मंजरी राणा मार्केटिंग डायरेक्टर तरुण काम्बोज, आई.टी. हेड. विशाल शर्मा एवं राजीव सिंह डा. एल.एस. रावत कैंपस प्रबंधक एस. एस. बघेल अरुण गोस्वामी शीलभद्र शर्मा जनसंपर्क विभाग से प्रशांत दहिया एवं राम गुप्ता के साथ मेरठ परिसर से निदेशक डॉक्टर प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा को समाज के सभी वर्गों का समर्थन : बृजलाल

**लखनऊ (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी के राज्य मुख्यालय पर राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने कहा कि तीन चरणों के मतदान के बाद स्पष्ट हो गया है कि देश में भाजपा और एनडीए गठबंधन प्रचंड बहुमत के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने जा रहा है। आम जनमानस में भाजपा के प्रति व्यापक जनसमर्थन है। इसलिए विपक्षी गठबंधन के नेता हताश और निराश हैं और अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। बृजलाल ने कहा कि भाजपा को समाज के सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है, इससे विपक्षी भी हताश और निराश हैं। उन्हें हर तरफ बुरी तरह अपनी पराजय दिख रही है। हाल यह है कि कोई प्रदेश अध्यक्ष बदल रहा है तो कोई कोआर्डिनेटर बदल रहा है।

उन्होंने कहा कि सुना है कि सपा के प्रदेश अध्यक्ष बीच चुनाव केवल इसलिए बदल दिये गये कि वे चुनाव लड़ रहे थे। इस लिहाज से तो राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को भी बदल दिया जाना चाहिए। इंडी गठबंधन के नेता चुनाव में ही आपसी हिसाब-किताब निपटा रहे हैं। सपा मुखिया के घर की अन्तर्कलह किसी से छिपी नहीं है।बृजलाल ने कहा कि इंडी अलायंस के नेताओं ने पहले चुनाव को मजहबी रंग देने का काम किया। अब वे जाति और रंग के आधार पर समाज को बांटने का काम कर रहे हैं। जनता इनके मंसूबों को कभी सफल नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख को दलित याद आ रहे हैं जबकी उनके गठबंधन के नेता ओबीसी और दलितों के आरक्षण में कटौती कर मुस्लिमों को आरक्षण देने की पैरोकारी कर रहे हैं। लालू प्रसाद यादव ने तो इसके समर्थन में बयान दिया, कांग्रेस ने कर्नाटक में क्या किया किसी से छुपा नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछडे.और दलितों पर अत्याचार करने वाले अखिलेश यादव के कार्यकाल को प्रदेशवासी भूले नहीं हैं। 2014 में तो खुद अनुसूचित जाति आयोग ने ही सपा सरकार को फटकार लगाई थी कि उसने दलित बहुल क्षेत्रों में खर्च किए जाने वाले 14 हजार करोड़ रुपए दूसरे कामों में खर्च कर दिये। उत्तर प्रदेश में 2014 में ही बड़ी संख्या में दलित उत्पीड़न के मुकदमें कोर्ट के आदेश पर लिखे गये। सपा सरकार में मतलब पुलिस थानों में भी दलितों ने अत्याचार झेले। दलितों और पिछड़ों की जमीनों पर सपा सरकार समर्थित गुंडों, माफियाओं के ही कब्जे हुए। आज भाजपा सरकार इन कब्जों पर बुलडोजर चलवा रही है और वहां गरीबों के लिए पक्के मकान बनाये जा रहे हैं। राज्यसभा सदस्य ने कहा कि गुंडे और माफियाओं ने दलितों का किस कदर उत्पीड़न सपा सरकार में किया था इसके आँकड़े गिनेंगे तो बहुत समय लगेगा। लेकिन अखिलेश राज में दंगों की आग में सर्वाधिक नुकसान किसने झेला? यह बात किसी से छिपी नहीं है। सपा सर्व समाज की विरोधी है, सपाई शासन सबसे भ्रष्ट, कदाचारी और अनाचारी रहा है। सपा सरकार केवल दंगाइयों, गुंडों, माफियाओं और तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों के लिए ही बेहतर रही थी। बृजलाल ने कहा कि आज राहुल गांधी के सबसे खास सलाहकार अंकल सैम साहब भी भारतीयों की शिनाख्त उनके रंग के हिसाब से कर रहे थे। कांग्रेस की सोच कितनी निम्न स्तर की है? सपा, कांग्रेस और पूरा इंडी गंठबंधन दलित, पिछड़ों का विरोधी है। इन्हें केवल वोट बैंक समझते रहे हैं। सपा ने तो प्रदेश में दलित महापुरुषों के नाम पर बने स्मारकों को तोड़ने का काम किया है। कन्नौज में तो अखिलेश यादव ने बाबा साहेब के नाम पर खुले मेडिकल कॉलेज का नाम बदल दिया था। भाजपा सरकार बनने पर मेडिकल कॉलेज का नाम बाबा साहेब के नाम पर किया गया।

**कन्नौज में तो अखिलेश यादव ने बाबा साहेब के नाम पर खुले मेडिकल कॉलेज का नाम बदल दिया था। भाजपा सरकार बनने पर मेडिकल कॉलेज का नाम बाबा साहेब के नाम पर किया गया**

# जनता झूठ के शहंशाह के खिलाफ मतदान करके उनका सफाया कर रही : अखिलेश यादव

**लखनऊ (आरएनएस)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में चार विशाल चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित किया। अखिलेश यादव ने शाहजहांपुर की लोकसभा प्रत्याशी सुश्री ज्योत्सना गौड़, लोकसभा फरूर्खाबाद के प्रत्याशी डॉ0 नवल किशोर शाक्य, हरदोई से लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती ऊषा वर्मा, मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी श्रीमती संगीता राजवंशी के पक्ष में चुनावी सभाओं को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा है कि अभी तक हुए तीन चरणों के चुनाव में जनता ने इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान किया है। पहले चरण से जो हवा चली है उसने भाजपा को पलट दिया है।



जनता झूठ के शहंशाह के खिलाफ मतदान करके उनका सफाया कर रही है। भाजपा के दस साल की सरकार में इनका हर वादा और हर बात झूठी निकली। इस सरकार में किसान तबाह हो गया। गरीबी और कर्ज से एक लाख किसानों ने आत्महत्या कर ली। किसी किसान की आय दोगुनी नहीं हुई। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने तीन काले कृषि कानून लाकर किसानों की फसल और जमीन छीनने का षड्यंत्र रचा। किसानों ने तीन काले कानूनों को विरोध किया आंदोलन किया, धरना दिया। भाजपा ने आंदोलन कुचलने का प्रयास किया। एक हजार किसान शहीद हुए। किसान पीछे नहीं हटे। भाजपा की तानाशाही सरकार को तीनों काले कानून वापस लेना पड़ा। किसानों के आंदोलन के बाद भी भाजपा सरकार ने किसानों की फसलों के लिए एमएसपी का कानूनी अधिकार नहीं दिया।

कहा कि भाजपा ने अपने चहेते उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर दिया लेकिन किसानों की मदद नहीं की। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही किसानों की फसलों को एमएसपी का अधिकार दिया जाएगा। किसानों का पूरा कर्ज माफ होगा। किसानों की अन्य तरह से भी मदद होगी। किसान खुशहाल होगा तभी देश विकसित होगा। भाजपा सरकार ने दस साल तक किसानों, नौजवानों, महिलाओं के साथ खोखले वादे किये। कोई काम नहीं किया। भाजपा ने दस सालों में भेदभाव किया। समाज में नफरत फैलाया। हर वर्ग को अपमानित किया। स×ाा का दुरूपयोग किया। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने महंगाई, बेरोजगारी बढ़ायी है। किसानों के साथ धोखा किया। नौजवानों का भविष्य बर्बाद किया। आज देष का पढ़ा लिखा नौजवान बेरोजगार है। उसके हाथ में न नौकरी है और न रोजगार है। भर्ती परीक्षाओं के सब पेपर लीक हो जाते हैं। इस सरकार में दस परीक्षाओं के पेपर लीक हो गये। भाजपा सरकार नौकरी, रोजगार नहीं देना चाहती है। जानबूझकर पेपर लीक कराये गए है। नौजवान, निराश है। हम अपने युवाओं को भरोसा दिलाते हैं कि इंडिया गठबंधन की सरकार सरकारी विभागों में खाली 30 लाख पदों पर भर्ती करेगी। भाजपा ने सेना की नौकरी अधूरी कर दी। अग्निवीर योजना लाकर युवाओं को धोखा दिया गया है। हम लोग अग्निवीर योजना कभी स्वीकार नहीं करेंगे। कहा कि लोग भाजपा से सावधान रहें। भाजपा ने हवाई अड्डे, बेच दिये, बंदरगाह बेच दिया।

सरकारी कम्पनियां बेच दी। अचानक नोटबंदी कर दी। भाजपा सरकार के फैसलों से जनता को परेशानी उठानी पड़ी। नौकरियां छिन गयी। आरक्षण खत्म हो गया। भाजपा संविधान और लोकतंत्र खत्म करना चाहती है। बाबा साहब के संविधान को बदलना चाहती है। यह चुनाव संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण बचाने का चुनाव है। संविधान को लेकर भाजपा की नीयत ठीक नहीं है।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने महंगाई बहुत बढ़ा दी।

# प्रतिदिन किला मैदान में योगाभ्यास कराया जा रहा हैं: राजीव कुमार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**रामपुर ( मुन्तियाज अहमद )।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. पुस्पेंद्र सिंह चैहान के निर्देशन में हेल्थ वेलनेस सेंटर के योग प्रशिक्षक राजीव कुमार और अर्चना गुप्ता द्वारा प्रतिदिन किला मैदान में योगाभ्यास कराया जा रहा हैं। बुधवार को सुबह साढ़े छह बजे से योग शिविर प्रारंभ किया गया। सूक्ष्म व्यायाम के साथ ताड़ासन, वृक्षासन, मयूरासन, स्कंद चक्र, ग्रीवा संचलन, अर्ध चक्रासन, मंडूकासन, वज्रासन, गोमुख आसन और प्राणायाम कराए। योगाचार्य राजीव कुमार ने कहा नौजवान युवक जिम की आदत छोड़कर योगाभ्यास करें जिससे वह लंबे समय तक फिट और जवान दिखेंगे। जिम करने से वह शरीर के ऊपरी हिस्से से तो फिट दिखते हैं किंतु वह अंदर से खोखले होने लगते हैं। योगाभ्यास करने से ऑक्सीजन लेवल बढ़ता हैं। शुगर और बीपी नॉर्मल रहता हैं। अपनी दिनचर्या में प्रतिदिन योग को अनिवार्य करें और अपने आसपास के लोगों को भी योग करने के लिए जागरूक करें। जिससे डॉक्टरों के पास कम से कम जाना पड़े।

# रामपुर में डीजे बजाने वालों पर कार्यवाही की मांग: शुऐब खांन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**रामपुर ( मुन्तियाज अहमद) ।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार एसो. के जिलाध्यक्ष ने रामपुर में डीजे बजाने वालों पर कार्यवाही की मांग की हैं। मौहम्मद शुऐब खांन एड. ने प्रेस को जारी बयान में कहा आज कल डीजे बजाने वाले सारे नियम आदेश ताक पर रखकर बजा रहे हैं। रात-रात भर डीजे उड़ा रहे है हाई कोर्ट के आदेशों की धज्जियां लेकिन जिला प्रशासन की तरफ से कोई कार्यवाही इनके खिलाफ नही हो रही हैं जबकि धार्मिक स्थलों पर बजने वाले लाउड स्पीकरों पर हाईकोर्ट के आदेश बताकर रोक लगाई जा रही हैं। ये कैसा नियम हैं जहां इंसान संसार को बनाने वाले के घर मे बजा रहा हैं तो उसपर रोक लगाई जा रहीं हैं और जहां लोगों को नुकसान पहुंच रहा हैं उसपर कोई रोक नही लगाई जा रही हैं। वहां सब नियम आदेश फेल होते नजर आ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार एसोसिएशन नें जिला प्रशासन से डीजे पर रोक लगाकर लोगों को हो रही दुश्वारियों से निजात दिलाने की मांग की हैं।

# देश के लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है लोकसभा 2024 , कार्यकर्ता पूरी ताकत से इंडिया गठबंधन प्रत्याशियों को जिताएं : अविनाश पांडे

**लखनऊ (आरएनएस)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने आज इंडिया गठबंधन के लोकसभा क्षेत्र उरई -जालौन , अकबरपुर/कानपुर देहात लोकसभा & कानपुर के कांग्रेस और सपा व आप पार्टी , बुन्देलखण्ड क्रांति दल, शिवसेना, जन अधिकार पार्टी, और कम्युनिस्ट पार्टी सहित अन्य सहयोगी दलों के नेताओं & कार्यकताओं के साथ समन्वय बैठक की और इंडिया गठबंधन के लोकसभा जालौन - उरई नारायण दास अहिरवार, अकबरपुर लोकसभा प्रत्याशी राजाराम पाल और कानपुर लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा, को जिताने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने इस बार बने इंडिया गठबंधन की जरूरत और महत्व भी बताया, और अविनाश पांडे ने कहा कि मैं जननेता राहुल गांधी , कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के संदेश को लेकर आया हूं, राहुल गांधी द्वारा देश के लोकतंत्र को बचाने व देश की एकता भाईचारा को पुनर्स्थापित करने के लिए 10700 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा & भारत जोड़ो न्याय यात्रा के महत्व को बताया, समन्वय बैठक में राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे के साथ राष्ट्रीय सचिव नीलांशु चतुर्वेदी, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव दरियाबादी, राहुल रॉय, प्रदेश महासचिव अंशू तिवारी, सपा विधायक रोमी हसन, सपा जिला अध्यक्ष फैजल महमूद, कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम उपस्थित रहें। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव, प्रभारी उत्तर प्रदेश श्री अविनाश पांडे जी ने आज जालौन उरई की 47 वीं, कानपुर देहात की 48वीं एवम कानपुर लोकसभा 49 वीं समन्वय बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव सिर्फ आम लोकसभा चुनाव नहीं है, यह दो विचारों को लड़ाई है एक संविधान के साथ खड़ी कांग्रेस और दूसरी संविधान को समाप्त करने की सोच रखने वाली भाजपा और आरएसएस है, यह प्रत्याशी के जीतने से ज्यादा देश के संविधान को बचाने का चुनाव है, यह सिर्फ नारायण दास अहिरवार, राजाराम पाल जी के, और आलोक मिश्रा की जीतने से ज्यादा इंडिया कांग्रेस गठबंधन की जीतने से संविधान जीतने का चुनाव होगा, 400 सीटें मंगाने वालों की नियत जनता जान चुकी है कि वह देश के लोगों को मिले वोट के अधिकारों और अन्य अधिकारों को देने वाले संविधान को समाप्त करना चाहती है अविनाश पांडे ने कहा कि यह जनता के अधिकारों को बचाने का चुनाव है,वंचितों का आरक्षण और बच्चों का भविष्य बचाने का चुनाव है। आज इसीलिए संविधान को मानने वाले सभी नेता चाहें राहुल गांधी हों, अखिलेश यादव हों या अरविंद केजरीवाल , ममता बनर्जी सभी नेता आज देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए साथ हैं, देश का 63% तो वोट बीजेपी के खिलाफ है, आज वह वोट जो अलग-अलग बटा हुआ था सब एक साथ आ गया है, भाजपा का सूपड़ा साफ होने जा रहा है, जनता इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने जा रही है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,रामपुर द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**रामपुर (मुन्तियाज अहमद )।** सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर द्वारा निरीक्षण में बंदियों को दिये जाने वाले खाने की गुणवत्ता को चेक किया गया और महिला बैरिक में महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों को खाना दुध व फल सरकार द्वारा निर्धारित मीनू चार्ट अनुसार दिये जाने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। महिला बैरिक में महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों की नियमित रूप पढाई कराये जाने एवं पुस्तके समय से उपलब्ध कराने हेतु जेलर को निर्देशित किया गया। विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन में बंदियों से उनकी समस्या के बारे मे पुछा गया। जेल अधीक्षक को ऐसे बंदियों को चिन्हित किये जाने हेतु निर्देशित किया जिनकी बेल सम्बन्धित न्यायालय से स्वीकृत होने के उपरान्त भी जिला कारागार में निरूद्ध रहते हुए 15 दिन से अधिक हो गये है। 436ए के अन्तर्गत पत्र बंदियों सूची से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया, साथ समय पूर्व रिहाई के पात्र बंदियों के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही एवं किस स्तर पर लम्बित है इस प्राधिकरण को अवगत कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया ऐसे बंदियों का विवरण इस प्राधिकरण को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे जिनकी अपील संख्या जिला कारागार स्तर पर उपलब्ध नही है।

# जमीनी विवाद में भाई ने भाई को मारपीट कर किया गंभीर रूप से घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जनेटा में तहेरे भाई ने जमीनी विवाद में चचेरे भाइयों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल की ओर से दो भाइयों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।गांव जनेटा निवासी मुक्तेयार पुत्र मोहम्मद अहमद ने बताया कि उसका तहेरे भाइयों से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। बुधवार सुबह मुक्तेयार ट्रैक्टर लेकर जमीन जोतने गया था। इस दौरान तहेरे भाई मसकूर और बसी मोहम्मद वहां धारदार हथियार और लाठी-डंडे लेकर पहुंच गए। गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। इस दौरान भाई गुलाम ने बचाने का प्रयास किया तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। आसपास खेतों पर काम कर रहे लोग जब मौके पर पहुंचे तो आरोपी पक्ष जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए। मुक्तेयार ने मसकूर और बसी मोहम्मद के खिलाफ थाना बनियाठेर में रिपोर्ट दर्ज कराई है।



# श्री भूमानंद सेवा ट्रस्ट द्वारा एक शोकसभा आयोजित की गई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** बुधवार को नगर के संयुक्त चिकित्सालय चंदौसी स्थित महामृत्युंजय मंदिर परिसर में स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट द्वारा एक शोकसभा आयोजित की गई जिसमें ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष राम सेवक के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन धराण कर शोक व्यक्त किया गया साथ ही शोक सभा में परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की गई साथ ही के.जी शर्मा ने बताया कि वह पिछले 17 वर्षों से उनके ट्रस्ट के प्रति समर्पण भाव से सेवा की सराहना की गई ट्रस्ट के अतिरिक्त भी वे अन्य सामाजिक कार्यों में काफी रुचि लेते थे इस दौरान शोक सभा में उपस्थित रहे। राघवेंद्र मोहन मिश्रा, के.जी शर्मा, वाई.पी.एस जोशी, डॉक्टर सतीश चंद्र शर्मा, डॉ रमाकांत नागर, सुंदरलाल शर्मा, राजीव शर्मा, राजेश रमेश ग्रोवर, राकेश चौबे, राकेश मिश्रा, संजीव, सुरेश, सच्चिदानंद शर्मा, सुनील शर्मा, सौरभ, अशोक ,रवि शंकर, अभिषेक, कल्पना, अंकित, ऋषि, अनिरुद्ध ,अमित, सुमित, जितेंद्र आदि लोग उपस्थित रहे।

# जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर चंदौसी द्वारा लगवाया गया स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर चंदौसी द्वारा नगर के बीएसएनल हॉस्पिटल में एक स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर कैंप का आयोजन किया गया जहां कैंप के दौरान लोगो की शुगर की जांच की गई और उनको खाने पीने की सही जानकारी देते हुए डॉक्टर ने बताया कि हमें समय-समय पर शुगर टेस्ट करते रहना चाहिए इस मौके पर स्पेशल कमेटी मेंबर डॉक्टर सुधा चौधरी भी मौजूद रहे ग्रुप के अध्यक्ष आने शर्मा ने बताया कि हमें अपने स्वास्थ्य को सही रखने के लिए समय-समय पर शुगर का चेकअप कराते रहना चाहिए यह एक घातक बीमारी है इसलिए हमें इसका विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए इस मौके पर फेडरेशन अफसर शिखा शर्मा भी मौजूद रही ग्रुप के अन्य सदस्यों का भी भरपूर सहयोग रहा इसमें शोभा शर्मा, सीनू शर्मा, नंदिनी अग्रवाल ,सीमा अग्रवाल, विमलेश सैनी आदि।

**शिविर के दौरान 50 से अधिक महिलाओं ने कराया चेकअप**




शुगर कैम्प के दौरान 50 महिलाओं का चेकअप किया गया और शुगर से बीमार महिलाओं को दवा वितरित की गई उन्हें दवा भी वितरित की अंत में ग्रुप की अध्यक्ष ने कहा कि हमारा ग्रुप समय-समय पर ऐसे कार्य करता रहता है।

## निर्देश — अगले चरणों के चुनाव के लिए पुलिस बल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# लोकसभा चुनाव ड्यूटी हेतु रवाना पुलिस बल को ब्रीफ कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी/बहजोई।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत पुलिस लाइन बहजोई में अगले चरणों के चुनाव ड्यूटी हेतु रवाना होने वाले पुलिस बल को पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कुलदीप सिंह गुनावत द्वारा मतदान केन्द्रों पर शांति व कानून व्यवस्था बनाये रखने व मतदान को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में ब्रीफ कर दायित्वबोध कराते हुए सकुशल चुनाव संपन्न कराने व निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए गए तथा हरी झंडी दिखाकर फोर्स को रवाना किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश्चन्द्र, क्षेत्राधिकारी चन्दौसी डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन डॉ0 गणेश कुमार गुप्ता आदि अधिकारी गण उपस्थित रहे।





# कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में रखी गई ईवीएम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी (मयंक सक्सेना)।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण मे 7 मई को मतदान शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न हुआ। संभल लोकसभा क्षेत्र में 62.81 प्रतिशत मतदान हुआ। वही मतदान के बाद दल ईबीम मशीन के साथ देर रात तक लौटते रहे। चुनाव आयोग के मुताबिक कड़ी सुरक्षा के बीच चुनाव के बाद संभल के बहजोई वेयरहाउस में बने स्ट्रांग रूम मे कड़ी सुरक्षा के बीच ईबीएम को रखने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। सभी ईवीएम मशीन बहजोई बेयर हाउस में बने स्ट्रांग रूम मे जमा कर दी गई। जहां 4 जून को मतगणना होगी। जिसकी सुरक्षा को लेकर केंद्रीय पुलिस बल तैनात है। ईबीएम मशीन 24 घंटे सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में रहेगी। सभी ईबीएम मशीन सुरक्षित हैं। स्ट्रांग रूम अब सीधा मतगणना कि दिन खुलेंगे। स्ट्रांग रूम के मैन गेट पर भारी पुलिस बल तैनात है।

**स्थानीय पुलिस के साथ केंद्रीय पुलिस बल सुरक्षा में तैनात सीसीटीवी से की गई निगरानी**



# 10 मई को धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर।** अखिल भारतीय परशुराम सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष प. विनोद मिश्रा के आवास पर ब्राह्मणों की एक बैठक हुई जिसमें अखिल भारतीय परशुराम सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष प. विनोद मिश्रा ने बताया कि 10 मई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव पूरे भारत वर्ष में धूमधाम से मनाया जाएगा। जो 10 मई से 10 जून तक चलेगा जिसमें यज्ञ, भगवान परशुराम जी की शोभा यात्रा तथा सम्मेलन आदि कार्यक्रम होंगे। जिसमें प्राणिमात्र के कल्याण, राष्ट्र की उन्नति तथा। विश्व शांति की कामना की जाएगी। प. विनोद मिश्रा ने बताया कि हमने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की है कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। तथा उ प्र के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी से मांग की कि उत्तर प्रदेश में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर जो प्रदेश में अवकाश होता था उसे स्थागित कर दिया गया है जिससे ब्राह्मणों में रोष है। हम उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करते हैं कि प्रदेश में उसे बहाल कर 10 मई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया जाए। प. विनोद मिश्रा ने बताया कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार के रूप में जाने जाते हैं ।



भगवान परशुराम अजर अमर हैं। इस अवसर पर बोबी पंडित, नरेन्द्र शर्मा पूर्व सभासद, प्रमोद कौशिक नगर अध्यक्ष, यति देव शर्मा, सोमदत्त शर्मा महामंत्री, ओमकार दत्त शर्मा प्रदेश महामंत्री, महेंद्र एडवोकेट प्रदेश उपाध्यक्ष, राजकुमार शर्मा राष्ट्रीय संगठन मंत्री, प्रवीन शर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, पंकज शर्मा राष्ट्रीय सचिव आदि ने भी अपने अपने विचार रखे।

# देश में प्रजातंत्र का गला घोंट रही भाजपाः जयप्रकाश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हरियाणा/ हिसार ( राजेश सलूजा)।** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश ने हलका उकलाना के विभिन्न गांवों का दौरा किया। गांव-गांव पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। लोगों ने फूलमालाओं और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। गांव बधावड़, ढाड,

**जगह-जगह लोगों ने जयप्रकाश का गर्मजोशी से किया स्वागत**

खरकपुनिया, बयाना खेड़ा, पनिहारी, ज्ञानपुरा, सरसाना, भाड़ा खेड़ा, सोथा, संदलाना, छान (खाना) , बनभौरी, मतलोडा, सरहेड़ा, खरकड़ा, बोबुआ, कुम्भा खेड़ा, हसनगढ़, लितानी, कल्लरभेनी, गेबीपुर में भारी जनसमूह को संबोधित किया। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी



जयप्रकाश सभी गांवों में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। खरकपुनिया में जयप्रकाश ने जनसभा क संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रजातंत्र और संविधान पूरी तरह से खतरे में है। देशभर में कांग्रेस को एकता और सहयोग की जरूरत है। देशभर में भाजपा द्वारा प्रजातंत्र का गला घोंटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि ये लड़ाई अकेले जयप्रकाश या कांग्रसे की नहीं है ये लड़ाई खेती-किसानी और देश को बचाने की लड़ाई है। 4जून को नतीजे आने के बाद केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनेगी और जनहित के कार्यों की झड़ी लग जाएगी। खरकपुनिया के लोगों ने जयप्रकाश का भव्य स्वागत किया और सभी वर्गों के लोगों ने पगड़ी पहनाकर उनकों सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक नरेश सेलवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सर्वे करवाकर हिसार सीट से जीताऊ उम्मीद्वार जयप्रकाश को उतारा है। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश पहले भी तीन बार सांसद रहते हुए आपके बीच में रहे हैं। उन्होंने दावे के साथ कहा कि जयप्रकाश की जीत तो हो चुकी है अब तो ये देखना है कि कौन से हलके से उन्हें सबसे ज्यादा लीड मिलती है।

इस अवसर पर उनके साथ अनेक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जनता ने संसद भेजा तो वेतन भत्ते की सारी राशि महिला और बेटियों पर करूंगी खर्चः नैना चौटाला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हिसार (राजेश सलूजा)।** मैं जिस दिन से सक्रिय राजनीति में उतरी हूं, उसी दिन से मैंने महिलाओं के हित में काम किया है और भविष्य में महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने, उन्हें सक्रिय राजनीति में भागीदारी देने के लिए प्रतिबद्ध हूं। यदि हिसार की जनता मुझे सांसद चुनकर दिल्ली में भेजती है तो सांसद के रूप में मिलने वाले वेतन और भत्ते को मैं हिसार लोकसभा क्षेत्र की जरूरतमंद महिलाओं और बेटियों पर खर्च करूंगी और एक भी पैसा अपने घर नहीं लेकर जाऊंगी। यह बात हिसार से जेजेपी प्रत्याशी नैना सिंह चौटाला ने कही। वे बुधवार को नलवा हलके के गांव भोजराज, दाहिमा, गुंजार और बालावास में आयोजित ग्राम सभाओं को संबोधित कर रही है। ग्रामीणों द्वारा नैना चौटाला का जोरदार स्वागत किया गया और उनको सुनने लिए सभाओं में महिलाओं की संख्या उल्लेखनीय रही।



श्रीमती नैना सिंह चौटाला ने कहा कि उनकी हार्दिक इच्छा है कि हरियाणा की महिलाएं चूल्हे, चक्की और घूंघट से निकलकर राजनीति में न केवल अपनी रचनात्मक भूमिका निभाए बल्कि पढ़-लिखकर आर्थिक रूप से मजबूत भी बने। उन्होंने कहा कि वह पहली बार डबवाली से विधायक चुनी गई थी और उसके बाद बाढड़ा की जनता ने उन्हें विधानसभा में भेजा। नैना चौटाला ने कहा कि विधायक के रूप में मिलने वाले वेतन व भत्ते को कभी भी अपने लिए खर्च नहीं किया और सारी राशि को महिलाओं और बेटियों के उत्थान और उन्हें शिक्षित करने में खर्च किया हैं। जेजेपी उम्मीदवार नैना चौटाला ने राज्य सरकार पर भी हमलावर होते हुए कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार से न केवल जनता का विश्वास उठा है बल्कि उनको समर्थन देने वाले विधायक भी उन्हें छोड़-छोड़कर जा रहे है। ऐसे में जाहिर है कि हरियाणा से भाजपा का सफाया होना तय है।

# गोली लगने से घायल युवक 10 दिनों से जूझ रहा है जिन्दगी और मौत के बीच

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर।** पैसों के लेन देन को लेकर हुए विवाद में शहर की मलिक नगर कॉलोनी में गोली लगने से घायल मालिक नगर निवासी

**पैसों के लेन देन के मामले में सरे आम गोली मारकर युवक को किया था घायल**

जावेद पिछले 10 दिनों से जिन्दगी और मौत के बीच झूझ रहा है। ज्ञात हो कि विगत 27 अप्रैल को शहर की मलिक नगर कॉलोनी में कॉलोनी निवासी नावेद ने पैसे की लेन देन को लेकर दानिश पर ताबड़तोड़ गोली चलायी थी जिसमे एक गोली दानिश के साथ खड़े जावेद के सिर में जा लगी थी, जिसमे जावेद गंभीर रूप से घायल हो गया था।



गोली मारने वाले आरोपी नावेद घायल जावेद को अपनी कार में डाल कर पहले तो इधर उधर घूमता रहा फिर बाद में जावेद को घायल अवस्था में ही गाडी में ही पाइपलाइन मार्ग स्थित एक फैक्ट्री के बहार छोड़ कर चला गया था। पुलिस और परिजनों ने कड़ी मशक्कत के बाद जावेद को घायल अवस्था में गाजियाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहाँ पर पिछले 10 दिन से जावेद जिन्दगी और मौत के बीच झूझ रहा है। हालाँकि पुलिस ने आरोपी युवक नावेद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# सफाई करने गए सफाई कर्मचारी से कॉलोनी के व्यक्ति ने की अभद्रता व धक्का मुक्की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर।** नगर की राधेश्याम विहार कॉलोनी फेस वन में सफाई करने गए नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारी सफाई कर्मचारी के साथ कॉलोनी के एक व्यक्ति द्वारा अभद्रता करने का मामला सामने आया है। इससे नाराज होकर सफाई कर्मचारियों ने नगर पालिका परिषद कार्यालय परिसर में जमकर हंगामा किया। सफाई कर्मचारियों ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई ना होने पर सफाई व्यवस्था ठप करने की चेतावनी दी है।

नगर पालिका परिषद मुरादनगर स्थित राधेश्याम विहार कॉलोनी में बुधवार को सफाई कर्मचारी सफाई करने के लिए गए थे। बताया जा रहा है कि एक सफाई कर्मचारी झाडू लगा रहा था और अन्य कर्मचारी कूड़ा उठाकर ट्रैक्टर में डाल रहे

**सफाई कर्मचारियों ने नगरपालिका परिषद कार्यालय में किया हंगामा**

थे। आरोप है कि कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने सफाई कर्मचारी से रोजाना सफाई करने के लिए कहा। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि उक्त व्यक्ति ने सफाई कर्मचारी के साथ अभद्रता कर धक्का मुक्की करनी शुरू कर दी। इस बात से नाराज सफाई कर्मचारियों ने सफाई कार्य बंद करके नगर पालिका परिषद पहुंच गए और सफाई निरीक्षक व अधिशासी अधिकारी को पूरे मामले की जानकारी दी। सफाई कर्मचारियों ने नगर पालिका परिषद कार्यालय परिसर में जमकर हंगामा कर कार्रवाई की मांग की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो सफाई व्यवस्था ठप कर आंदोलन किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी का कहना है कि एकाएक सफाई कर्मचारियों से अभद्रता करने के मामले बढ़ते जा रहे है, जो कि गलत है। जिस व्यक्ति पर अभद्रता करने का आरोप है उसे बुलाया गया है। इसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं आई है।

# लखनऊ में आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने रचा इतिहास

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) की छात्रा अर्चिता सिंह ने 12वीं आईएससी बोर्ड परीक्षा में 99.75 प्रतिशत मार्क्स हासिल कर नेशलन टॉपर के रूप में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है.

**अर्चिता सिंह ने आईएससी बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में हासिल किया सर्वोच्च स्थान**

इसके अलावा, अर्चिता ने दो विषयों में 100 प्रतिशत मार्क्स प्राप्त किए हैं. आईएससी बोर्ड ने हाल ही में परिणामों की घोषणा की.

अर्चिता सिंह ने अंग्रेजी और कंप्यूटर विज्ञान में 100, गणित में 99, रसायन विज्ञान में 97 और भौतिक विज्ञान में 96 अंकों के साथ कुल 400 मार्क्स में 399 अपने नाम किए हैं। इसके अलावा उन्होंने शारीरिक शिक्षा में 100 मार्क्स



हासिल किये. अर्चिता सिंह को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई देते हुए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर डॉ. एचआर राव ने कहा, ह्हम अर्चिता के असाधारण प्रदर्शन पर बहुत गर्व करते हैं, उन्होंने 12वीं आईएससी बोर्ड परीक्षा में प्रभावशाली 99.75 प्रतिशत अंकों के साथ राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान हासिल किया. यह उपलब्धि उसकी मेहनत, प्रयासों, उसके माता-पिता के अटूट समर्थन और आकाश में प्रदान की गई प्रभावी परीक्षण तैयारी और मार्गदर्शन को दर्शाती है. अर्चिता और हमारे सभी छात्रों को परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई. हम उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) हाई स्कूल और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम प्रारूपों के माध्यम से व्यापक आईआईटी-जेईई कोचिंग प्रदान करता है। हाल ही में, आकाश ने कंप्यूटर-आधारित प्रशिक्षण विकसित करने पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। इसका अभिनव आई ट्यूटर प्लेटफॉर्म रिकॉर्ड किए गए वीडियो व्याख्यान देता है, जिससे छात्र स्व-पुस्तक सीखने में संलग्न हो सकते हैं और छूटे हुए सत्रों को पकड़ सकते हैं। इसके अलावा, नकली परीक्षण वास्तविक परीक्षा स्थितियों का अनुकरण करते हैं, परीक्षा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक परिचितता और आत्मविश्वास के साथ छात्रों को लैस करना।

# जौनपुर की मल्लिका जैदी ने यूनिटी कॉलेज से इंटर की परीक्षा में पाया 96% अंक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** ये मल्लिका जैदी हैं। मूल रूप से जौनपुर की निवासी हैं। रहती लखनऊ में हैं। सच कहूं तो ये मेरी (असगर पत्रकार) बहन है। मेरे मामा की बेटी है। मामू सै. तालिब जैदी साहब शिया कॉलेज लखनऊ में इंग्लिश के प्रवक्ता हैं। फिलवक्त लखनऊ के यूनिटी कॉलेज से बहन मल्लिका ने आईसीएसई बोर्ड से इंटर की परीक्षा 96% अंकों के साथ पास की। खुशी इस बात की है कि मजहबे इस्लाम को लाने और पहुंचाने वाले इस्लाम के नबी पैगम्बर मोहम्मद पर पहली आयत उतरी इकरा, यानी पढ़ो। इसका मतलब इस्लाम पढ़ने की दावत मर्द और औरत दोनों को देता है। बहन ने उस हुक्म पर अमल करके एक मुकाम हासिल किया है उसके लिए दिल से मुबारक और दुआ। बता दें कि मल्लिका हिन्दुस्तान के मशहूर आलिमे दीन मौलाना सै. सफदर हुसैन जैदी की



भतीजी भी हैं। ऐसे में लखनऊ से लेकर जौनपुर तक बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

# अर्चिता सिंह ने आईएससी बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में हासिल किया सर्वोच्च स्थान

**लखनऊ (आरएनएस)।** लखनऊ से आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) की छात्रा अर्चिता सिंह ने 12वीं आईएससी बोर्ड परीक्षा में 99.75 प्रतिशत मार्क्स हासिल कर नेशलन टॉपर के रूप में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है. इसके अलावा, अर्चिता ने दो विषयों में 100 प्रतिशत मार्क्स प्राप्त किए हैं. आईएससी बोर्ड ने हाल ही में परिणामों की घोषणा की. अर्चिता सिंह ने अंग्रेजी और कंप्यूटर विज्ञान में 100, गणित में 99, रसायन विज्ञान में 97 और भौतिक विज्ञान में 96 अंकों के साथ कुल 400 मार्क्स में 399 अपने नाम किए हैं। इसके अलावा उन्होंने शारीरिक शिक्षा में 100 मार्क्स हासिल किये. अर्चिता सिंह को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई देते हुए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर डॉ. एचआर राव ने कहा, हम अर्चिता के असाधारण प्रदर्शन पर बहुत गर्व करते हैं, उन्होंने 12वीं आईएससी बोर्ड परीक्षा में प्रभावशाली 99.75 प्रतिशत अंकों के साथ राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान हासिल किया. यह उपलब्धि उसकी मेहनत,

**अर्चिता सिंह ने अंग्रेजी और कंप्यूटर विज्ञान में 100, गणित में 99, रसायन विज्ञान में 97 और भौतिक विज्ञान में 96 अंकों के साथ कुल 400 मार्क्स में 399 अपने नाम किए हैं। इसके अलावा उन्होंने शारीरिक शिक्षा में 100 मार्क्स हासिल किये. अर्चिता सिंह को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई देते हुए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर डॉ. एचआर राव ने कहा, हम अर्चिता के असाधारण प्रदर्शन पर बहुत गर्व करते हैं**

प्रयासों, उसके माता-पिता के अटूट समर्थन और आकाश में प्रदान की गई प्रभावी परीक्षण तैयारी और मार्गदर्शन को दर्शाती है. अर्चिता और हमारे सभी छात्रों को परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई. हम उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) हाई स्कूल और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम प्रारूपों के माध्यम से व्यापक आईआईटी-जेईई कोचिंग प्रदान करता है। हाल ही में, आकाश ने कंप्यूटर-आधारित प्रशिक्षण विकसित करने पर अपना ध्यान केंद्रित किया है।

इसका अभिनव आई ट्यूटर प्लेटफॉर्म रिकॉर्ड किए गए वीडियो व्याख्यान देता है, जिससे छात्र स्व-पुस्तक सीखने में संलग्न हो सकते हैं और छूटे हुए सत्रों को पकड़ सकते हैं। इसके अलावा, नकली परीक्षण वास्तविक परीक्षा स्थितियों का अनुकरण करते हैं, परीक्षा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक परिचितता और आत्मविश्वास के साथ छात्रों को लैस करना।

# डीआईओएस तथा कॉलेज प्रबंधन के दखल के बाद 11वीं में प्रवेश मिलने का रास्ता हुआ साफ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**खुशी से खिले विद्यार्थियों और अभिभावकों के चेहरे**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** डॉक्टर केएन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में अंग्रेजी माध्यम से दसवीं पास सैकड़ों विद्यार्थियों को जिला विद्यालय निरीक्षक और कॉलेज मैनेजमेंट के दखल के बाद कॉलेज में ही 11वीं कक्षा में प्रवेश मिलने का रास्ता अब साफ हो गया है। जिसके बाद प्रवेश ने मिलने से चिंतित विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों



के चेहरे खुशी से खिल उठे।

बता दें कि कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य तेजपालसिंह द्वारा कॉलेज के अंग्रेजी माध्यम से दसवीं पास सैकड़ो विद्यार्थियों को अनुमति न होने का हवाला देते हुए 11वीं कक्षा में प्रवेश देने से मना कर देने पर विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के बीच रोष व्याप्त था। और अभिभावक पिछले कई दिनों से लगातार प्रधानाचार्य से मिलकर प्रवेश देने की मांग कर रहे थे। मंगलवार को प्रधानाचार्य तेजपाल सिंह ने अभिभावकों को कॉलेज प्रबंधन से बात करने का सुझाव देते हुए गेंद कॉलेज प्रबंधन के पाले में डाल दी थी। जिसके बाद अभिभावकों की पीड़ा को समझते हुए प्रदीप शर्मा सहित अनेक सभासद अभिभावकों के साथ कॉलेज पहुंचे। जहां उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक तथा कॉलेज मैनेजमेंट से फोन पर संपर्क कर उन्हें समस्या से अवगत कराया और विद्यार्थियों को 11वीं कक्षा में प्रवेश देने की मांग की। सभासद प्रदीप शर्मा के मुताबिक जिला विद्यालय निरीक्षक और कॉलेज प्रबंधन के दखल देने के बाद उन सैकड़ो दसवीं पास विद्यार्थियों का कॉलेज में ही 11वीं कक्षा में प्रवेश मिलने का रास्ता साफ हो गया है और विद्यार्थियों को कॉलेज में ही 11वीं कक्षा में प्रवेश मिल सकेगा। कॉलेज में ही अंग्रेजी माध्यम की 11वीं कक्षा में प्रवेश मिलने की सूचना पर अभिभावक और विद्यार्थी खुशी से झूम उठे। इस अवसर पर प्रदीप शर्मा सभासद, अलोक कौशिक सभासद, दुश्यंत यादव सभासद, राहुल देव सभासद आदि के अलावा दर्जनों अभिभावक गण एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

**व्यापारी नेता निर्दोष खटाना ने मंगलवार को दी थी धरना प्रदर्शन की चेतावनी**

बुधवार को विद्यार्थियों के हित में लिए गए इस निर्णय से पूर्व मंगलवार को अभिभावकों के साथ प्रधानाचार्य तेजपाल सिंह से वार्ता करने पहुंचे व्यापारी नेता निर्दोष खटाना ने समस्या का समाधान न होने पर पीड़ित अभिभावकों के साथ धरना प्रदर्शन किए जाने की खुली चेतावनी दे डाली थी। बुधवार को समस्या का समाधान होने के बाद अब अभिभावक जहां प्रदीप शर्मा आदि सभासदों का आभार व्यक्त कर रहे हैं वहीं वे निर्दोष खटाना का आभार व्यक्त करना भी नहीं भूल रहे हैं।

**जनसभा** इस चुनाव में एक तरफ राम भक्त, राष्ट्रभक्त और दूसरी तरफ रामद्रोही

# अकबरपुर में सीएम योगी का सवाल-क्या सपा और कांग्रेस के लोग राम मंदिर बना पाते ?

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** अकबरपुर से तीसरी बार प्रत्याशी बनाए गए देवेंद्र सिंह भोले के समर्थन में घाटमपुर के पतारा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां कहा कि इस लोकसभा चुनाव में एक तरफ राम भक्त और राष्ट्रभक्त हैं तो दूसरी तरफ राम द्रोही। अपने संबोधन के दौरान सपा कांग्रेस और बसपा पर प्रहार करते हुए सीएम योगी ने सवाल भी उठाया की क्या सपा और कांग्रेस को लोग राम मंदिर बना पाते। उन्होंने कहा कि विपक्ष माफियाओं को अपने गले का हार बनाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम रामलला को

- **अकबरपुर की जनसभा में सीएम योगी ने प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के लिए मांगे वोट**
- **बोले - हम रामलला को ही विराजमान नहीं करते, माफिया का रामनाम सत्य भी करते हैं**

ही विराजमान नहीं करते, माफिया का रामनाम सत्य भी करते हैं।

प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले को जिताने की अपील के साथ मुख्यमंत्री ने अकबरपुर की सराहना भी की और कहा कि कानपुर की धरती ऐतिहासिक को पौराणिक है और यहां के लोगों देश की आजादी में भी योगदान दिया है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हो रहे लोकसभा चुनाव का रुझान बताता है कि फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी 400 पार। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नए भारत को आत्मनिर्भर भारत की ओर ले जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जाति के नाम पर लड़ाया जाता था और विपक्ष माफियाओं को अपने गले का हार बनाते थे।

उन्होंने कहा, विपक्षी भारत के खिलाफ ही साजिश में लग गए। एक तरफ रामभक्त दूसरी ओर द्रोही हैं। राम द्रोही का पतन तो हमेशा हुआ है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ चुनाव नहीं भारत को दुनिया में आत्मनिर्भर बनाना है। खिलाफ साजिश कर रहे हैं।



जबकि विपक्ष जाति धर्म के नाम पर जनता को लड़ाकर माफिया को गले का हार बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण को फिर लागू करना चाहती है। ये देश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान उमेश पाल हत्याकांड की भी चर्चा की और कहा कि प्रयागराज में उमेश पाल की हत्या को लेकर उन्होंने कहा कि सरकार ने कहा था कि माफिया को मिट्टी में मिला देंगे और माफिया को मिट्टी में मिला दिया। पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर खामोश विपक्षी माफिया के घर फातिहा पढ़ने गये थे।

अपनी सभा के दौरान घाटमपुर में चीनी मिल चालू करने को मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा, सर्वे रिपोर्ट आने दीजिए, शुगर कांप्लेक्स बनाएंगे। डिफेंस कारिडोर को लेकर कहा,यहां बनी तोपें गोला बारूद दुनिया में जा रहा है। इससे कानपुर का नाम चमक रहा है। यहां मुख्यमंत्रीने अकबरपुर का नाम भी बदलने का संकेत दिया और कहा कि अकबरपुर का बार बार लेने में संकोच होता है।गुलामी के अंशों को समाप्त करेंगे। इस दौरान सुरक्षा के भी बहुत कड़े इंतजाम रहे।

# डायट प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर शैक्षिक टूर को किया रवाना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के तीन दिवसीय शैक्षिक भ्रमण को संस्थान के उप शिक्षा निर्देशक/प्राचार्य डॉ0 ओम प्रकाश गुप्ता ने बुधवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रशिक्षुओं के लिए शैक्षिक भ्रमण से हमारे देश की संस्कृति,

**छात्र-छात्राओं ने ऋषिकेश में प्रसिद्ध राम झूले का किया अवलोकन, भ्रमण से देश की सभ्यता, संस्कृति और विकास को देखने का मिलता है अवसर : ओपी गुप्ता**

सभ्यता एवं विकास को देखने के अवसर मिलते है । शैक्षिक टूर में शामिल छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ के लोगों ने आज देर शाम को ऋषिकेश में प्रसिद्ध राम झूले का अवलोकन किया और मंदिरों के दर्शन किए ' डीएलएड 2022-24 बैच के तृतीय सेमेस्टर में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षुओं के शैक्षिक अभिरुचियों, गुणात्मक वृद्धि के लिए डायट की ओर से तीन दिवसीय शैक्षिक भ्रमण देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश भ्रमण के लिए गया है। शैक्षिक भ्रमण प्रशिक्षण का हिस्सा है। शैक्षिक भ्रमण से संबंधित सभी गाइड लाइनों के बारे में बताया। इस दौरान डायट प्रवक्ता डॉ अनिल कुमार यादव, आशुतोष त्यागी, डॉ. अभिषेक भारद्वाज, एवं प्रशिक्षुओं में लवकुश, जयवीर प्रताप सिंह, विवेक कुमार, प्रदीप धारीवाल, ईशान चौहान, शिल्पी बिश्नोई, चित्रा भारती, तनु चौहान, साक्षी चौहान, सुमैना आदि मौजूद थे ।





## खून की जांच रिपोर्ट अब मरीजों को उनके मोबाइल फोन पर एसएमएस के माध्यम से मिलेगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )** । प्रदेश के 75 सरकारी अस्पतालों में खून की जांच रिपोर्ट मरीजों को उनके मोबाइल फोन पर एसएमएस के माध्यम से मिलनी शुरू हो गई है। चरणबद्ध ढंग से अस्पतालों में इस सुविधा का विस्तार किया जा रहा है। अब अगले चरण में जल्द ही 18 और सरकारी अस्पतालों में यह सुविधा शुरू हो जाएगी। कुल 93 सरकारी अस्पतालों में खून की जांच कराने पर रिपोर्ट घर बैठे मिल जाएगी। फिलहाल, इसकी टेस्टिंग चल रही है।प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा के मुताबिक लोगों को घर बैठे ही उनकी जांच रिपोर्ट मिले, इसके लिए यह सुविधा शुरू की गई है। जांच कराने के बाद मरीज या फिर उसके तीमारदार को लंबी-लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता था अब ऐसा नहीं होगा।

## पुलिस ने नीतू को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में चचेरें सुसर सास को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** पुलिस ने आज नगर निवासी नीतू को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में उसके चचेरे सास ससुर को गिरफ्तार किया है '

नगर के मुहल्ला पटटीवाला निवासी नीतू का शव कांठ मे ही रेलवे ट्रैक पर मिला था। जिसमे मृतका की भाबी लता ने ननद को आत्म हत्या के लिऐ मजबूर करने का आरोप मृतका के सास ससुर और देबर पर लगाकर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने एक आरोपी देबर को पहले ही अदालत के सामने पेश किया था जहां से उसे जेल भेजा गया। लेकिन आज पुलिस ने दूसरे आरोपी बृजपाल पुत्र शिवसिंह और बबली पत्नी बृजपाल का भी चालान कर दिया।






# उद्घाटन के दो महीने बाद भी यात्रियों के लिए "शोपीस बनकर रह गया मुरादाबाद हवाई अड्डा"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद हवाई अड्डे का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 मार्च को किया था लेकिन करीब दो महीने बाद भी यात्रियों के लिए यह शोपीस बना हुआ है यात्रियों के लिए यहां से अभी उड़ान शुरू नहीं हुई है' हवाई अड्डे को उड़ान शुरू करने का लाइसेंस मिले छह माह बीतने वाले हैं। अब तक यहां से हवाई जहाज नहीं उड़ा पाया। अब हवाई अड्डे के लाइसेंस के नवीनीकरण का भी समय आ गया है। डीजीसीए के पास आवेदन पहुंच चुका है। बिना उड़ान ही लाइसेंस का नवीनीकरण कर दिया जाएगा। उड़ान कब शुरू होगी... इस सवाल का जवाब एएआई, जिला प्रशासन, पलाई बिग कंपनी किसी के पास नहीं है। 17 नवंबर 2023 को डीजीसीए ने मुरादाबाद हवाई अड्डे को उड़ान के लिए लाइसेंस दिया था।

इस लाइसेंस को पाने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने दो साल मशक्कत की थी। तीन बार डीजीसीए के सुझाए बिंदुओं पर काम कर लाइसेंस के लिए आवेदन किया गया था। अंततः लाइसेंस तो मिला लेकिन उड़ान आज तक शुरू नहीं हो पाई है। फिलहाल उड़ान को लेकर कोई अपडेट नहीं है। मुरादाबाद में एचपीसीएल कंपनी को फ्यूल स्टेशन बनाने के लिए डीजीसीए से अनुमति नहीं मिल पाई है।




# पॉवर कॉरपोरेशन प्रमुख डॉ.आशीष गोयल ने लेसा अफसरों संग की गहन समीक्षा बैठक

**लखनऊ (आरएनएस )।** राजधानी लखनऊ के लाखों विद्युत उपभोक्ताओं को इस बेहाल करने वाली गर्मी में निर्बाध ढंग से बिजली आपूर्ति मिले और उनकी समस्याओं को लेकर जो भी शिकायतें या सूचनायें 1912 पर प्राप्त हों, उन सभी का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित कराने को लेकर बुधवार को पॉवर कॉरपोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल ने खासकर लेसा के अधिकारियों के गहन समीक्षा बैठक की और कड़े निर्देश दिये।बैठक में कहा गया कि राजधानी की विद्युत व्यवस्था ट्रिपिंग विहीन हो इसके लिये लेसा के अन्तर्गत समस्त अधिकारी और कर्मचारी आगामी तीन दिन तक फीडर वाइज पेट्रोलिंग करने का काम तेजी के साथ करेंगे। जिसके तहत ये टीमें विद्युत लाइनों से लेकर समस्त विद्युत उपकरणों की जांच करेंगे और कहीं कोई जरूरत पड़ी तो उसको शीघ्र ही मौके पर ठीक कराया जाये।चेयरमैन ने कहा कि हर अधिकारी के पास फीडर वाइज विस्तृत जानकारी रहनी चाहिए जिससे किसी भी सम्भावित विद्युत फाल्ट का समय से निस्तारण कराया जा सके। बोले कि विद्युत सम्बन्धी कार्यों के लिये गर्मियों में शट डाउन से बचना चाहिए और असिस्टेड मीटर रीडिंग और बिलिंग शत-प्रतिशत होनी है। अध्यक्ष ने कहा कि राजधानी लखनऊ (लेसा अन्तर्गत क्षेत्र को) ट्रिपिंग विहीन एक आदर्श विद्युत व्यवस्था वाला क्षेत्र बनाना है। अध्यक्ष ने कहा कि राजधानी में कोई भी ट्रांसफार्मर लापरवाही के कारण नहीं क्षतिग्रस्त होना चाहिए। अनुरक्षण के लिये काफी धनराशि दी गयी है।

**जिसके तहत ये टीमें विद्युत लाइनों से लेकर समस्त विद्युत उपकरणों की जांच करेंगे और कहीं कोई जरूरत पड़ी तो उसको शीघ्र ही मौके पर ठीक कराया जाये।**

## भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन कराएगी दक्षिण भारत की तीर्थ यात्रा, ऋषिकेश से 7 जून को रवाना होगी ट्रेन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** केंद्र सरकार की'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' और 'देखो अपना देश' योजना के अंतर्गत इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन (आइ आरसीटीसी) भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन चलाने जा रहा है। ट्रेन मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, तिरुपति बालाजी मंदिर, रामनाथ स्वामी मंदिर (रामेश्वरम्), मीनाक्षी मंदिर, कन्याकुमारी के दर्शन कराएगी। जानकारी के अनुसार ट्रेन योग नगरी ऋषिकेश से सात जून को चलेगी और 18 जून को यात्रा पूरी कर लौटेगी। ट्रेन के एसी कोच में 49, एसी थर्ड में 70 और स्लीपर में 648 सीटें उपलब्ध हैं। पर्यटक योगनगरी ऋषिकेश, हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ, रायबरेली, प्रतापगढ़, प्रयागराज, मानिकपुर और सतना जंक्शन से सवार हो सकेंगे और वापसी में इन्हीं स्टेशन पर उतरने की सुविधा होगी।ट्रेन में बुकिंग कराने पर ट्रेन यात्रा, तीनों समय के भोजन के साथ होटल में रुकने और बस से स्थानीय भ्रमण की व्यवस्था भी शामिल है। स्लीपर क्लास में पैकेज 22,250 रुपये प्रति व्यक्ति और बच्चे (5-11 वर्ष) के लिए 20,910 रुपये का भुगतान करना पड़ेगा। एसी क्लास का किराया 37,000 व प्रति बच्चा 35,430 रुपये और एसी सेकंड क्लास में 49,000 और प्रति बच्चा 47,120 रुपये निर्धारित किया गया है। आइआरसीटीसी की वेबसाइट से आनलाइन बुकिंग भी कराई जा सकती है।



# टीएमयू की डॉ.सान्या जैन को बरेली की रेडियोलॉजी कॉन्फ्रेंस-2024 में दो अवार्ड

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** श्री राममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, बरेली- एसआरएमएस के रेडियोडाग्नोस्टिक विभाग की ओर से इंडियन रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग एसोसिएशन- आईआरआईए के बरेली संभाग के तत्वावधान में आयोजित एसआरएमएस एडवांस इमेजिंग एंड इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी कॉन्फ्रेंस-2024 में ओरल पेपर प्रेजेंटेशन में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के रेडियोलॉजी विभाग की पीजी रेजिडेंस-एमडी इन रेडियोडायग्नोसिस सेकेंड ईयर की डॉ. सान्या जैन और डॉ. ऐश्वर्या पांडेय ने क्रमशः प्रथम और तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में भी टीएमयू की डॉ. सान्या जैन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस दो दिनी कॉन्फ्रेंस में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में रेडियोडायग्नोसिस विभाग के सीनियर प्रोफेसर प्रो. राजुल रस्तोगी बतौर सेशन चेयर एवम् ओरल रिसर्च पेपर प्रेजेंटेशन के निर्णायक मंडल में मौजूद रहे। कॉन्फ्रेंस में क्विज प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें सुभारती मेडिकल कॉलेज, मेरठ की टीम प्रथम रही। एसआरएमएस, बरेली की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। डॉ. सान्या जैन ने अल्ट्रासोनोग्राफिक एंड सीटी कोरिलेशन ऑफ ऑप्टिक नर्व शीथ डायमीटर इन हेड इंजरी पेशेंट्स पर अपना रिसर्च पेपर पढ़ा। डॉ. सान्या ने अपने पेपर में बताया, हेड इंजरी के ऐसे पेशेंट जिसका सीटी स्कैन करना संभव नहीं है, उनके माइंड के प्रेशर को अल्ट्रासाउंड के जरिए भी पता किया जा सकता है। डॉ. ऐश्वर्या पांडेय पेपर का विषय इवेल्यूएशन ऑफ प्लेंटर फेसिया इन पेशेंट्स ऑफ डायबिटीज मीलिटस यूजिंग हाई रेज्यूलेशन अल्ट्रासाउंडोग्राफी एंड सेनोइलास्टोग्राफी रहा। इसमें डॉ. पांडेय ने स्पष्ट किया, डायबिटीज के ऐसे पेशेंट्स जिनके पैर के तलवे की झिल्ली सूज जाती है और इसमें दर्द होता है, जिसका पता बिना एमआरआई के अल्ट्रासाउंड और इलास्टेग्राफी से लगाया जा सकता है। डॉ. सान्या के पोस्टर का विषय छोटी आंत में खून की नसों का गुच्छा बनना था, जो एक रेयर केस होता है। इससे व्यक्ति के मल में खून आने की शिकायत होती है। साथ ही हीमोग्लोबिन का स्तर कम हो जाता है। इस समस्या को सीटी स्कैन एंजियोग्राफी की मदद से डायग्नोस किया जा सकता है। सभी विजेता प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट्स प्रदान किए गए। कॉन्फ्रेंस में 25 ओरल पेपर और 35 से अधिक पोस्टर प्रस्तुत किए गए। कॉन्फ्रेंस में राम मनोहर लोहिया मेडिकल कॉलेज, सरस्वती मेडिकल कॉलेज, सुभारती मेडिकल कॉलेज समेत दीगर कॉलेजों से 18 सीनियर फैकल्टीज समेत 140 डेलीगेट्स ने प्रतिभाग किया।

**श्री राममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की दो दिनी कॉन्फ्रेंस में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के सीनियर रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी बतौर सेशन चेयर एवम् ओरल रिसर्च पेपर प्रेजेंटेशन के निर्णायक मंडल में रही उल्लेखनीय मौजूदगी**




## बलरामपुर चिकित्सकों ने की सफल सर्जरी

**लखनऊ (आरएनएस )।** बलरामपुर अस्पताल के चिकित्सकों ने नित नई उपलब्धियों को हासिल कर रहें हैं। बुधवार को अस्पताल प्रशासन ने बताया कि स्पाइनल कॉर्ड ट्यूमर दुर्लभ बीमारी से ग्रसित मरीज की सर्जरी करने में बड़ी सफलता हासिल की है। 26 वर्षीय सदिल के दोनों पैरों मे चलने मे दिक्कत से कराह रहे थे। उन्हें स्पाइनल कॉर्ड ट्यूमर लगभग 6 महीने से बढ़ती जा रही थी। मरीज के परिजनों ने निजी चिकित्सक को दिखाने के लिए इधर उधर भटक रहे थे। इसमें निजी अस्पताल में दिखाने पर इस बीमारी में खर्च लगभग 3 लाख रुपये बताया जा रहा है। मरीज के परिजन इतनी रकम खर्च करने में असमर्थ थे। जब उन्हें स्थानीय लोगों ने बलरामपुर चिकित्सालय के न्यूरोसर्जन डॉ. विनोद कुमार को दिखाने पहुंचे।डॉ.तिवारी ने बच्चे को देखा और पाया की स्पाइनल कॉर्ड ट्यूमर ने पूरे स्पिनल कॉर्ड को दबा रखा है। चिकित्सकों ने इस चुनौतीपूर्ण कार्य को करने के लिए शल्य क्रिया की तैयारी शुरू की और डॉ. विनोद कुमार तिवारी ने इस स्पाइनल कॉर्ड ट्यूमर को पूरी बेहोशी मे ना करने की ठानी। ज्ञात हो कि पूरी बेहोशी मे मरीज की नसों को काटने का जोखिम रहता है। इसलिए इसका ऑपरेशन केवल उतनी दूर तक के हिस्से को सुन्न कर के किया गया।जिससे ऑपरेशन के दौरान मरीज के दोनों पैर चलवाते रहे। बड़े आकार के ट्यूमर के ऑपरेशन का समय तीन घंटे तीस मिनट से अधिक चला ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा। डॉक्टरों की टीम में डॉ. एमपी सिंह, डॉ. एएस चंदेल, डॉ. बीबी भट्ट,दयावती स्टाफ नर्स शामिल रही। वहीं सदिल का इलाज चिकित्सालय चल रहा है और रोगी बिलकुल स्वस्थ है। इसके लिए बलरामपुर चिकित्सालय के निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक डॉक्टर पवन कुमार ने बताया की इस रोग से दोनों पैरों को फालिश पड़ने का खतरा रहता है इसलिए पूरी बेहोशी मे ऑपरेशन करना ठीक नही रहता।

## पूर्व विधायक की बेटी से रेप, आरोपी सपा नेता ने ब्लैकमेलिंग कर 6 करोड़ रूपए वसूले

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई) ।** मुरादाबाद में सपा के पूर्व विधायक की बेटी के साथ सपा नेता ने रेप किया। इसके साथ ही ब्लैकमेल कर 5 साल दरिंदगी की, वहीं फोटो डिलीट करने के लिए महिला से 6 करोड़ रुपए वसूले लेकिन फोटो डिलीट नहीं किया। अब महिला पर तेजाब फेंकने की धमकी दे रहा। दूसरी ओर परेशान होकर 30 साल की महिला ने पूरी बात पति को बताई, जहां मंगलवार रात महिला ने सिविल लाइन थाने में ऋक्षक दर्ज कराई। महिला का पति कानपुर में बड़ा बिजनेसमैन बताया गया है'पीड़िता की तहरीर पर पुलिस में आसिफ उर्फ शिबली चौधरी, उसके भाई, भाभी और भतीजे को भी आरोपी बनाया है। पीड़िता के पिता अमरोहा जनपद की एक विधानसभा से दो बार विधायक रह चुके हैं। पीड़िता का परिवार सिविल लाइंस क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहता है।पीड़िता की शादी कानपुर निवासी कारोबारी के साथ हुई थी। चार अप्रैल 2019 को पिता के बीमार होने पर पीड़िता उनकी देखभाल करने मुरादाबाद आई थी। पीड़िता के मायके में आरोपी आसिफ उर्फ शिबली का आना जाना था। इसी दौरान आरोपी ने महिला से नजदीकियां बढ़ा लीं।अब तक आरोपी छह करोड़ रुपये वसूल चुका है। करीब एक साल पहले पीड़िता के पिता एवं पूर्व विधायक की मौत हो चुकी है। आरोपी अभी रकम वसूलने में लगा है। रकम न देने पर तेजाब डालने की धमकियां भी दे रहा है। पीड़िता ने परेशान होकर इसकी जानकारी अपने परिवार को दी और सिविल लाइंस थाने में तहरीर दी' सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर के मुताबिक तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।




## भारत गौरव ट्रैन से करिये दक्षिण का तीर्थाटन

**लखनऊ (आरएनएस)।** आईआरसीटीसी आगामी गर्मी की छुट्टियों में अपने भारत गौरव ट्रैन से अब आगे लखनऊ से सीधे दक्षिण भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों की यात्रा कराने जा रहा है। इसके तहत मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, तिरुपति बालाजी मंदिर, रामनाथ स्वामी मंदिर (रामेश्वरम), मीनाक्षी मंदिर, कन्याकुमारी जाने के लिए योगनगरी ऋषिकेश से भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन द्वारा दक्षिण भारत यात्रा 7 से 18 जून (11 रात्रि एवं 12 दिनों) चलाने की तैयारी है।

आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबन्धक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि पैकेज के तहत इन शहरों योगनगरी ऋषिकेश, हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, रायबरेली जं., प्रतापगढ़, प्रयागराज, जं मानिकपुर एवं सतना से यात्री उक्त यात्रा को लेकर चढ़ और उतर सकते हैं। इकोनामी श्रेणी (स्लीपर क्लास) में पैकेज मूल्य 22250 रुपये प्रति व्यक्ति एवं प्रति बच्चे (5-11 वर्ष) का पैकेज का मूल्य 20910 रुपये, स्टैंडर्ड श्रेणी (3एसी क्लास) में ठहरने पर पैकेज मूल्य 37000 रुपये प्रति व्यक्ति एवं प्रति बच्चे 35430 रुपये है, कम्फर्ट श्रेणी (2एसी क्लास) में ठहरने पर पैकेज मूल्य 49000 रुपये प्रति व्यक्ति एवं प्रति बच्चे 47120 रुपये है।

बताया कि एलटीसी एवं ईएमआई की सुविधा भी उपलब्ध है। ईएमआई की सुविधा आईआरसीटीसी पोर्टल पर उपलब्ध 14 सरकारी और गैर सरकारी बैंक से ली जा सकती है, ईएमआई 1079 रुपये प्रति व्यक्ति प्रति माह पर उपलब्ध है।

**आयोजन** रविंद्रनाथ टैगोर की जयंती पर एएम पब्लिक स्कूल में पहाड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

# टैगोर साहित्य के क्षेत्र में एशिया के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता थे : शाह आलम रौनक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद ।** जनपद से सटे रामनगर मझरा स्थित ए एम पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय गान के रचयिता रविंद्र नाथ टैगोर के जन्म दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर स्कूल में पहाड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पहाड़ प्रतियोगिता के प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक ने रविंद्र नाथ टैगोर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह एक विश्व विख्यात कवि, साहित्यकार, दार्शनिक और भारतीय साहित्य के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रहे। उन्हें गुरुदेव के नाम से भी जाना जाता है। वह एशिया के प्रथम नोबेल पुरस्कार से सम्मानित व्यक्ति भी है। उन्होंने हमारे देश के राष्ट्रगान की रचना की। पूर्व विधायक बलराम सिंह सैनी ने रवींद्र नाथ टैगोर के आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया। इसके उपरांत प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक एवं पूर्व विधायक बलराम सिंह सैनी ने विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक बलराम सिंह सैनी,प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक, अभिनव सैनी, सुखविंदर कौर, मोहम्मद दानिश, ज्योति सैनी, खुशबू,संध्या सैनी, ईशा परवीन, कशिश,नीतू,गिरिराज सिंह, शगुफ्ता अंसारी, राशि, अमरनाथ, आफरीन, अनुज कुमार, मोनिका, शिवानी एवं शगुन आदि सम्मिलित रहे। संचालन अमरनाथ ने किया।



# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में प्रमुख सचिव ने किया रक्तदान

**लखनऊ (आरएनएस )।** डॉ.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में विश्व थैलेसीमिया दिवस का आयोजन किया गया। बुधवार को मुख्य अतिथि के रूप में पार्थ सारथी सेन शर्मा प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा ने बधाई देते हुए थैलेसीमिया रोगियों के लिए बेहतर कार्य करने की सराहना की। उन्होंने थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के अभिभावकों को विश्वास दिलाया कि इस बीमारी से घबराने की जरूरत नहीं है इसका इलाज सम्भव है। प्रमुख सचिव ने कहा कि शीघ्र ही संस्थान में थैलेसीमिया पीड़ित रोगियों के लिए बोनमेरो ट्रान्सप्लान्ट सुविधा शुरू की जायेगी।उन्होंने वॉर्ड में उपस्थित लोगों से एवं अभिभावकों से स्वैच्छिक रक्तदान करने का आग्रह किया। साथ ही थैलेसीमिया रोग को भी असाध्य रोगों की श्रेणी में डाले जाने के लिए अपनी सहमति जताई। उन्होंने आश्वासन दिया कि बजट की कोई कमी नहीं होने दी जायेगी। वहीं संस्थान के निदेशक प्रो.सीएम सिंह ने ट्रान्सफ्यूजन मेडीसिन विभाग को उनके विभागीय कार्यों एवं उपलब्धियों के लिए बधाई दी। प्रो.सिंह ने कहा कि भविष्य में भी वह उत्कृष्ट सेवाये मरीजों को प्रदान करने के लिए प्रबिद्ध हैं। उन्होंने बताया की थैलेसीमिया डे केयर संस्थान में बीते वर्ष जुलाई से क्रियान्वित है जो कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा वित्तपोषित है। पोस्टर प्रतियोगिता में 1 से 15 वर्ष तक के थैलेसीमिया बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। 1 से 6 वर्ष की श्रेणी में प्रथम स्थान शौर्य मिश्रा एवं द्वितीय स्थान वेदिता ने प्राप्त किया, 6 से 12 वर्ष की श्रेणी में प्रथम स्थान प्रिंस एवं द्वितीय स्थान हम्माद आमिर ने प्राप्त किया एवं 12 वर्ष की अधिक की श्रेणी में प्रथम स्थान अनम अली एवं द्वितीय स्थान सुफिया ने प्राप्त किया।कार्यक्रम में संस्थान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो.एके सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, प्रो. विक्रम सिंह, विभागाध्यक्ष, ट्रान्सफ्यूजन मेडीसिन एवं ब्लड बैंक प्रो. सुब्रत चन्द्रा, नोडल अधिकारी थैलेसीमिया डे केयर सेन्टर डा. वीके शर्मा, प्रो. पीके दास, प्रो. रितु करोली, प्रो. नम्रता पुनीत अवस्थी, डा. सुजीत राय, संकाय सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी, थैलेसीमिया पीडित बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित रहें। कार्यक्रम के उपरान्त 30 बच्चों ने रक्तआधान (ब्लड ट्रान्सफ्यूजन) भी कराया और 35 यूनिट रक्त स्वैक्षिक रक्तदान शिविर में प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा भी रक्तदान किया गया। सभी रक्तदाताओं को प्रस्ततिपत्र प्रदान किया गया।

**कार्यक्रम के उपरान्त 30 बच्चों ने रक्तआधान (ब्लड ट्रान्सफ्यूजन) भी कराया और 35 यूनिट रक्त स्वैक्षिक रक्तदान शिविर में प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा भी रक्तदान किया गया। सभी रक्तदाताओं को प्रस्ततिपत्र प्रदान किया गया**



# नम्रता सेठ ने किया खुलासा, गर्मियों में किस तरह रखती हैं अपनी बालों और स्किन का ध्यान

एक्ट्रेस नम्रता सेठ ने बताया कि वह गर्मियों में कम से कम मेकअप करना पसंद करती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि उनकी स्किन अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रहे।

वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग में अपने काम के लिए मशहूर नम्रता ने अपने समर स्किनकेयर और हेयरकेयर रूटीन के साथ-साथ फिटनेस मंत्र के बारे में भी बात की।

नम्रता सेठ ने कहा, गर्मियों के लिए मेरा स्किन केयर रूटीन यह है कि जितना संभव हो उतना कम मेकअप करती हूं, अपनी स्किन को लाइटवेट सीरम और सनस्क्रीन के साथ सुपर हाइड्रेटेड रखने की कोशिश करती हूं, ताकि मैं चिलचिलाती धूप से बच सकूं। मैं बस इतना ही करती हूं, अपने चेहरा को हर समय साफ और हाइड्रेटेड रखती हूं, और बहुत सारे प्रोडक्ट्स या हैवी मेकअप लगाने से बचती हूं, क्योंकि गर्मियों में पसीना बहुत आता है।

अपनी डू इट योरसेल्फ रूटीन के बारे में, नम्रता ने कहा, मैं घर पर खीरे को पीसकर और फिर उसे दही के साथ मिलाकर अपने चेहरे पर लगाती हूं। हमारे पास बहुत सारी नेचुरल रेमेडी हैं, जो हमारी माएं और दादी-नानी सालों से करती आ रही हैं, जैसे उबटन। मैं जितना हो सके, पानी पीती हूं। नम्रता ने आगे बताया कि कैसे शूटिंग के चलते गर्मी से उनके बालों को नुकसान पहुंचता है, जो दुर्भाग्य से उनके प्रोफेशन के लिए सही नहीं है। उन्होंने कहा, मैं हर महीने हेयर स्पा लेने की कोशिश करती हूं। यह एक तरह का इन्वेस्टमेंट है, जिसे मुझे आजमाना होगा। यह मेरे बालों के नुकसान को कम करता है। जब मैं घर पर होती हूं, तो मैं अपने बालों में तेल लगाकर रखती हूं, जिससे मेरे बालों की ग्रोथ हो सके। मैं अपने बालों को कंडीशन करने की कोशिश करती हूं।

अपनी फिटनेस रूटीन के बारे में बात करते हुए नम्रता ने कहा, मैं हर दिन किसी न किसी तरह की फिटनेस रूटीन को शामिल करने की कोशिश करती हूं, भले ही वह कम दूरी की वॉक ही क्यों न हो। मुझे लगता है कि एक्टिव रहना वास्तव में जरूरी है, एक्टिव रहने से आपका मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। मैं अपने दिन की शुरूआत मेडिटेशन से करती हूं। इसके बाद मैं अपनी बॉडी को एक्टिव रखने के लिए या तो जिम जाती हूं या डांस या बॉक्सिंग क्लास...।

# द फैमिली मैन सीजन 3 की शुरू हुई शूटिंग, श्रीकांत तिवारी बन फिर धूम मचाने को तैयार मनोज बाजपेयी

मनोज बाजपेयी की मोस्ट पॉपुलर सीरीज द फैमिली मैन सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली सीरीज में से एक है। वहीं दूसरे सीजन के लिए रिन्यू की गई इस सीरीज की स्टार कास्ट को बहुत प्यार मिला है और दर्शक इसके तीसरे पार्ट का लंबे समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे थे जो की अब खत्म हो चुका है। प्राइम वीडियो ने द फैमिली मैन 3 की शूटिंग को लेकर अपडेट शेयर कर दी है। इस सीरीज का तीसरा सीजन जल्द ही रिलीज होने वाला है। डायनेमिक जोड़ी राज और डीके की द फैमिली मैन 3 से एक बार फिर मनोज बाजपेयी श्रीकांत तिवारी बन धमाका करने को तैयार हैं।



मनोज बाजपेयी ने आखिरकार फैमिली मैन 3 की शूटिंग शुरू कर दी है। प्राइम वीडियो ने सोशल मीडिया पर तीसरे सीजन की शूटिंग शुरू होने की घोषणा करते हुए स्टार कास्ट की तस्वीर भी शेयर की है। अपकमिंग सीरीज को राज और डीके की जोड़ी ने अपने बैनर डी2आर फिल्म्स के तहत बनाया है। मनोज बाजपेयी एक बार फिर श्रीकांत तिवारी के दमदार किरदार में नजर आने वाले हैं। अभी तक इसकी रिलीज डेट को लेकर कोई भी अपडेट सामने नहीं आई है। फैमिली मैन के दोनों सीजन के हिट होने के बाद अब इसका तीसरा सीजन भी जल्द ही रिलीज होने वाला है। वहीं फैमिली मैन 3 को लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त बज बना हुआ है। फैमिली मैन 3 की शूटिंग की घोषणा करते हुए प्राइम वीडियो ने दो फोटो शेयर की है। पहली तस्वीर में क्लैपिंग बोर्ड दिख रहा है। वहीं, दूसरी फोटो में मनोज बाजपेयी, सुमन कुमार और राज एंड डीके नजर आ रहे हैं।

# अक्षय कुमार की हाउसफुल 5 में नजर आएंगे अभिषेक बच्चन, जल्द शुरू होगी शूटिंग

साजिद नाडियाडवाला की कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल को दर्शकों ने खूब प्यार दिया . अब तक इसकी 4 फिल्में आ चुकी हैं और अब इस फिल्म के 5वें पार्ट का इंतजार है. फैंस भी हाउसफुल 5 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. अब तक फिल्म को लेकर कोई खास अपडेट नहीं आया है लेकिन अब मेकर्स ने फिल्म की स्टारकास्ट में एक और नाम जोड़ दिया है. इसका ऐलान मेकर्स ने सोशल मीडिया पर भी कर दिया है। साजिद नाडियाडवाला की फिल्म हाउसफुल 5 का ऐलान पिछले साल किया था. तभी से फैंस इसकी हर एक अपडेट पाने के लिए बेकरार थे. वहीं अब साजिद नाडियाडवाला ने फिल्म के स्टारकास्ट में से एक नए नाम को रिवील कर दिया है. साजिद ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर बताया है कि हाउसफुल 5 में अभिषेक बच्चन की एंट्री हो गई है.

जी हां, साजिद के बेटे ने अपने इंस्टाग्राम पर अभिषेक बच्चन और साजिद की एक तस्वीर पोस्ट की है. इसके साथ ही कैप्शन में ये भी जानकारी दी है कि फिल्म में अभिषेक बच्चन की एंट्री हो गई है. कैप्शन




में लिखा है- हम लोग ऐलान करते हैं कि हाउसफुल 5 में फिर से अभिषेक बच्चन की एंट्री हो गई है. हम उन्हें वापस पाकर बहुत खुश हैं.

अभिषेक बच्चन ने भी फिल्म में वापसी करने के बाद अपनी एक्साइटमेंट जाहिर की है. एक्टर ने कहा कि- हाउसफुल मेरी फेवरेट कॉमेडी फ्रचाइंची है. अब इस फिल्म में वापस आकर बिल्कुल घर जैसा फील हो रहा है. साजिद नाडियाडवाला के साथ काम करना हमेशा बहुत खुशी की बात रही है. मैं अपने साथी कलाकारों अक्षय और रितेश के साथ सेट पर जमकर मस्ती करने के लिए भी बहुत एक्साइटिड हूं. मैं अपने प्यारे दोस्त तरुण मनसुखानी के साथ फिर से काम करने के लिए बहुत एक्साइटिड हूं. मैं दोस्ताना के बाद अब उनके साथ दोबारा काम करने जा रहा हूं। फिल्म में अभिषेक के साथ ही रितेश देशमुख और अक्षय कुमार भी नजर आएंगे. इसके अलावा रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म में इस बार अनिल कपूर और नाना पाटेकर भी नजर आने वाले हैं. इसके अलावा चंकी पांडे का भी किरदार इस फिल्म में देखने को मिलेगा. फिल्म की रिलीज की बात करें तो ये फिल्म अगले साल यानी 2025 में 6 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# राशि खन्ना ने ऑफ शोल्डर बॉडीकॉन ड्रेस में कराया हॉट फोटोशूट, एक्ट्रेस के किलर पोज देख फैंस हुए घायल

फर्जी वेब सीरीज से फेम हासिल करने वाली अदाकारा राशि खन्ना सोशल मीडिया पर भी काफी लोकप्रिय हैं. आए दिन एक्ट्रेस अपने सिजलिंग अवतार से यूजर्स को घायल करती रहती हैं. एक्ट्रेस राशि खन्ना आए दिन इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरें शेयर कर के फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लिया है।

उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा देता है। हालांकि इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसा ही देखने



को मिल रहा है। हाल ही में एक्ट्रेस राशि खन्ना ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में राशि खन्ना का कातिलाना अंदाज देखकर फैंस उन पर अपना दिल हार गए हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपने हॉट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देखने के बाद आपका दिल धक-धक करने लग जाएगा. राशि खन्ना ने ब्लैक कलर का ऑफ शोल्डर बॉडीकॉन ड्रेस पहना है. लाइट मेकअप के साथ बालों को खुला छोड़ा है और कैमरे के सामने सेक्सी पोज देते दिखाई दे रही हैं. एक्ट्रेस की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वारल हो रही है। साथ ही उनके फैंस अपनी चहेती की हॉटनेस देख घायल हो गए हैं और तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। राशि खन्ना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें लाखों लोग फॉलो करते हैं।

# पेट में जलन को शांत करने के लिए करें इन 5 खाद्य पदार्थों का सेवन

बढ़ते तापमान के बीच लोगों को पेट में जलन महसूस होने लगती है, जिसके कारण उलटी भी आ सकती हैं। अपच और एलर्जी इस समस्या के मुख्य कारण हो सकते हैं।पेट में लगातार हो रही जलन को ठीक करने के लिए डॉक्टर के पास जाना चाहिए।हालांकि, आप इस परेशानी का घरेलू उपचार करने के लिए खान-पान में इस्तेमाल होने वाली कुछ चीजों का उपयोग भी कर सकते हैं। इसे शांत करने के लिए ये खाद्य-पदार्थ खाएं।

**केला**

जब आपको अचानक पेट में जलन महसूस हो तो केला खाने से आराम मिल सकता है। केले एंटासिड से भरपूर हैं, जो आपके पेट की जलन से लड़ सकते हैं।इन प्राकृतिक एंटासिड प्रधावों के कारण केले को पचाना भी आसान होता है। यह अपच और बदहजमी जैसे लक्षणों को दूर करने में भी मदद कर सकता है।रोजाना अपनी डाइट में एक केला शामिल करने से आपके पेट का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और जलन ठीक होगी।



**बेकिंग सोडा**

रसोई में इस्तेमाल होने वाला बेकिंग सोडा भी पेट की जलन को शांत करने का कारगर उपाय होता है। बेकिंग सोडा को पानी के साथ मिलाने से यह काउंटर एंटासिड की तरह काम कर सकता है।यह खाद्य-पदार्थ पेट की एसिडिटी को कम करके अपच को दूर करने में मदद करता है। बेकिंग सोडा एक एल्कलाइन पदार्थ है, जो पेट के एसिड को बेअसर करके पेट की जलन, सूजन और गैस से राहत प्रदान कर सकता है।

**च्युइंग गम**

जब आपको किसी ऐसी जगह पर पेट में जलन शुरू हो जाए, जहां खाने की चीजें मिलना मुश्किल हो तो आप च्युइंग गम चबा सकते हैं। च्युइंग गम चबाना आपके पेट की परेशानियों को दूर करने का एक असरदार तरीका है।इससे मुंह में लार का उत्पादन बढ़ता है, जिससे खाने की नली में भरा एसिड साफ होता है। हालांकि, पुदीने के स्वाद वाला च्युइंग गम न खाएं।यह आपकी जलन की समस्या में इजाफा ला सकता है।

**दूध**

सभी के घर में रोजाना चाय का सेवन होता ही है, जो गैस और जलन को बढ़ा सकता है। इसके बजाए जलन महसूस होने पर आप एक गिलास ठंडा दूध पीएं।इसमें उच्च मात्रा में कैल्शियम होता है, जो पेट में भरे एसिड को कम करता है। एसिड के कम हो जाने पर लिहाजा आपको अपच और अन्य पाचन संबंधी परेशानियों से छुटकारा मिल सकता है।आप पेट का स्वास्थ्य दुरुस्त करने के लिए फेर्मेंटेड पेय पी सकते हैं।

**सौंफ**

सौंफ एक एंटीस्पास्मोडिक जड़ी बूटी है, जो अपच को दूर करने के लिए जानी जाती है। साथ ही यह आपको पेट में होने वाली जलन से भी आराम दिला सकती है।रोजाना भोजन करने के बाद एक चम्मच सौंफ खाएं, जिससे पेट में जलन की परेशानी खत्म हो जाएगी। सौंफ पेट में ऐंठन जैसी अन्य गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याओं को भी शांत करने में मदद करेगी।आप डाइट में सौंफ का पानी शामिल करके भी पेट को स्वस्थ रख सकते हैं।


# पैर पर पैर रखकर बैठते हैं तो हो जाएं सावधान, बिगड़ सकती है सेहत, ये आदत कर सकती है परेशान

पैर पर पैर रखकर बैठना बहुत से लोगों की आदत होती है. ऐसा करना उन्हें कंफर्टेबल लगता है लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऐसा करना हानिकारक हो सकता है. एक पैर के ऊपर दूसरा पैर चढ़ाकर बैठने से पेल्विक एरिया में बोन एलाइनमेंट की समस्या हो सकती है. इससे ब्लड सकुर्लेशन भी प्रभावित हो सकता है. रिसर्च में पाया गया है कि क्रॉस लेग बैठने वालों में कई परेशानियां होती है. ऐसे में आइए जानते हैं क्रॉस लेग पोस्चर सेहत पर कैसे असर डालता है...

**पैर पर पैर रखकर बैठने के नुकसान**

**हाई ब्लड प्रेशर की प्रॉब्लम**

बीपी चेक करते समय दोनों पैरों को डॉक्टर जमीन पर रखने को कहते हैं. क्या आपने सोचा है कि ऐसा क्यों किया जाता है. दरअसल, जमीन पर दोनों पैर रखने से ब्लड फ्लो बेहतर रहता है. रिसर्च में पाया गया है कि पैर पर पैर रखकर बैठने से ब्लड प्रेशर टेम्परारी स्पाइक होने का जोखिम हो सकता है. ऐसा घुटनों से पैरों को क्रॉस करके बैठने से होता है।



**वैरिकोज वेन्स की परेशानी**

जब खून ब्लड वेन्स से गुजरते हुए हार्ट तक नहीं पहुंच पाते या पंपिंग होने के बावजूद ब्लड फ्लो में परेशानी होती है, तब वेन्स में ब्लड बैक फ्लो होने लगता है, इससे वैरिकोज वेन्स की समस्या हो सकती है. इसका असर शरीर के कई अंगों पर पड़ सकता है. ऐसा ब्लड क्लॉट की वजह से होता है. क्रॉस लेग करके बैठने से कई और समस्याएं हो सकती हैं।

**प्रेगनेंसी में समस्या**

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अगर प्रेगनेंट महिलाएं क्रॉस लेकर करके बैठती हैं तो इस पोस्चर से उन्हें परेशानी हो सकती है. दरअसल, इस दौर में महिलाओं के शरीर में कई बदलाव होते रहते हैं. इनमें मसल्स क्रैम्प, पीठ दर्द काफी आम है. जब महिला पैर पर पैर रखकर बैठती है तब मां के साथ ही बच्चे को भी नुकसान पहुंच सकता है. इससे लेग क्रैंप, जॉइंट पेन जैसी दिक्कतें आ सकती हैं।

# अजय की फिल्म मैदान की दैनिक कमाई में आया उछाल, बड़े मियां छोटे मियां का बुरा हाल

अमित शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म मैदान का खुमार चौथे सप्ताह में भी दर्शकों के सिर चढकर बोल रहा है।इस फिल्म में पहली बार अजय देवगन और प्रियामणि की जोड़ी बनी है। फिल्म की कहानी और तमाम सितारों की अदाकारी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है।वीकेंड पर मैदान ने बॉक्स ऑफिस पर लंबी छलांग लगाई। लाखों में सिमटी इस फिल्म की कमाई एक बार फिर करोड़ों में कारोबार कर रही है। अब मैदान की 25वें दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, चौथे रविवार को इस फिल्म ने 1.35 करोड़ रुपये का कारोबार किया,




जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 48.40 करोड़ रुपये हो गया है।मैदान की कहानी फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम पर आधारित है, जिनके मार्गदर्शन में भारतीय फुटबॉल टीम ने 1951 और 1962 के एशियाई खेलों में जीत हासिल की थी।

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का बॉक्स ऑफिस पर फिल्म मैदान के मुताबिक हाल-बेहाल है।फिल्म की कमाई लाखों में सिमटी हुई है।सैकनिल्क के मुताबिक, 25वें दिन यानी चौथे मंगलवार बड़े मियां छोटे मियां ने 70 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 63.75 करोड़ रुपये हो गया है।इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन, मानुषी छिल्लर, सोनाक्षी सिन्हा और अलाया एफ भी हैं।

# रेड क्रॉस सोसाइटी के जनक जिम हेनरी ड्यूनेंट के जन्म दिवस को प्रत्येक वर्ष 8 मई को रेड क्रॉस दिवस के रूप में मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद 1859 में इटली के सेल्फरिनो युद्ध में जिम हेनरी ड्यूनेंट ने घायलों को कराहते हुए देखा जिनके घाव पर मरहम पट्टी करने वाला भी कोई नहीं था, जिससे उनका मन घोर अवसाद और करुणा से भर गया और उन्होंने पीड़ितों और घायलों की सेवा करने के उद्देश्य से रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना की। पिछले 160 वर्षों से 220 देश में यह विश्व व्यापी संस्था संचालित है।

भारत के संदर्भ में प्रथम विश्व युद्ध के चलते भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना की गई जिसके द्वारा की गई निस्वार्थ सेवा एवं सराहनीय कार्यों को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस सोसाइटी से 1937 में इसे अनुमोदन प्राप्त हुआ। प्रारंभ में यह संस्था केवल युद्ध बंदियों और घायलों की सेवा के लिए ही कार्य करती थी लेकिन अब इसके कार्यों के विस्तार को बढ़ाते हुए यह असाध्य बीमारियों से पीड़ित रोगियों,निशक्तों एवं





जरूरतमंदों के लिए भी कार्य करती है। मानव सेवा के लिए रक्त कोष की स्थापना करना, रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित करना, एनीमिया और थैलेसीमिया के रोगियों के लिए रक्त की व्यवस्था करना दुर्घटनाग्रस्त लोगों तक रक्त पहुंचाना तथा प्राथमिक चिकित्सा के प्रशिक्षण एवं जागरूकता संबंधी कार्य भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा किए जाते हैं। आज 8 मई 2024 को एमएमजी अस्पताल गाजियाबाद में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर भवतोष शंखधार, सचिव डॉक्टर किरण गर्ग, सभापति सुभाष गुप्ता, डॉ राकेश कुमार (मुख्य चिकित्सा अधीक्षक)डॉ विनोद कुमार, नरेंद कुमार शर्मा, सदस्य रेडक्रॉस सोसायटी और उपाध्यक्ष अनिल गर्ग के संयुक्त प्रयासों से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर भवतोष शंखधार और डॉक्टर किरण गर्ग ने रेड क्रॉस सोसाइटी के जनक के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। रक्तदान करने वाले व्यक्तियों को अल्पाहार तथा रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए जिससे आगामी 6 माह तक यदि उन्हें रक्त की आवश्यकता होती है तो निशुल्क प्रदान किया जा सकेगा ।रेड क्रॉस की सदस्य पूनम शर्मा ने नवीन सदस्य मेजर डॉक्टर प्राची गर्ग व अन्य सदस्यों का परिचय सभी से कराया। डॉ प्राची गर्ग ने जिम हेनरी ड्यूनेंट एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के बारे में अपने विचार व्यक्त किये,इस अवसर पर रेड क्रॉस की सदस्यता प्राप्त करने वाले सदस्यों को प्रमाण पत्र एवं सम्मान प्रतीक भेंट किए गए। इस अवसर पर आजीवन सदस्य अलका, डॉ दिनेश बालिगा , एम सी गौड़, डी सी बंसल आदि मौजूद रहे।

# जीटीएम डायाग्नोस्टिक्स लैब का एक नया ब्लड कलेक्शन सेंटर का उद्धघाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** नगर के भोलापुरी रोड पर जीटीएम डायाग्नोस्टिक्स लैब का एक नया ब्लड कलेक्शन सेंटर का मशहूर कलाकार सिकंदर भारती ओर डॉ0 रोहित शर्मा ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

लैब संचालक तस्लीम मलिक ने बताया कि यहां ब्लड की सभी जांचों पर 50% तक की छूट दी जाएगी, जिससे लोग स्वस्थ सेवा प्राप्त कर सकें। इस मौके पर देहाती फिल्मों के सितारे अनिल राघव, जाकिर मलिक, इमामुद्दीन, रोनक, राकेश कुमार शर्मा, मुस्तकीम मलिक और अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे।




# जिला निर्वाचन अधिकारी नियमित रूप से कर रहे हैं फूल मंडी फेस-2 नोएडा में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर (मो. बिलाल)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 का 26 अप्रैल 2024 को मतदान संपन्न होने के उपरांत सभी पोल्ड ईवीएम मशीनों को फूल मंडी फेस-2 नोएडा में बनाए गए स्ट्रांग रूम में रखा गया है, जिसका जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा आज भी स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाया कि सीसीटीवी कंट्रोल रूम से भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप विशेष निगरानी रखी जा रही है और सीसीटीवी नियमित संचालित रहे इसके लिए पर्याप्त मात्रा में विद्युत आपूर्ति की जा रही है।जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान फूल मंडी फेस-2 नोएडा में तैनात सुरक्षा बलों से सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करते हुए पाया की सुरक्षा बलों के द्वारा पूरी मुस्तैदी के साथ स्ट्रांग रूम एवं फूल मंडी परिसर पर निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि गण एवं समस्त प्रत्याशी या उनके प्रतिनिधि भी फूल मंडी फेस-2 नोएडा पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा ले सकते हैं।निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# अक्षय तृतीया पर कौन सी राशि को मिलेगा विशेष लाभ : डॉ.सोनिका जैन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** हिंदू धर्म शास्त्रों में अक्षय तृतीया को बेहद खास माना गया है। अक्षय तृतीया का पर्व प्रत्येक वर्ष वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस हिसाब से इस वर्ष अक्षय तृतीया 10 में को मनाई जाएगी।

यह जानकारी ज्योतिष ज्ञानपीठ की चेयरपर्सन प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य दो सोनिका जैन ने दैनिक बुलंद संदेश को देते हुए बताया कि अक्षय तृतीया का प्रारंभ 10 मई की सुबह 4:17 से हो रहा है और समापन 11 मई को रात्रि 2:50 पर होगा। इस दिन पूजा का शुभ मुहूर्त प्रातः 5:33 से लेकर दोपहर 12:18 तक रहेगा। दो सोनिका जैन के मुताबिक इस दिन सुबह 5:33 से लेकर सुबह 10:37 तक सोने की खरीदारी करें। दो सोनिका जैन ने बताया कि वैसे तो अक्षय तृतीया पर्व पर सभी राशियों को लाभ होता है किंतु कुछ राशियों को विशेष लाभ होता है, जो निम्न प्रकार है।


डॉ सोनिका जैन

**मेष राशि**

अक्षय तृतीया पर गुरु-चंद्र की युति से बनने वाला गजकेसरी राजयोग मेष राशि के जातकों के लिए बहुत ही अनुकूल सिद्ध हो सकता है। यह राजयोग आपकी कुंडली के धन और वाणी भाव में बन रहा है। ऐसे में आपके ऊपर मां लक्ष्मी की विशेष कृपा रहेगी। अचानक से धन लाभ की प्राप्ति होगी। नौकरीपेशा जातकों के लिए आने वाला समय बहुत ही अच्छा साबित होगा। कार्यक्षेत्र में सफलताएं मिलेंगी। धन लाभ के सुनहरे और बेहतर मौके मिलेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार देखने को मिलेगा। आपके अंदर किसी काम को करने में अच्छा आत्मविश्वास रहेगा। अपनी वाणी और कौशल के बल लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब रहेंगे।

**सिंह राशि**

सिंह राशि के जातकों के लिए गजकेसरी राजयोग दशम भाव में बनेगा। ऐसे में यह राजयोग बहुत ही लाभदायक रहेगा। धन लाभ और तरक्की को योग बन रहे हैं। व्यापार में अपने काम-धंधे पर ज्यादा जोर रहेगा जिससे अच्छा मुनाफा मिलेगा। सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। जो लोग नौकरी की तलाश हैं उन्हे अच्छे अवसरों की प्राप्ति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा और कारोबार में विस्तार की अच्छी संभावना है।

**कर्क राशि**

कर्क राशि के जातकों के ऊपर गजकेसरी योग का विशेष प्रभाव पड़ेगा। आपके अच्छे दिन की शुरूआत हो सकती है। यह राजयोग आपकी कुंडली के नवम भाव में बनने जा रहा है। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। धन लाभ के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। करियर से जुड़े मामलों में विस्तार मिलेगा। शुभ समाचारों की प्राप्ति हो सकती है। दोस्तों और परिवार के सदस्यों का साथ मिलेगा। आपके ऊपर मां लक्ष्मी की विशेष कृपा पूरे साल बनी रहेगी।

## एचपीडीए ने अवैध प्लाटिंग की ध्वस्त,गोदाम किया सील,मचा हड़कंप

# एचपीडीए हापुड़ नगर क्षेत्र पर मेहरबान,पिलखुवा क्षेत्र में कार्यवाही

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/पिलखुवा।** हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा हापुड़ नगर क्षेत्र में अपना आशीर्वाद बनाये हुए है। और पिलखुवा विकास

**मई माह में अवैध निर्माण प्लाटिंग व निर्माण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा:वीसी**

क्षेत्र में कार्यवाही कर रहा है। बुधवार को प्राधिकरण ने पिलखुवा विकास क्षेत्र में छह प्रकरणों में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही व एक प्रकरण में सीलिंग की कार्यवाही की।

हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डा.नितिन गौड़. ने बताया कि पिलखुवा मोदीनगर रोड पर रविकांत द्वारा 3000 वर्ग मीटर,जीएस मेडिकल कालेज के सामने अमित सिंह,शिवकुमार द्वारा 2000 वर्ग मीटर,मुकीमपुर में सुनील कुमार द्वारा 4000 वर्ग मीटर,पवला रोड पर सीएचसी के सामने वासिफ अली,नदीम खान द्वारा 10000 वर्ग मीटर,जीएस मेडिकल के पीछे शिव कुमार द्वारा 4200 वर्ग मीटर में विकसित की जा रही अवैध प्लाटिंग व ग्राम डूहरी में एनएच 9 पर नवनीत गोयल द्वारा व्यावसायिक निर्माण का ध्वस्त करने के साथ-साथ परतापुर रोड पर अनवार अहमद द्वारा 20 वर्ग मीटर में अवैध निर्माण को सील करने की कार्यवाही की। इस अवसर पर प्रभारी प्रवर्तन भवान सिंह बिष्ट,अवर अभियंता सुभाष चंद चौबे,राकेश तोमर व प्राधिकरण का सचल दस्ता मौजूद रहा।

वीसी ने चेतावनी निर्माणकर्ताओ को चेतावनी देते हुए कहा कि वह अवैध निर्माण को तत्काल रोककर प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये। अन्यथा प्राधिकरण द्वारा ध्वस्तीकरण व सीलिंग की कार्यवाही करने के साथ-साथ निर्माणकर्ताओ व विकास कर्ताओ के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही भी अमल में लाई जायेगी।





# तेलंगाना में मोदी बोले-तीसरे फेज में कांग्रेस और INDI गठबंधन का तीसरा फ़्यूज उड़ गया

**करीमनगर ।** तेलंगाना के करीमनगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "कल देश में तीसरे चरण का चुनाव पूरा हो गया है। तीसरे फेज में कांग्रेस और INDI गठबंधन का तीसरा फ़्यूज उड़ गया है। अभी 4 चरण का चुनाव बाकी है। जनता के आशीर्वाद से भाजपा और NDA तेजी से विजय रथ को आगे ले जा रही है। यहां आपने भाजपा सांसद की जीत पहले ही सुनिश्चित कर दी है। कांग्रेस की हार यहां इतनी पक्की है कि बहुत मुश्किल से वो किसी को चुनाव लड़ने के लिए मना पाई। BRS का यहां कोई अता-पता ही नहीं है।



# जी.एस. मेडिकल कॉलेज में विश्व रेड क्रॉस डे का आयोजन, रक्त दान शिविर आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** जी.एस. मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल पिलखुवा में विश्व रेड क्रॉस डे का आयोजन किया गया, इस मौके पर मोहर सिंह, राहुल, सन्नी चौधरी व प्रतीक एम.बी.बी.एस. छात्र ने रक्त दान किया। अस्पताल प्रशासक शिव नन्द सिंह के ने वताया कि रक्त दान शिविर निरंतर कार्यरत रहता है, सिंह ने अस्पताल कें ब्लड़ बैंक का नंबर 7055514793 सार्वजनिक रूप से प्रदान कराया हुआ है, ओर यह सदेंस भी कि अगर कोई व्यक्ति किसी जरूरतमंद व्यक्ति की आपूर्ति के लिए अपना रक्त दान करना चाहत है तो वह इस नम्बर पर संपर्क करके अपना रक्त दान कर सकता है, यह अनुक्रम सचमुच एक जरूरतमंद लोगो को रक्त की निरंतर आपूर्ति सुनिष्चत करने के लिए मील का पत्थर साबित हुआ है, जिससे जी.एस. अस्पताल में ब्लड की आपूर्ति निरंतर बनी रहती है, इस आपूर्ति का फायदा आस-पास के अस्पतालों भी उठाते हैं, आस-पास के अस्पतालों में ब्लड की कमी होने पर जी.एस. अस्पताल उन सभी अस्पतालों को भी ब्लड़ की आपूर्ति कराता है। अस्पताल के उपनिदेशक मनोज शिसोदिया ने बताया कि रेड क्रॉस डे प्राकृतिक आपदाओं, सषस्त्र संघर्षो और अन्य संघर्षो से पिडित लोगों के लिए समर्पित है, जी.एस. अस्पताल हर क्षेत्र में कीर्तिमन स्थापित करता आ रहा है, जी.एस. अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्त की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित कराना व लोगो में लोगो के लिए रक्त दान की जागरूकता फैलाना व आस-पास के अस्पतालो को रक्त की आपूर्ति कराना भी एक नया कीर्तिमान है। हम सभी रक्त दाताओं का आभार व्यक्त करते है ओर आशा करते है कि हम सभी रक्त दान के महत्व को समझते हुए निरंतर रक्त दान की क्रिया में हिस्सा लेते रहेंगें, कार्यक्रम में डॉ सरनदीप विभाग प्रमुख पैथोलोजी, डॉ नमन उत्तरेजा, पवन चौधरी ऑपरेशन हैड, अस्पताल के मरीज देख-रेख प्रबंधक अभिनव सचान, मोहर सिंह, नितिन सिंह, रोहित सिंह व अन्य सहकर्मी भी उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर देव नन्दनी अस्पताल हापुड़ में 8 मई 24 को विश्व रेड क्रास दिवस के अवसर पर एक ब्लड़ फैमा का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ फीता काटकर सो.एम. ओ. सुनील त्यागी एवं देवनन्दनी की मैनेजिंग डायरेक्टर डा. विमलेश शर्मा उनके साथ देवनन्दनी चेयरमैन डा० श्याम कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर डा० सुनील त्यागी (मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा- विश्व रेड क्रास दिवस प्रतिवर्ष 8 मई को मनाया जाता है। यह दिवस रेड़ क्रास के संस्थापक और हान्ति के लिये पहले नोबल पुरुस्कार विजेता जीन देसरी हेनरी ड्यूनेट के जन्म दिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। डा० विमलेश ने बताया आज का दिन हमें निःस्वार्थ भाव से मानव जाति की सेवा में सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा देता है। हास्पिटल के चैयरमैन डा० श्याम कुमार के कहा यह दिन उन लोगो को समर्पित है। जो विभिन्न प्राकृतिक आपदाओ, युद्ध और अन्य संकरो से पीडित लोगो की सहायता करती है। इस अवसर पर आज देवनन्दनी अस्पतास हापुड़ मैं ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ हापुड़ जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकी सुनील त्यागी, , डा. विमलेश शर्मा डा० श्याम कुमार प्रोग्राम उपस्थित डा० सुनील कुमार त्यागी, राजेश सिंह, शुशील चौधरी,डा० श्यामकुमार,डा० विनलेश शर्मा,डा० गोविन्द सिहं,डा० नरेन्द्र मोहन सिंह, डा० अनुराग सिंहल,डा० शिव कुमार, हरिओम सिहं,डा० एस० पी० सिहं,डा० संजय राय,डा० परवेज,डा० फैजल, मुकेश पंडित,दुत्यन्त त्यागी,दीपक कुमार, मामचन्द शर्मा,कुसुम सिरोही, मोन्ही सिंह आदि मौजूद रहे।




## शुभारंभ | आपदा प्रबंधन में मजबूत वर्कफोर्स तैयार करेगा उत्तर प्रदेश

# मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने लखनऊ ट्रिपल आईटी में एमएससी इन डाटा साइंस विद स्पेशलाइजेशन इन क्लाइमेट डाटा एनालिटिक्स कोर्स का किया शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** प्रदेश में आपदा प्रबंधन के डाटा एनालिसिस को लेकर एक मजबूत वर्कफोर्स तैयार करने के लिए लखनऊ स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) में राहत आयुक्त कार्यालय के सहयोग से एमएससी इन डाटा साइंस विद स्पेशलाइजेशन

- **ट्रिपल आईटी द्वारा संचालित कोर्स में छात्र राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा स्थापित क्लाइमेट रेजिलिएंट ऑब्जर्वेटरी द्वारा प्रदान किए गए डाटा का करेंगे एनालिसिस**
- **ऑब्जर्वेटरी के माध्यम से प्रदेश भर से प्राप्त होने वाले क्लाइमेट से संबंधित डाटा का हो सकेगा एनालिसिस और भविष्यवाणी, आपदा प्रबंधन की चुनौती से निपटने में होगी मददगार**

इन क्लाइमेट डाटा एनालिटिक्स कोर्स की शुरूआत की गई है। मंगलवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने इसका शुभारंभ किया। यह कोर्स ट्रिपल आईटी द्वारा संचालित किया जाएगा, जिसमें छात्रों को डाटा एनालिसिस के लिए डाटा राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा कैंपस में निर्मित कराए गए क्लाइमेट रेजिलिएंट ऑब्जर्वेटरी (सीआरओ) द्वारा प्रदान किया जाएगा। मालूम हो कि इस ऑब्जर्वेटरी के माध्यम से प्रदेश में क्लाइमेट से संबंधित जो भिन्न-भिन्न प्रकार के डाटा प्राप्त किए जा रहे हैं, उनकी एनालिसिस तथा उसके आधार पर पूवार्नुमानित प्रतिक्रिया आपदा प्रबंधन के लिए राज्य सरकार को मदद प्रदान करेगी।

**एआई और मशीन लर्निंग की मदद से हो सकेगी प्रेडिक्शन**

ट्रिपल आईटी लखनऊ के प्रोफेसर दीपक कुमार ने बताया कि देश और दुनिया में बहुत कम लोग हैं जो क्लाइमेट डेटा को स्पेशिफिकली एनालिसिस करते हैं। इस कोर्स में छात्रों को सिखाया जाएगा कि क्लाइमेट डाटा पर कैसे काम करें और कैसे एआई और मशीन लर्निंग की मदद से प्रेडिक्शन करके लोगों को जागरूक करें। यह अपने तरीके का पहला कोर्स है, जिसमें छात्र रियल टाइम डाटा पर काम करेंगे। इसमें सीआरओ हमारे लिए मददगार होगा। वो हमें प्रदेश भर के क्लाइमेट से संबंधित डाटा को प्रदान करेगा, जिस पर छात्र काम करेंगे। साथ ही राहत आयुक्त कार्यालय छात्रों की स्कॉलरशिप और विभिन्न एजेंसियों को इंटर्नशिप में भी मदद करेगा। उन्होंने बताया कि डाटा मिलने के बाद इसको एनालिसिस करने के लिए हमें आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और मशीन लर्निंग लगानी पड़ेगी। इसके लिए भी सीआरओ के डेटा पर हमारे पीएचडी स्टूडेंट्स और एमएससी स्टूडेंट्स काम कर रहे हैं और डिफरेंट एआई के मॉडल्स बना रहे हैं, ताकि हम प्रेडिक्शंस कर पाएं। कोर्स का शुभारंभ करने के साथ ही मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने क्लाइमेट रेजिलिएंट ऑब्जर्वेटरी (सीआरओ) का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस ऑब्जर्वेटरी के माध्यम से प्रदेश में क्लाइमेट से संबंधित जो डाटा फील्ड से प्राप्त हो रहा है उसकी एनालिसिस तथा भविष्यवाणी आपदा प्रबंधन में मददगार होगी। उन्होंने कहा कि यह देश में पहली ऐसी क्लाइमेट रिजिलीअन्स ऑब्जर्वेटरी बनाई गई है। इसी प्रकार एमएससी इन डाटा साइंस विद स्पेशलाइजेशन इन क्लाइमेट डाटा एनालिटिक्स का कोर्स संभवतः देश में पहली बार शुरू किया गया है। इसके लिए मैथेमेटिक्स, स्टेटिस्टिक्स, कम्प्यूटर साइंस इत्यादि विषयों में बैचलर्स डिग्री हासिल किए गए छात्र लिए जाएंगे। इसकी प्रक्रिया ट्रिपल आईटी में मास्टर्स प्रोग्राम के लिए आयोजित प्रतियोगात्मक परीक्षा के माध्यम से की जा रही है। क्लाइमेट चेंज एक बहुत बड़ी चुनौती लेकर आया है, जिसका सीधा असर नागरिकों के जीवन पर पड़ रहा है। चाहे वह खेती हो, स्वास्थ्य हो, अन्य सुविधाएं हों, कुछ भी इससे अछूता नहीं है। बाढ़, सूखा, हीटवेव इत्यादि हमारे जीवन को सीधे प्रभावित करते हैं। इतने महत्वपूर्ण विषय पर बच्चों को प्रशिक्षित करके उन्हें इस विषय पर विशेषज्ञता हासिल कर इस बड़ी चुनौती से जूझने के लिए तैयार किया जाएगा।




**अधिक स्पेशिफिक होगी प्रेडिक्शन**

राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि प्रदेश में बेहतर आपदा प्रबंधन एवं सुदृढ़ पूर्व चेतावनीयंत्र को विकसित करने के लिए पहली बार लखनऊ में क्लाइमेट रेलीजिएंट ऑब्जर्वेटरी (सीआरओ) की स्थापना की गई है। इसके माध्यम से मौसम संबंधी सभी प्रकार के अलर्ट प्राप्त किए जा सकेंगे और संबंधित हितधारकों तक प्रसारित किए जाएंगे। इससे राज्य सरकार की आपदा प्रबंधन प्रणाली को एक नई दिशा मिलेगी। आपदा से पू र्अलर्ट कर नुकसान को न्यूनतम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सीआरओ को यूपी के सारे ब्लॉक्स से टेंपरेचर, ह्यूमिडिटी, बारिश समेत कई तरह का डेटा बल्क में मिल रहा है। इसे एनालिसिस कर कई चीजों को प्रेडिक्ट किया जा सकता है। इस प्रेडिक्शन के बेसिस पर एडवाइजरी जारी की जा सकेगी। उदाहरण के तौर पर जैसे कहीं बहुत ज्यादा बारिश या लू का अनुमान है हम एडवाइजरी जारी कर सकेंगे कि लोग इन जगहों पर न जाएं या प्रिकॉशल लेकर निकलें। आईएमडी भी वेदर से जुड़ी भविष्यवाणी करता है, लेकिन हमारी भविष्यवाणी ज्यादा स्पेशिफिक होगी।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267